

CHILD LINE 1098 NIGHT & DAY

चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन

वार्षिक रिपोर्ट २०१९–२०

बचपन के मस्ती भरे पलों का संचय

SAY NO TO
CHILD LABOUR
STOP CHILD LABOUR

प्रकाशन का विवरण:

वार्षिक रिपोर्ट २०१९–२०

अप्रैल २०१९ से लेकर मार्च २०२० तक की अवधि के लिए सूचित किए गए आँकड़े

द्वारा प्रकाशित

चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन

द्वारा संकलित, लिखित और संपादित

संचार और सामरिक पहल विभाग, चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन

द्वारा समर्थित प्रकाशन

महिला एवं बाल विकास मंत्रालय (एम.डब्ल्यू.सी.डी), भारत सरकार (जी ओ आई).

प्रकाशन की रचना/डिजाइन

कोकोनट ब्रांड सोलूशन्स

कोकोनट मीडिया बॉक्स एल.एल.पी. की एक इकाई

द्वारा मुद्रित

मेहरा इम्प्रेशंस

आभार:

चाइल्डलाइन वार्षिक रिपोर्ट २०१९–२० को संभव बनाने के लिए उन सभी व्यक्तियों की दृढ़ इच्छाशक्ति और कठोर परिश्रम को धन्यवाद है, जिन्होंने पर्दे के पीछे रह कर इसको सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इस प्रयास में योगदान देने वाले सभी लोगों को चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन धन्यवाद करना चाहता है। हम केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार और राज्य सरकार द्वारा प्रदत महत्वपूर्ण सहयोग को स्वीकार करते हैं, साथ ही साथ हमारे सहयोगी संगठनों, दान देने वाले दाताओं, स्वयं–सेवकों और समुदाय के प्रति हम अपना आभार प्रकट करते हैं। प्रधान कार्यालय, क्षेत्रीय संसाधन केंद्रों, संपर्क केंद्रों और ज़मीनी स्तर पर कार्यरत सभी चाइल्डलाइन कर्मचारियों को भी धन्यवाद है जिनके बिना हमारा यहाँ पहुँचना संभव नहीं हो पाता और अंत में, चाइल्डलाइन पर पूर्ण विश्वास करने और हमें सहयोग प्रदान करने देने के लिए देश भर के उन सभी बच्चों के प्रति भी हम अपना आभार व्यक्त करते हैं।

©चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन

बी–११०१, रतन सेंट्रल,

डॉ बाबा साहब अंबेडकर रोड, परेल (पूर्व),

मुंबई–४०००१२

दूरभाष : +९१–२२–६८२५ १०९८

आभार

चाइल्डलाइन वार्षिक रिपोर्ट २०१९–२० का निर्माण ऐसे असंख्य व्यक्तियों के अटल विश्वास और कड़े परिश्रम के कारण ही संभव हो पाया है जिन्होंने पृष्ठभूमि में रहकर एक अद्वितीय भूमिका निभाई है। चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन उन सभी का हार्दिक आभारी है जिन्होंने इस प्रयास में अपना योगदान दिया। हम महिला एवं बाल विकास केंद्रीय मंत्रालय, भारत सरकार एवं राज्य सरकारों से प्राप्त अपरिहार्य सहयोग के लिए उन्हें धन्यवाद देते हैं। हम हमारे साझेदार संगठनों, अनुदानकर्ताओं, वालंटियर तथा समुदाय के सम्पूर्ण नेटवर्क के प्रति अपनी कृतज्ञता व्यक्त करते हैं। हम मुख्य कार्यालय, क्षेत्रीय संसाधन केन्द्रों, संपर्क केन्द्रों एवं फ़ील्ड पर उपस्थित समस्त चाइल्डलाइन स्टाफ़ से कहना चाहेंगे कि आपके बिना हमारा अस्तित्व असंभव है।

अंत में, चाइल्डलाइन पर अपना अटूट विश्वास बनाये रखने वाले देश के कोने–कोने में मौजूद बच्चों के लिए हमारा यह संदेश है कि हम आपके ऋणी रहेंगे एवं हमारी ओर से आपको हमेशा सहयोग प्रदान किया जाएगा।

कदम १

बच्चे या संबंधित व्यक्ति द्वारा १०९८ पर कॉल करना

कदम २

बच्चे या संबंधित व्यक्ति द्वारा चाइल्डलाइन संपर्क केंद्र से जुड़ना

कदम ३

चाइल्डलाइन समूह द्वारा बच्चे की सहायता के लिए पहुँचना

कदम ४

बच्चों को पुनर्वास प्रदान किया जाना और निरंतर ध्यान देते रहना

चाइल्डलाइन एक राष्ट्रीय २४x७ निःशुल्क आपातकालीन फोन आउटरीच सेवा है जो जरूरतमंद बच्चों की देखभाल और सुरक्षा की जरूरत तथा उनको दीर्घकालिक पुनर्वास संबंधी मामलों से जोड़ता है।

चाइल्डलाइन सेवाओं का उपयोग करने के लिए कोई भी संबंधित वयस्क/बच्चा/बच्ची १०९८ पर रात और दिन किसी भी समय पर कॉल कर सकता/सकती है।

चाइल्डलाइन बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यू.एन.सी.आर.सी) के अनुसमर्थन में भारत द्वारा किया गया पहला राष्ट्रीय स्तर का प्रयास है।

चाइल्डलाइन १०९८ सेवा का विशेष उल्लेख किशोर न्याय अधिनियम (बच्चों की देखभाल और संरक्षण),२०१५ संबंधी मामलों में किया गया है (संदर्भ धारा (२) २५) जे.जे. २०१५)।

दृष्टिकोण

एक बाल-मैत्रीपूर्ण राष्ट्र जो सभी बच्चों के अधिकारों और संरक्षण को सुनिश्चित करता है।

लक्ष्य

चाइल्डलाइन प्रत्येक जरूरतमंद बच्चे तक पहुँच बनाएगी और फोर सीएस के माध्यम से उनके अधिकारों और सुरक्षा की जरूरत की सुनिश्चितता भी करेगी।

१) उत्प्रेरक

सक्रिय वकालत के माध्यम से व्यस्थित होना।

२) सहयोग

बच्चों और राज्य, सभ्य समाज, समष्टिगत और समुदाय के बीच एकीकृत प्रयासों के माध्यम से बाल-सुलभ सामाजिक व्यवस्था का निर्माण करना।

३) जोड़ना

प्रौद्योगिकी के माध्यम से अंतिम निष्कर्ष तक पहुँचना।

४) संवाद

बाल संरक्षण को सबके लिए प्राथमिक बनाना।

अनुक्रमणिका

उत्प्रेरित – १२

सहकार्य – ३६

जोड़ना – ७४

संवाद – ९५

वित्तीय विहंगावलोकन – १४६

हितधारक – २१५

हमारे कार्यकारी निदेशक की ओर से संदेश

प्रिय मित्रों और सहकर्मियों,

इस वार्षिक रिपोर्ट में हमें वित्त वर्ष २०१९–२०२० के दौरान चाइल्डलाइन द्वारा संचालित गतिविधियों, आयोजनों और किए गए विभिन्न पहलों की एक झलक मिलती है। ये आयोजन इस वर्ष के मूल विषय **''बचपन के बेफ़िक्र पलों को संजोये रखना''** को दर्शाते हैं ।

वर्ष २०१९–२०२० में चाइल्डलाइन ने ७२ लाख से भी ज़्यादा कॉल के जवाब दिए और आम लोगों के बीच ३.४ लाख मामलों में हस्तक्षेप किया । हमने चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह और हौसले के रूप में अपने फ़्लैगशिप आयोजनों का सफ़ल क्रियान्वयन देखा ।

इस वर्ष की प्रमुख पहलों में निष्ठा भी शामिल है जो एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण मॉड्यूल के माध्यम से स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए एक क्षमता–विकास कार्यक्रम है । हम चाइल्डलाइन टीम के सदस्यों, कार्यक्रम संयोजकों और शिक्षकों को धन्यवाद देना चाहेंगे जिनके योगदानों ने इस कार्यक्रम को सफ़ल बनाया ।

यह पहल यूनिसेफ द्वारा प्रायोजित और समर्थित है । हम अज़ीम प्रेमजी फिलैनथ्रोपिक इनिशिएटिव्स (एपीपीआई) के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहेंगे जिन्होंने प्रोग्राम फ़ॉर कांटेक्ट विद चिल्ड्रेन फ्रॉम रेलवे स्टेशन्स (पीसीसीआरएस) को अपना निरंतर सहयोग दिया जो कि अब ७ स्टेशनों में क्रियाशील है ।

हम केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, रेलवे मंत्रालय तथा उनके प्रशासनिक स्टाफ, आरपीएफ, जीआरपी, भारत सरकार तथा राज्य सरकारों की ओर से प्राप्त महत्वपूर्ण सहयोग को स्वीकार करते हैं । उनका प्रोत्साहन एवं प्रेरणा हमारे लिए अपरिहार्य बन गया है । मैं जिला अधिकारियों, समस्त विधिक निकायों, सीडब्ल्यूसी, दानकर्ताओं, स्वयंसेवियों एवं देश भर के समुदायों सहित हमारे साझेदार संगठनों के नेटवर्क एवं हितधारकों के प्रति अपना हार्दिक आभार व्यक्त करना चाहूंगा ।

हम मुख्य कार्यालय, क्षेत्रीय संसाधन केंद्रों व संपर्क केंद्रों के चाइल्डलाइन स्टाफ़ तथा महत्वपूर्ण कर्मियों को विशेष रूप से धन्यवाद देना चाहेंगे । आप लोगों के निरंतर सहयोग के बिना हमारे लिए इतनी सारी सफलताएं प्राप्त करना पूर्णतः असंभव था । साथ ही, हम उन सभी के अटल साहस तथा कठोर परिश्रम को सम्मानित करना चाहेंगे जिन्होंने पर्दे के पीछे रहकर काम करते हुए वार्षिक रिपोर्ट के इस संस्करण के उचित विकास को सुनिश्चित किया ।

अंत में, हम देश भर के उन सभी बच्चों एवं माता–पिताओं के प्रति अपना आभार तथा सहयोग देना चाहेंगे जो चाइल्डलाइन पर भरोसा करते हैं ।

डॉ. अंजैया पंडिरी पीएचडी

कार्यकारी निदेशक, सदस्य सचिव
चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन

चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन (सी.आई.एफ)

भारत में बाल संरक्षण एक प्रमुख चिंता का विषय है, विशेष रूप से समाज के कमजोर वर्गों से संबंधित बच्चों के संदर्भ में जो विभिन्न प्रकार के शोषण और उत्पीड़न की चपेट में हैं। बाल दुर्व्यवहार, बाल तस्करी, बाल श्रम, कन्या भ्रूण हत्या और शिशु हत्या, बाल विवाह, कुपोषण इत्यादि से संबन्धित विषय बच्चों को प्रभावित करने वाले प्रमुख मुद्दों में से एक हैं। ऐसे मुद्दे मुख्यतः छह वर्ष से कम उम्र तक के बच्चों, सड़कों पर रहने वाले एवं अनाथ बच्चों, शारीरिक रूप से विकलांग बच्चों, एच.आई.वी / एड्स या अन्य दीर्घकालिक बीमारियों से प्रभावित बच्चों, संघर्ष / समाज से बहिष्कृत और प्राकृतिक विपदा से विस्थापित बच्चों के मामलों में देखा जाता है। चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन (सी.आई.एफ) एक गैर–लाभकारी संगठन है, जो बाल–सुलभ राष्ट्र बनाने की दृष्टिकोण के साथ बच्चों के अधिकारों और सुरक्षा को भी सुनिश्चित करता है। यह केंद्रीय महिला और बाल विकास मंत्रालय की नोडल एजेंसी है, जो पूरे देश में १०९८ संपर्क सेवा की स्थापना करवाने, उसके प्रबंधन और निगरानी के लिए मूल संगठन के रूप में कार्य करता है। सी.आई.एफ की जिम्मेदारियों में सेवा वितरण और वित्त संबंधी मामलों की निगरानी, प्रशिक्षण, अनुसंधान और प्रलेखन, जागरूकता पैदा करना, वकालत, साथ ही सेवा के स्रोतों का निर्माण करना इत्यादि शामिल हैं।

चाइल्डलाइन

चाइल्डलाइन १०९८ सेवा, सी.आई.एफ. द्वारा विकसित और प्रबंधित सेवा है जो जरूरतमंद और निः सहाय बच्चों के देखभाल और संरक्षण के उद्देश्य की पूर्ति के लिए सरकारी विभागों और नागरिक समाज द्वारा संचालित प्रासंगिक और दीर्घकालिक सुरक्षा, संरक्षण और पुनर्वास कराने वाली संगठनों द्वारा चालित २४X७, नि: शुल्क आपातकालीन फोन आउटरीच सेवा है। इस सेवा में किसी भी बच्चे या वयस्क द्वारा १०९८ पर कॉल करने और १०९८ पर कॉल प्राप्त होने से एक घंटे के भीतर प्रशिक्षित टीम के द्वारा बच्चे तक पहुँचने और सहायता प्रदान करने का आश्वासन दिया जाता है।

चाइल्डलाइन बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र सम्मेलन (यू.एन.सी.आर.सी), के अनुसमर्थन में भारत द्वारा किया गया पहला राष्ट्रीय स्तर का प्रयास है। इसके अतिरिक्त, इसका विशेष उल्लेख किशोर न्याय (देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, २००० संबंधी मामलों में किया जाता है, जहाँ सरकार ने अनुरोध किया है कि स्थानीय स्तर पर राज्य एजेंसियों और स्थानीय एजेंसियों को एक साथ लाने और अधिनियम के कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए चाइल्डलाइन एक मुख्य स्रोत के रूप में कार्य करता है।

महिला और बाल विकास मंत्रालय (एम.डब्लू.सी.डी) २००६ में जब अस्तित्व में आया, तो इसने चाइल्डलाइन इंडिया फ़ाउंडेशन को भारत के सभी जिलों में चाइल्डलाइन मॉडल लागू करने के लिए नोडल एनजीओ के जन्मदाता के रूप में मान्यता प्रदान की गई है। बाल संरक्षण प्रक्रिया के क्रमानुसार कार्यान्वयन के ढाँचे के रूप को तैयार करने के लिए, चाइल्डलाइन ने राष्ट्रीय सामाजिक रक्षा संस्थान के साथ हाथ मिलाया और "बाल संरक्षण के लिए राष्ट्रीय पहल (एन.आइ.सी.पी.)' कार्यक्रम को विकसित किया। बाद में यह एम.डब्ल्यू.सी.डी द्वारा शुरू किए गए एकीकृत बाल संरक्षण योजना कार्यक्रम (आई.सी.पी.एस) का बुनियादी ढाँचा बन गया, जो चाइल्डलाइन सेवाओं के विस्तार के लिए निधि प्रदान करता है। मार्च २०१९ तक, चाइल्डलाइन अखिल भारतीय स्तर पर मौजूद है, जो ३५ राज्यों / केंद्र शासित प्रदेशों के ५०२ शहरों / जिलों में काम कर रही है, और प्रति वर्ष ८९,९८,००० से अधिक कॉलों का जवाब दे रही है।

उद्देश्य

- जरूरतमन्द और निःसहाय बच्चों के संरक्षण के लिए १०९८ पर आपातकालीन स्थिति का उत्तर देते हुए उन तक अपनी शारीरिक उपस्थिती दर्ज करना।
- दूरसंचार प्रौद्योगिकी को अपनाते और एकीकृत करते हुए, सभी जिलों को १०९८ की सेवा से जोड़ना और इसे देखभाल और संरक्षण की जरूरत वाले सभी बच्चों के लिए उपलब्ध कराना।
- संगठनों के बीच नेटवर्किंग का एक मंच प्रदान करते हुए बच्चों के पुनर्वास की सुविधा प्रदान कराने वाली सभी प्रणालियों को समर्थन प्रदान करना।
- चाइल्ड फ्रेंडली सिस्टम बनाने के लिए एलाइड सिस्टम्स (पुलिस, हेल्थकेयर, किशोर न्याय अधिनियम, परिवहन, कानूनी, शैक्षिक, संचार, मीडिया, राजनीतिक और सामुदायिक) तौर पर मिलकर काम करना।
- उन बच्चों की सेवाओं के लिए वकालत करना जो असुलभ, अस्तित्वीहीन या अपर्याप्त हैं।
- बच्चों के लिए राष्ट्रीय ढांचे और नीति के अंतर्गत कार्य कर रहे गैर सरकारी संगठनों और सरकारी संगठनों की एक निकाय बनाना।
- देश में एक नोडल बाल संरक्षण एजेंसी बनाना जो बच्चों को बाल संरक्षण सेवाएँ प्रदान करें।
- वैश्विक गतिविधियों को मजबूत बनाते हुए और उसमें भागीदारी द्वारा योगदान और कार्य करते हुए बाल संरक्षण से संबंधित मुद्दों का समाधान करना है और साथ में यह भी सुनिश्चित करना है कि बच्चों की आवाज सुनी गई है।

कार्यक्रम और गतिविधियाँ

- राष्ट्रीय टोल–फ्री नंबर १०९८ पर कॉल का उत्तर देना और जरूरतमंद बच्चों की देखभाल और सुरक्षा की जरूरत वाले बच्चों के लिए बचाव और आपातकालीन आउटरीच सेवाओं की सुविधा प्रदान करना।
- पुलिस, प्रशासन, श्रम, स्वास्थ्य, रेलवे और ऐसे अन्य प्रासंगिक स्थानीय विभागों की मदद से बचाव और अन्य आउटरीच सेवाओं के बीच समन्वय बिठाना।

• बच्चों की देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बाल कल्याण समिति (सी.डब्ल्यू.सी) के समक्ष उनको प्रस्तुत करना।

• बच्चों के दीर्घकालीन पुनर्वास में जहाँ भी आवश्यकता हो,बाल कल्याण समिति का समर्थन करना।

• गुमशुदा बच्चों की ट्रैकिंग के लिए राष्ट्रीय नेटवर्क का समर्थन करना।

• बाल संरक्षण से संबंधित राष्ट्रीय व्यापक डेटाबेस के संकलन के लिए बचाव और पुनर्वासित बच्चों से संबंधित आँकड़े को प्रदान करना।

• लोगों के बीच जागरूकता को पैदा करना और १०९८ हेल्पलाइन नंबर तक उनकी पहुंच को सुनिश्चित करना।

• बचाए गए बच्चों की तात्कालिक जरूरतों को पूरा करने के लिए अन्य बाल संरक्षण सेवाओं, समुदाय और स्थानीय निकायों के साथ संबंध स्थापित करना।

साझेदारी मॉडल

सी.आई.एफ का ऐसा मानना है कि चाइल्डलाइन को सफल और प्रभावी होने के लिए तथा भारत भर के लाखों बच्चों की जरूरतों तक पहुँचने और उनको पूरा करने में साझेदारी के ढाँचे में कार्य करना महत्वपूर्ण हो जाता है, जो इसे पूरा करता है:

• कोई हेल्पलाइन अलग रूप में काम नहीं कर सकती।

• सभी सेवा साझेदार पारस्परिक संबंध साझा करते हैं।

• साझेदारों की स्पष्ट और निश्चित भूमिकाएँ होती हैं जो मॉडल के प्रति संयुक्त स्वामित्व की भावना पैदा करती हैं।

• सभी साझेदार मॉडल के दृष्टिकोण, लक्ष्य और सफलता को साझा करते हैं।

इसलिए, चाइल्डलाइन महिला और बाल विकास मंत्रालय, दूरसंचार विभाग,राज्य सरकारों, स्वैच्छिक एजेंसियों, अकादमिक संस्थानों, व्यवसायिक और सामुदायिक क्षेत्रों और बच्चों के बीच एक अनूठी साझेदारी है। यह संकट और आपात स्थितियों में बच्चों के बीच महत्वपूर्ण कड़ी है और सेवाओं का एक अच्छे तरीके से जुड़ा हुआ नेटवर्क है जो पहले से ही जगह पर स्थिर होकर देखभाल और बच्चों की सुरक्षा की दिशा में कार्य कर रही है। यह संपर्क के एकल बिंदु के रूप में कार्य करता है जो समर्थन, सलाह, सक्रिय हस्तक्षेप और यहाँ तक कि अक्सर सहानुभूति देने के लिए तत्काल पहुँच की सुविधा भी प्रदान करता है।

परिचालन संरचना

चाइल्डलाइन संपर्क केंद्र (सी.सी.सी)

चाइल्डलाइन संपर्क केंद्र (सी.सी.सी) २४ घंटे की वॉयस रिस्पांस सुविधा है जो समकालीन बी.पी.एस (बिजनेस प्रोसेस सर्विसेज) तकनीक का उपयोग करती है। यहाँ पाँच स्थानों में छह केंद्रीकृत कॉल प्राप्त करने वाले केंद्र (मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और बेंगलुरु) हैं, और सभी चाइल्डलाइन शहर/जिले इससे जुड़े हुए हैं।

चाइल्डलाइन सलाहकार बोर्ड/जिला सलाहकार समिति

चाइल्डलाइन सलाहकार बोर्ड या जिला सलाहकार समिति बच्चों की प्रमुखनीति-निर्माण संस्था है। शहरी और जिला स्तर पर क्रमशः जिलाधिकारी और कलेक्टर की अध्यक्षता में, सरकारी अधिकारियों, गैर सरकारी संगठनों, कॉर्पोरेट, संबंधित व्यक्तियों द्वारा चाइल्डलाइन के प्रदर्शन की समीक्षा की जाती है, नए निर्देश निर्धारित किए जाते हैं, सेवा को और बेहतर बनाने के लिए रणनीति की सिफारिश की जाती है, और प्रशिक्षण और वकालत के लिए मुख्यधारा की ओर मुड़ता है।

नोडल संगठन

नोडल संगठन आमतौर पर शैक्षणिक संस्थान या गैर सरकारी संगठन होते हैं जो शहरी सेवा की संरचना को सहायता और सुविधा प्रदान करते हैं। ये १०९८ सेवा प्रदाताओं के बीच समन्वय करते हैं और यह सेवा की गड़बड़ियों को दूर करना सुनिश्चित करते हैं। इन पर स्थानीय सहयोगी प्रणाली के सदस्यों के साथ नेटवर्किंग करने और प्रशिक्षण देने, समन्वय करने और कैब की बैठकों को कॉल करने की ज़िम्मेदारी होती है।

कोलैब संगठन

सहयोगी संगठन या कोलैब साझेदार चाइल्डलाइन के लिए हस्तक्षेप इकाइयों के रूप में कार्य करते हैं। जब एक बार सी.सी. सी १०९८ पर प्राप्त कॉल का जवाब देता है और यदि ऐसा लगता है कि इस मामले में आपातकालीन हस्तक्षेप की आवश्यकता है, तो इस मामले एक कोलैब पार्टनर को स्थानांतरित कर दिया जाता है, जो आवश्यक हस्तक्षेप करने के लिए स्थानीय कर्मचारियों को उस स्थान पर भेजता है। कोलैब साझेदार आउटरीच तक पहुँच बनाते हैं और जागरूकता का निर्माण भी करते हैं।

सहयोगी संगठन और उप केंद्र

सहयोगी संगठन और उप केंद्र आमतौर पर शहर के उपनगरों में या ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित होते हैं, और कोलैब पार्टनर्स के काम के पूरक होते हैं। कोलैब पार्टनर्स के मामलों को संगठनों/उप केन्द्रों को जमीनी स्तर की कार्रवाई करने के लिए सहायता के रूप में भेजा जाता है। ये आमतौर पर जमीनी स्तर पर पर्याप्त समुदाय आउटरीच वाले संगठन होते हैं।

संसाधन संगठन

संसाधन संगठन परामर्श, आश्रय, कानूनी सलाह, प्रायोजन, गोद लेने आदि जैसी विशेष सेवाएँ प्रदान करते हैं और चाइल्डलाइन द्वारा संदर्भित बच्चों के लिए अपनी सेवाओं का विस्तार करते हैं।

उत्प्रेरक

सक्रिय वकालत के माध्यम से सिस्टम में
बाल–अनुकूल परिवर्तन को उत्प्रेरित करना



बाल अधिकारों और संरक्षण की वकालत

बाल अधिकारों और संरक्षण पर वकालत हमारे चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन के बाल अनुकूल भारत के दृष्टिकोण की दिशा में किए जा रहे प्रयासों के मुख्य स्तंभों में से एक है। हमारे वकालती प्रयासों का देश भर के प्रत्येक जिले/राज्य में चाइल्डलाइन के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। हमारे वकालती प्रयासों का बल एकीकृत बाल सुरक्षा योजना के कार्यान्वयन को सुगम बनाने पर रहा है, बाल संरक्षण के लिए सजग विभिन्न कानूनों जैसे यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, २०१२, किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम, २०१५, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, २००६, बाल श्रम (निषेध एवं विनियमन) अधिनियम, १९८६ पर हितधारकों के बीच जागरूकता पैदा करना रहा है। वकालती और नेटवर्किंग पहल का स्थानीय ग्राम पंचायत के साथ निकायों, राज्य और केंद्र सरकार के स्तर पर अधिकारियों को संलग्न कर सभी स्तरों पर इसका अभ्यास किया जा रहा है। चूँकि, पूरे बोर्ड में हितधारकों से मान्यता मिलने के बाद चाइल्ड हेल्पलाइन सेवाओं को आसानी से लागू करने और अपनाने की अनुमति प्रदान करती है।

उत्तर

हरियाणा

अंबाला रेलवे, चाइल्डलाइन

चाइल्डलाइन टीम ने बच्चों की अत्यंत देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए रेलवे कर्मचारियों के लिए "मानक परिचालन प्रक्रिया' पर एक उन्मुखीकरण पहल का आयोजन किया। इस पहल में जी.आर.पी, आर.पी.एफ, बाल कल्याण समिति के जवानों सहित कुल २५ लोगों ने भाग लिया।

बच्चों की देखभाल और सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु रेलवे के लिए एस.ओ.पी (मानक परिचालन प्रक्रिया)

पंजाब

मोहाली

चाइल्डलाइन के पदाधिकारियों के लिए मोहाली स्थित राष्ट्रीय जन सहयोग और बाल विकास क्षेत्रीय केंद्र द्वारा २७ से २९ नवंबर तक किशोर न्याय अधिनियम, २०१५ पर ओरिएंटेशन प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। इसमें जम्मू–कश्मीर, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, हिमाचल प्रदेश से संबंधित ३९ चाइल्डलाइन पदाधिकारियों ने भाग लिया।

उन्मुखीकरण के निम्नलिखित प्रमुख उद्देश्य थे:

- किशोर न्याय अधिनियम, २०१५ और नियमों, २०१६ के प्रावधानों पर चाइल्डलाइन कार्यकर्ताओं को उन्मुख करना।
- देखभाल और सुरक्षा की आवश्यकता वाले जरूरतमंद बच्चों की देखभाल, सुरक्षा, पुनर्वास और उनके सुदृढीकरण से संबंधित मुद्दों और चुनौतियों पर चर्चा करना।
- किशोर न्याय अधिनियम, २०१५ के सर्वोत्तम कार्यान्वयन के लिए जिला स्तर पर विभिन्न एजेंसियों के साथ हम कैसे समन्वय कर सकते हैं, इस पर चर्चा करना।
- किशोर न्याय अधिनियम, २०१५ के प्रभावी कार्यान्वयन के लिए कुछ रणनीतियाँ विकसित करना।

दिल्ली

चाइल्डलाइन का उद्देश्य हितधारकों को प्रभावित करना है जिससे बच्चों के लिए एक अधिक मजबूत सुरक्षा कवच बनाया जा सके, और बाल मुद्दों को नीति निर्माताओं और सरकारी अधिकारियों के सामने प्रमुखता से लाया जा सके तथा आवश्यक परिवर्तनों और प्रमुख हितधारकों को शामिल करने का प्रस्ताव भी दिया जा सके। दिल्ली की चाइल्डलाइन समूह ने २०१९–२०२० में इस वकालत की पहल की:–

- दिल्ली के स्कूल में चाइल्डलाइन १०९८ की जागरूकता के संदर्भ में राष्ट्रीय महिला आयोग की सचिव, निदेशक एवं अतिरिक्त निदेशक शिक्षा विभाग, एन.सी.टी सरकार के साथ बैठक हुई। यह भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा जारी अधिसूचना सी.डब्ल्यू–१–११/६/२०१९–सी.डब्ल्यू–आई. पार्ट (२) (ई–७६७५३२) २४ सितंबर, २०१९, और लिखित याचिका (क्रिमिनल) नंबर १/२०१९ माननीय सुप्रीम कोर्ट द्वारा लिए गए संज्ञान के संदर्भ में है। इसके परिणाम के रूप में, दिल्ली के

लगभग सभी स्कूलों में साइनबोर्ड लगा दिए गए।

• सचिव, निदेशक और अतिरिक्त निदेशक– शिक्षा विभाग, एन.सी.टी दिल्ली सरकार की वेबसाइटों और स्कूली वाहनों पर चाइल्डलाइन १०९८ सेवाओं की दृश्यता के लिए परिपत्र जारी करने और शिक्षा का अधिकार अधिनियम, २००९ के तहत स्कूल प्रबंधन समिति (एस.एम.सी) में सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में जिला चाइल्डलाइन की नियुक्ति/नामांकन के संबंध में राष्ट्रीय प्रदेश सरकार के सचिव, निदेशक एवं अतिरिक्त निदेशक, शिक्षा विभाग के साथ बैठक।

• बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए, एन.सी.टी. दिल्ली सरकार के साथ दिल्ली आयोग की निम्नलिखित संदर्भों में नियमित बैठकें हुई :

– दिल्ली राज्य में चाइल्डलाइन राज्य सलाहकार बोर्ड (एस.एबी) का गठन।

– जे.जे सिस्टम एंड चाइल्ड प्रोटेक्शन सर्विसेज के तहत राज्यों और जिलों की विभिन्न समितियों में चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन (सी.आई.एफ) और जिला चाइल्डलाइन की नियुक्ति/नामांकन।

– राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली में बाल अधिकार संरक्षण के लिए दिल्ली आयोग की वेबसाइट पर चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन का वेब लिंक प्रदर्शित करना।

– दिल्ली में चाइल्डलाइन १०९८ के निरंतर प्रचार के संबंध में।

दिल्ली राज्य आयोग के साथ बाल अधिकारों के संरक्षण के लिए, दिल्ली की एन.सी.टी क्षेत्र, दिल्ली सरकार की नियमित बैठकों के निम्नलिखित निष्कर्ष निकाले गए थे–:

• डी.सी.पी.सी.आर ने राज्य सलाहकार बोर्ड के गठन के लिए निदेशक–डी.डब्ल्यू.सी.डी को एक परिपत्र जारी किया।

• डी.सी.पी.सी.आर ने संभागीय आयुक्त (राजस्व) के कार्यालय को एक परिपत्र जारी किया और उसके बाद, राज्य संचालन समिति में विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में सी.आई.एफ की नियुक्ति का उल्लेख करते हुए एक पत्र जारी किया गया।

• चाइल्डलाइन संकेत चिन्ह को बाल अधिकार संरक्षण आयोग राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार की आधिकारिक वेबसाइट पर शामिल किया गया है।

• डी.सी.पी.सी.आर ने दिल्ली सरकार के शिक्षा विभाग और दिल्ली नगर निगम स्कूलों को एक परिपत्र जारी किया।

• डी.सी.पी.सी.आर ने संबंधित सरकारी अधिकारियों को एक पत्र जारी कर दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन और प्रमुख स्थानों पर चाइल्डलाइन की दृश्यता बढ़ाने का अनुरोध किया।

• डी.सी.पी.सी.आर ने राष्ट्रीय बाल भवन (जो मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन है) को भी पत्र लिखा, जिसके परिणाम स्वरूप राष्ट्रीय बाल भवन एन.बी.बी–दिल्ली ने अपने परिसर में चाइल्डलाइन होर्डिंग को लगाने पर अपनी सहमती प्रदान की।

• दिल्ली के आई एस.बी.टी कश्मीरी गेट पर घोषणा होनी शुरू हो गई हैं।

• डी.टी.सी बसों, दिल्ली मेट्रो रेल कारपोरेशन, स्कूलों, निजी कैब, सार्वजनिक स्थानों में १०९८ हेल्पलाइन नंबर के प्रदर्शन सुनिश्चित किया गया।

• उत्तरी रेलवे के अंतर्गत दिल्ली डिवीजन के डी.सी.एम.डी.आर.एम, ए.डी.आर.एम (एडमिन) के साथ बैठकें की गई जिसके अंतर्गत–

– दिल्ली मंडल में सी.एच.जी की बैठक में नियमितीकरण पर ज़ोर दिया गया।

– १०९८ की जागरूकता गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गई।

– रेलवे के साथ सी.एन.सी.पी के लिए स्टेशन फंड का उपयोग के बारे में बताया गया।

– १०९८ की घोषणा की गई।

– रेलवे स्टेशन और प्लेटफार्म पर स्थापित इलेक्ट्रॉनिक स्क्रॉलिंग मशीनों पर १०९८ का प्रदर्शन को सुनिश्चित किया गया।

– बच्चों की काउंसलिंग और उनके आश्रय से संबन्धित मुद्दों के लिए सी.एच.डी को अतिरिक्त कक्ष उपलब्ध कराया जाएगा।

गुरुग्राम की बैठक

७ जनवरी, २०२० को चाइल्डलाइन के गुरुग्राम कार्यालय में बैठक बुलाई गई थी, जिसमें श्री रूप सुदेश विमल, हेमा खत्री, फिजा सगीर, हीनू सिंह, शैजू वर्गीज, समीक्षा रापेरिया और राकेश यादव मौजूद थे। इस बैठक के दौरान कुछ मुद्दों और विषयों पर चर्चा की गई जिनमें त्वरित हस्तक्षेप की आवश्यकता थी: –

• चाइल्डलाइन के कर्मचारियों के लिए तनाव में कमी और क्षमता निर्माण पर बल देने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन किया गया था।

• त्रैमासिक बैठकों का आयोजन किया गया जिसमें आयोग के साथ विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इससे यह भी सुनिश्चित किया गया कि दिशा–निर्देशों के अनुसार उचित रूप से दर्ज किसी भी मामलों में विलम्ब से बचते हुए इनका उत्तर दिया जाए, जिससे कि बच्चों के सर्वोत्तम हित की रक्षा की जा सके।

• मानव संसाधन की व्यवस्था और उसकी आवश्यकता पर चर्चा की गई जो शुरूआत के प्रारम्भिक छह महीनों में सिर्फ डेटा विश्लेषण और रिपोर्ट लिखने में सहायता प्रदान करेगा।

• इससे बाद में रिपोर्टों की समीक्षा करने में मदद मिलेगी क्योंकि चाइल्डलाइन के पास कई वर्षों के विस्तृत आँकड़े हैं।

• सभी बाल कल्याण समितियों द्वारा चाइल्डलाइन को प्रदान किए जाने वाले प्रत्येक मामले का अनुवर्ती और बहाली सहायता का विवरण रखा जाए।

• जिलाधिकारी, अस्पताल तथा सरकारी परिसरों में अधिक होर्डिंग्स लगाए जाएँ और मेट्रो, आई.एस.बी.टी, आनंद विहार चाइल्डलाइन के बारे में दृश्यता बढ़ाने के लिए घोषणाएँ की जाएँ।

उत्तर प्रदेश

बहराइच

२८ सितंबर, २०१९ को संगठनों और भारत तथा नेपाल के पुलिस के सहयोग से बहराइच जिले के रूपडीहा सीमा पर मानव तस्करी से निपटने के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया था। इस बैठक से दोनों देशों के पुलिस कर्मियों के बीच बेहतर समन्वय बनाने में मदद मिली।

उत्तर प्रदेश के बहराइच के रुपदीहा सीमा पर मानव तस्करी से निपटने के लिए की गई बैठक

झांसी

झांसी जिले के बी.आर.सी मौरानीपुर ब्लॉक में १३ अगस्त, २०१९ को चाइल्डलाइन टीम द्वारा शिक्षकों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें प्रखंड के सभी स्कूलों के प्रधानाचार्यों ने भाग लिया। इस बैठक में बच्चों से संबंधित समस्याओं व मामलों पर चर्चा की गई और बाल हेल्पलाइन नंबर १०९८ के बारे में जानकारी दी गई। प्रधानाचार्यों ने अपने स्कूलों में शिकायत पेटी लगाने का सुझाव दिया ताकि बच्चे बिना किसी डर के अपनी लिखित शिकायत और मुद्दों को बॉक्स में डाल सकें। सभी प्रधानाचार्यों ने अपने–अपने स्कूलों में शिकायत पेटियाँ लगाने पर सहमति जताई।

रामपुर

यूपी के रामपुर में बाल संरक्षण को लेकर जिला पंचायत अध्यक्ष सी.एम.ओ व सी.डी.ओ के साथ चाइल्डलाइन रामपुर की गई बैठक।

उ.प्र. के रामपुर में बाल संरक्षण को लेकर जिला बाल संरक्षण समिति की जिला पंचायत अध्यक्ष सी.एम.ओ व सी.डी.ओ के साथ रामपुर में की गई बैठक।

यूपी के मुरादाबाद में जिला बाल संरक्षण समिति की बैठक।

पूर्व

मणिपुर

सी.आइ.एफ प्रतिनिधियों की यात्रा के दौरान एक चाइल्डलाइन निदेशकों की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में सभी चाइल्डलाइन निदेशक शामिल हुए और अपने–अपने जिलों में चाइल्डलाइन की चल रही गतिविधियों को साझा किया। इस बैठक के दौरान यह योजना बनाई गई कि जल्द ही चाइल्डलाइन निदेशक प्रमुख सचिव एस.डब्ल्यू.डी, मणिपुर सरकार से मुलाकात करेंगे।

सी.आई.एफ प्रतिनिधियोंके साथ चाइल्डलाइन निदेशकों की बैठक

नागालैंड

हितधारकों के साथ देखभाल और सुरक्षा की जरूरत वाले बच्चों के लिए सहयोगात्मक विचार–विमर्श

- नागालैंड की चाइल्डलाइन ने पुलिस की पाठशाला के सहयोग से पुलिस विभाग के साथ एक बैठक का आयोजन किया जहाँ विभाग ने चाइल्डलाइन की अवधारणा पर मिलकर काम करने की इच्छा जताई।
- मई २०१९ के महीने में, नागालैंड राज्य कानूनी सेवा प्राधिकरण ने "बाल संरक्षण": पर कानूनी जागरूकता कार्यक्रम के लिए निमंत्रण पर एक कार्यशाला का आयोजन किया।
- चाइल्डलाइन के साथ समन्वय में सामूहिक कार्रवाई करने की दिशा में सी.आई.एफ प्रतिनिधि को उस कार्यशाला में एक संसाधन के स्रोत के रूप में भाग लेने के लिए बुलाया गया था।
- गृह विभाग ने एन.एस.एल.एस.ए द्वारा प्रकाशित आई.ई.सी सामग्रियों में चाइल्डलाइन के संकेत चिन्ह और संदेश को भी शामिल किया।

मेघालय

अपनी भेंट के दौरान सी.आई.एफ प्रतिनिधियों ने एस.सी.पी.सी.आर (राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग), गृह, मेघालय के राज्यपाल, समाज कल्याण विभाग के साथ मुलाकात की और उन्हें मेघालय में चाइल्डलाइन सेवाओं के बारे में जानकारी दी। इस दौरे के बाद गृह विभाग की ओर से चाइल्डलाइन को समर्थन देने के लिए परिपत्र जारी किया गया था। इसके अतिरिक्त कोमल फिल्म में, चाइल्डलाइन के संकेत चिन्ह और संदेश को समाज कल्याण विभाग की वेबसाइट पर भी शामिल किया गया।

त्रिपुरा

राज्य स्तरीय चाइल्डलाइन सलाहकार बोर्ड के गठन के संबंध में त्रिपुरा की सामाजिक कल्याण और सामाजिक शिक्षा सरकार के निदेशक के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया।

त्रिपुरा के सेपाहिजला जिले में चाइल्ड फ्रेंडली पुलिस स्टेशन की शुरुआत:

त्रिपुरा पुलिस के समन्वय से इसके पहले चाइल्ड फ्रेंडली पुलिस कॉर्नर को स्थापित किया जा सका। इसके उद्घाटन में सी.आई.एफ प्रतिनिधि के साथ चेयरपर्सन टी.एस.सी.पी.सी.आर, डी.सी.पी.ओ सेपाहिजला, स्थानीय विधायक व पुलिस कर्मी भी मौजूद थे

पश्चिम त्रिपुरा और बेलोनिया में चाइल्ड फ्रेंडली पुलिस जैकेट का वितरण:

पॉक्सो अधिनियम, २०१२, अध्याय ६, धारा २४ (२) में यह लिखा है कि बच्चे का बयान दर्ज करते समय पुलिस अधिकारी वर्दी में नहीं होने चाहिए। इसके अलावा जे.जे एक्ट मॉडल, नियम १६, के खंड ९ के उप खंड त में साफ तौर पर कहा गया है कि बाल कल्याण अधिकारी को सादे कपड़ों में होना चाहिए।

चाइल्डलाइन पश्चिम त्रिपुरा और बेलोनिया टीम ने सी.आई.एफ, समाज कल्याण और सामाजिक शिक्षा त्रिपुरा सरकार, जिला प्रशासन और पुलिस कर्मियों के समन्वय से एक कार्यक्रम आयोजन किया गया था जहाँ पुलिस कर्मियों के लिए बाल मित्र जैकेट (चाइल्ड फ्रेंडली जैकेट) प्रदान किए गए थे।

टी.एस.सी.पी.सी.आर के चेयरपर्सन और स्थानीय विधायक
के साथ समाज कल्याण और सामाजिक
शिक्षा मंत्रालय द्वारा चाइल्ड फ्रेंडली जैकेट का उद्घाटन।

सुश्री प्रतीमा भौमिक, माननीय संसद सदस्य, त्रिपुरा, सुश्री संताना चाम्मा, माननीय मंत्री, समाज कल्याण और सामाजिक शिक्षा, त्रिपुरा सरकार, सुश्री नीलिमा घोष,अध्यक्ष टी.एस.सी.पी.सी.आर, जिला प्रशासन व सी.आई.एफ प्रतिनिधि उपस्थित थे।

असम

राज्य स्तरीय चाइल्डलाइन सलाहकार बोर्ड के गठन के संबंध में असम सरकार के सामाजिक कल्याण और सामाजिक शिक्षा निदेशक के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। इसके बाद, आर.आर.सी.एच द्वारा विभाग को एक पत्र भेजा गया और राज्य स्तरीय चाइल्डलाइन एडवाइजरी बोर्ड का गठन किया गया। इसके बाद ए.एस.सी.पी.सी.आर के अध्यक्ष के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। उनसे आयोग द्वारा प्रकाशित वार्षिक रिपोर्ट में चाइल्डलाइन लोगो (प्रतीक चिन्ह) और केस स्टडी को शामिल करने का अनुरोध किया गया था। वह इस प्रस्ताव के लिए सहमत हो गई और इसलिए इस मामले को इसमें शामिल कर लिया गया है। बाद में, चाइल्डलाइन का लोगो और दो केस स्टडीज को भी वार्षिक रिपोर्ट में शामिल कर लिया गया।

पश्चिम

महाराष्ट्र

मुंबई

मुंबई की चाइल्डलाइन टीम ने निम्नलिखित कार्यक्रमों में भाग लिया:–

ठाणे की चाइल्डलाइन टीम ने स्थानीय पुलिस स्टेशनों द्वारा असहयोग के मुद्दे पर चर्चा करने के लिए ठाणे पुलिस अधीक्षक के कार्यालय का दौरा किया।

चाइल्डलाइन ने नवी मुंबई में महाराष्ट्र पुलिस के साथ बाल अधिकार सप्ताह के शुभारंभ कार्यक्रम में भाग लिया। सी.आर.पी.सी के ३० साल पूरे होने पर चाइल्डलाइन टीम ने डीजी ऑफिस मुंबई में ४,८३,०२९ छात्रों और ७५९७ शिक्षण और शिक्षणेत्तर अधिकारियों के साथ बैठक में भाग लिया।

चाइल्डलाइन की टीम ने सी.एस.ए और पॉक्सो एक्ट के संबंध में महाराष्ट्र के ७वें निष्ठा बैच के लिए एक प्रशिक्षण अभियान चलाया, जिसमें महाराष्ट्र भर में कुल १५७६ शिक्षकों को २७ सत्रों में प्रशिक्षित किया गया।

चाइल्डलाइन की टीम ने गुजरात और म.प्र के लगभग ५०० शिक्षकों को ४ बैचों में लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम, २०१२ पर प्रशिक्षण दिया।

चाइल्डलाइन टीम के समन्वयकों ने गढ़चिरौली, नासिक, चंद्रपुर, मुंबई, परभणी, नागपुर, सोलापुर और कोल्हापुर में जिला स्तर पर निष्ठा प्रशिक्षण का आयोजन किया।

यूनिसेफ और महाराष्ट्र पुलिस द्वारा साझेदारी में बच्चों के खिलाफ हिंसा को समाप्त करने वाले चलाए जा रहे अभियान में चाइल्डलाइन की टीम ने भाग लिया।

चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन (सी.आई.एफ) के प्रतिनिधियों ने मॉड्यूल प्रशिक्षण में बहुमूल्य विषयों पर जानकारी प्रदान की।

डी.डब्ल्यू.सी.डी मुंबई ने वार्ड स्तरीय बाल संरक्षण समितियों की स्थापना में सहयोगियों की भूमिका पर एक कार्यशाला का आयोजन किया जिसमें चाइल्डलाइन टीम ने भाग लिया।

मध्य प्रदेश

छिंदवाड़ा

छिंदवाड़ा में आई.सी.पी.एस योजना पर
महिला एवं संबद्ध प्रणाली के साथ की गई बैठक।

चाइल्डलाइन मंडला ने कलेक्टर कार्यालय द्वारा बुलाई गई बैठक में भाग लिया।

दक्षिण

आंध्र प्रदेश

चाइल्डलाइन–यनम(पुडुचेरी) टीम की पुडुचेरी के उपराज्यपाल–डॉ किरण बेदी के साथ बातचीत

पुडुचेरी की उपराज्यपाल डॉ किरण बेदी, श्री सुंदरासैन, राहुल अलवाल और श्री शिवराजमीणा ने ६ फरवरी, २०२० को चाइल्डलाइन यनम का दौरा किया था। मासिक कॉल के आँकड़ों, बच्चों के मुद्दों और चाइल्डलाइन के सामने आने वाली कठिनाइयों के बारे में पूछताछ करने के बाद, माननीय उपराज्यपाल ने चाइल्डलाइन जागरूकता कार्यक्रम के लिए उन्हें अपना पूर्ण सहयोग प्रदान करने का वादा किया।

श्रीमती के. दमयंती, आई.ए.एस, मुख्य सचिव, महिला विकास और बाल कल्याण विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार ने सितंबर २०१९ और फरवरी २०२० में चाइल्डलाइन टीम के साथ उनके कार्यों की समीक्षा की। श्रीमती कृतिका शुक्ला, आई.ए.एस, निदेशक, महिला विकास एवं बाल कल्याण विभाग, डॉ अंजय्या पांडिरी, चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन की कार्यकारी निदेशक, श्री प्रसाद मूर्ति, किशोर कल्याण एवं सुधारक सेवा विभाग के संयुक्त निदेशक इन बैठकों के हिस्सेदार रहें।

किशोर कल्याण पर महिला विकास एवं बाल कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक

तेलंगाना

मंडल और प्रखंड स्तर पर चाइल्डलाइन सेवाओं को बढ़ाने के लिए एक वर्ष के दौरान २२ एम.ए.बी बैठकें आयोजित की गईं जिनमें विकराबाद जिले में १६ एम.ए.बी और पेडापल्ली में १ एम.ए.बी, इसके बाद भद्रादरी कोठागुडेम में १ एम.ए.बी और वारंगल के शहरी जिले में ४ एम.ए.बी बैठकें शामिल हैं। यह बैठकें चाइल्डलाइन और अन्य प्रमुख हितधारकों के फ्रंट–लाइन कार्यकर्ताओं का समर्थन करने के लिए किया गया था।

तेलंगाना के पेडापल्ली जिले के सुल्तानाबाद मंडल में मंडल सलाहकार बोर्ड की बैठक

कर्नाटक

बेंगलुरु में बच्चों में जागरूकता पैदा करना

केरल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों के साथ बैठक

त्रिवेंद्रम, कन्नूर, कालीकट, कोट्टायम, इडुक्की, पलक्कड़, वायनाड जिलों के डी.एल.एस.ए सचिव, सी.आई.एफ के अधिकारियों से मिले और पॉक्सो मामलों पर प्रशिक्षण प्राप्त व्यक्तियों से संयुक्त प्रयास और सहायता करने के साथ जेजे कमेटी की चर्चाओं को मजबूती प्रदान करने का अनुरोध किया। उनके इस अनुरोध के आधार पर डी.एल.एस.ए ने व्यक्तियों को प्रशिक्षित करने में सहायता करने, पंचायत निर्वाचित सदस्यों को कानूनी जागरूकता प्रदान करने और युवा क्लब के सदस्यों को पॉक्सो जागरूकता पैदा करने पर अपनी सहमति प्रदान की।

जिलाधिकारियों के साथ बैठक:

कालीकट, कन्नूर, त्रिवेंद्रम, कोल्लम, पलक्कड़, मलप्पुरम, वायनाड- सी.आई.एफ प्रतिनिधियों ने चाइल्डलाइन के हस्तक्षेपों को अपडेट किया, कैब बैठक के लिए अनुरोध किया और विभागों के बीच के समन्वय को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवधि के दौरान कालीकट, कन्नूर और त्रिवेंद्रम, कासरगोड, त्रिशूर और माहे में भी कैब बैठक का आयोजन किया गया। कैब के फैसलों के आधार पर विभिन्न विभागों को परिपत्र जारी किए गए। पालक्काड के कलेक्टर ने बाल विवाह और नशाखोरी से बचने के लिए तमिलनाडु की बोर्ड पंचायत के लिए विशेष कार्यक्रम तैयार करने का सुझाव भी दिया।

जिला पुलिस प्रमुख:

कोल्लम, मलप्पुरम, इडुक्की और माहे: जिला पुलिस अधीक्षकों के साथ बैठक की गई और ऑनलाइन सुरक्षा के प्रति जागरूकता सृजन में पुलिस और चाइल्डलाइन के बीच समन्वय स्थापित करने का अनुरोध किया गया। पुलिस कर्मियों ने अनुरोध के आधार पर चाइल्डलाइन ओपन हाउस कार्यक्रम में भाग लिया। इस बैठक के परिणाम के रूप में माहे में एस.जे.पी.यू प्रशिक्षण की योजना बनाई गई।

डी.सी.पी.ओ.एस और सी.डब्ल्यू.सी

एर्नाकुलम, त्रिशूर, कोल्लम, वायनाड, इडुक्की, कोट्टायम: इसमें इन्होंने बाल दुर्व्यवहार और उपेक्षा को रोकने के लिए स्कूल काउंसलर्स, आई.सी.डी.एस पर्यवेक्षकों, सी.डी.पी.ओ और चाइल्डलाइन के बीच समन्वय को मजबूत करने का अनुरोध किया।

चाइल्डलाइन जन जागरूकता कार्यक्रम

बाल विवाह के बुरे प्रभावों को दर्शाते हुए चाइल्डलाइन गया द्वारा गणतंत्र दिवस की झाँकी

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस समारोह, बिलासपुर

जन जागरूकता पर चाइल्डलाइन की रैली

चाइल्डलाइन का स्टाल

शिलॉन्ग में विश्व बालश्रम निषेध दिवस मनाते बच्चे

चाइल्डलाइन जागरूकता के लिए रंगोली प्रतियोगिता

हितधारकों को सक्रिय करना

चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन भारत में एक मजबूत बाल संरक्षण प्रणाली की दिशा में कुशलता से और निरंतर कार्य कर रहा है। भारत सरकार, राज्य सरकार और नागरिक सामाजिक संगठनों के सहयोग से चाइल्डलाइन का उद्देश्य राष्ट्रीय एजेंडे में बाल मुद्दों को सर्वोच्च प्राथमिकता दिलाना है। सी.आई.एफ अपने साथी नेटवर्क और संबद्ध प्रणालियों, बैठकों, कार्यक्रमों और कार्यशालाओं के माध्यम से आपसी समन्वय स्थापित करते हुए एक शक्तिशाली बाल संरक्षण नियम बनाने का अभ्यास भी करता है।

उत्तर

जम्मू–कश्मीर

एकीकृत बाल संरक्षण योजना (आई.सी.पी.एस) अधिकारियों के साथ चाइल्डलाइन कश्मीर डिवीजन की सहयोगात्मक बैठक। चाइल्डलाइन अनंतनाग, चाइल्डलाइन बडगाम और चाइल्डलाइन श्रीनगर की एक सहयोगी बैठक ७ मार्च, २०१९ को श्रीनगर के इंद्रहामा स्थित सेजर कॉम्प्लेक्स में आयोजित की गई थी।

इस बैठक का मुख्य एजेंडा चाइल्ड लाइन कश्मीर संभाग के एकीकृत बाल संरक्षण योजना (आई.सी.पी.एस) के प्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं के साथ बाल कल्याण के विभिन्न आयामों पर चर्चा करना था। चाइल्डलाइन श्रीनगर ने बैठक का औपचारिक उद्घाटन किया।

उन्होंने प्रतिभागियों का पूरे दिल से स्वागत किया और इस बैठक के आयोजन के उद्देश्यों को भी समझाया।

इस बैठक के उद्देश्य निम्नलिखित थे:

- चाइल्डलाइन और आई.सी.पी.एस के बीच सहयोग और सहभागिता।
- उभरते विकारों की जाँच करना और उन पर काबू पाने के तरीकों को सामने रखना।
- जे.जे एक्ट के नियम और प्रारूप।
- केस स्टडीज पर चर्चाएँ।
- हस्तक्षेप के दौरान चाइल्डलाइन टीम के प्रत्यक्ष आने वाली चुनौतियाँ और बाधाएँ।
- चाइल्डलाइन और आई.सी.पी.एस के बीच की खाई को पाटना।

गहन पल्स पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम

अनंतनाग की चाइल्डलाइन टीम ने जम्मू–कश्मीर (उप जिला) के स्वास्थ्य विभाग के साथ १९ से २० जनवरी, २०२० तक पल्स पोलियो प्रतिरक्षण कार्यक्रम के संचालन में सहयोग किया। इसका उद्देश्य विकलांगता की किसी भी संभावना को रोकने के लिए बच्चों के उचित टीकाकरण को सुनिश्चित करना था। स्वास्थ्य विभाग ने अभियान की सफलता में योगदान देने वाली चाइल्डलाइन टीम द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों और समर्पण की सराहना भी की।

पंजाब

अमृतसर

यौन शोषण अधिनियम (पॉक्सो एक्ट) और जुवेनाइल जस्टिस एक्ट (जे.जे एक्ट) से बच्चों के संरक्षण के लिए १३–१४ अप्रैल को प्रधान कार्यालय द्वारा कर्मचारियों के लिए इन–हाउस प्रशिक्षण का आयोजन किया गया था। इस दिन की मुख्य अतिथि सीनियर एडवोकेट आशा पॉल, सी.एच.एफ, सुप्रीम कोर्ट दिल्ली की वकील और रेव फादर जोसेफ कोककाट, पवित्र ट्रिनिटी सेमिनरी में एक उलेमाओं के प्रोफेसर थे। जालंधर के सूबे के एपिस्कोपल एडमिनिस्ट्रेटर आर.टी रेव बी.पी एग्रेलो रूफिनो ग्रेसियस ने अपनी बहुमूल्य यात्रा और प्रेरणादायक शब्दों के माध्यम से टीम को प्रोत्साहित किया। इसके लिए स्थल डायोसेसन पेस्ट्रोल केंद्र, चोगीटी, जालंधर था। परियोजना प्रभारी द्वारा परियोजना रिपोर्टिंग, जवाबदेही, रजिस्टर रख–रखाव, केस हैंडलिंग या विभिन्न व्यवसायों पर हस्तक्षेप जैसे अन्य विभिन्न पहलुओं पर इन–हाउस प्रशिक्षण प्रदान किए गए थे।

स्टाफ रिसोर्स पर्सन के लिए इन–हाउस ट्रेनिंग–
सीनियर एडवोकेट आशा पॉल द्वारा

दिल्ली

चाइल्डलाइन टीम ने चाइल्डलाइन १०९८ सेवाओं के बारे में जागरूकता पैदा करने और बाल संरक्षण से जुड़े मुद्दों और कानूनों के बारे में जागरूक करने के लिए सरकारी अधिकारियों और अन्य कार्यकर्ताओं के साथ सत्र का आयोजन किया। इन सत्रों के माध्यम से ही चाइल्डलाइन की टीम पुलिस कर्मियों, आशा व अगनवाड़ी कर्मियों, अस्पताल के कर्मचारियों, श्रम विभाग के अधिकारियों व बाल देखभाल गृहों के कर्मचारियों तक पहुँच सकी।

रेलवे चाइल्डलाइंस ने सभी प्रकार के स्टेशन स्तर के हितधारकों – प्राथमिक, माध्यमिक और प्रमुख हितधारकों, रेलवे स्टेशनों पर चाइल्डलाइन १०९८ सेवाओं के बारे में जागरूक करने एवं बाल अधिकारों और बाल संरक्षण से संबंधित विषयों के प्रति जागरूक करने के संवेदनीकरण का आयोजन किया। पिछले वर्ष लगभग २० संवेदनीकरण सत्रों का आयोजन किया गया था।

चाइल्डलाइन द्वारा संवेदनीकरण सत्र

उत्तर प्रदेश

मेरठ, कानपुर, पीलीभीत, बिजनौर, गौतमबुद्ध नगर के उपायुक्तों के साथ बैठकें की गईं, जिसमें उन्होंने डी.सी.पी.सी के प्रभावी कामकाज पर चर्चा के साथ डी.सी.पी.सी की बैठकों की स्थिति और दिशा–निर्देशों के बारे में भी चर्चा की। इसके बाद उन्होंने शहर के प्रमुख स्थानों पर चाइल्डलाइन १०९८ की दृश्यता पर चर्चा की। ठीक इसके बाद बच्चों और हितधारकों के बीच पदोन्नति को भी लेकर चर्चा की। इसके आगे, उन्होंने चाइल्डलाइन सेवाओं के कामकाज के बारे में चर्चा की, चाइल्डलाइन को प्रतिक्रिया और कार्यक्रम संबंधी सहायता प्रदान किया।

महाराजगंज

महाराजगंज की चाइल्डलाइन ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में हितधारकों के साथ बैठक का आयोजन किया।

वाराणसी

शांतनु, इंस्पेक्टर क्राइम सेल, वाराणसी द्वारा साइबर अपराध पर प्रशिक्षण।

फिरोज़ाबाद

सी.आई.एफ का पोस्टर एसपीआरए फिरोज़ाबाद के श्री राजेश चौरसिया को मुख्तार आलम समन्वयक, चाइल्डलाइन फिरोज़ाबाद के द्वारा भेंट किया गया।

एस.पी.आर.ए ने सभी थानों के सी.डब्ल्यू.ओ को अपने संबन्धित पुलिस स्टेशन परिसरों में पोस्टर चिपकाने का आदेश दिया।

गोरखपुर

गोरखपुर जिले की एस.जे.पी.यू की बैठक हर माह पुलिस लाइन के मीटिंग हॉल में होती थी। गोरखपुर जिले की विशेष किशोर संरक्षण इकाई पिछले महीने की गतिविधियों का मूल्यांकन करने और अगले महीने के लिए योजनाएँ तैयार करने के उद्देश्य से अपनी टीम के सदस्यों की बैठक का आयोजन करती है। इन बैठकों में एस पी क्राइम, चाइल्डलाइन टीम, बाल कल्याण समिति के सदस्य, विभिन्न बाल गृह के निदेशक, आई.सी.पी.एस, पुलिस ए.एच.टी.यू ने भाग लिया।

इन बैठकों का मुख्य एजेंडा हितधारकों के बीच सहयोग और समझ का निर्माण करना होता है। हालाँकि यह बैठक महीने में एक बार होती है, लेकिन टीम के सदस्य सोशल मीडिया के जरिए एक–दूसरे से संवाद करते रहते हैं। इसलिए, जब भी टीम के किसी सदस्य को कोई दिक्कत होती है, तो अन्य साथी सुझाव देकर उसका समर्थन करते हैं।

२५ फरवरी, २०१९ को सेंट जोसेफ स्कूल हॉल में बच्चों के विकास के लिए मीडियाकर्मियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अशोक, प्रोफेसर गोपाल, डॉ महेंद्र कुमार और डॉ मुमताज थी। इस कार्यक्रम की शुरुआत मुख्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस कार्यक्रम में बच्चों के सर्वांगीण विकास एवं संबंधित विधान विषय पर चर्चा की गई। अपनी उपस्थिति को चिह्नित कराने वालों में चाइल्डलाइन के सभी सदस्यों के साथ शहरी और केंद्रीय समन्वयक और विभिन्न सम ाचार पत्र, टेलीविजन चैनल, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के पत्रकार भी शामिल थे।

पूर्व

दक्षिण सिक्किम के चाइल्डलाइन निदेशक ने दक्षिण सिक्किम के माननीय सांसद को स्मृति चिन्ह भेंट किया।

पूर्वी सिक्किम के चाइल्डलाइन ने पुलिस विभाग के साथ फेस मास्क वितरित किया।

पश्चिम

दमन

- दमन में ९ से १३ जून, २०१९ तक इन–हाउस प्रशिक्षण आयोजित किया गया था। इस प्रशिक्षण में सभी स्टाफ सदस्य मौजूद थे। इसमें चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन की ओर से सिटी इंचार्ज वैजंती माटोरा ने सुगम और आसान बनाया। उन्होंने टीम को बाल अधिकार और बाल संरक्षण के मुद्दों से परिचित कराया।

- इस प्रशिक्षण का उद्देश्य नई टीम को चाइल्डलाइन के बारे में बताना और उनकी क्षमता का निर्माण करना था। इस प्रशिक्षण में चाइल्डलाइन, बाल संरक्षण नीति, केस हस्तक्षेप, कॉल वर्गीकरण, सिटी मैपिंग, रिस्क एनालिसिस, नेटवर्किंग विद एलाइड सिस्टम और अन्य विषयों के कामकाज से संबंधित सत्र शामिल थे। टीम को उस विधान से भी परिचित कराया गया जो भारत के बच्चों से संबंधित था। टीम ने खेल, व्यायाम, रोल प्ले, प्रस्तुति, नुक्कड़ नाटक और सेल्फ स्टडी के माध्यम से इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया।

- प्रशिक्षण के दौरान, टीम आउटरीच के लिए कई क्षेत्रों का दौरा किया। बच्चों को खेल के माध्यम से चाइल्डलाइन १०९८ सेवा के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की गई। टेलीफोनिक हस्तक्षेप की प्रक्रिया को समझने के लिए हेल्पलाइन नंबर १०९८ पर डेमो कॉल कर के दिखाया गया।

दक्षिण

कर्नाटक

कर्नाटक में, रेलवे चाइल्ड हेल्प डेस्क ने बेंगलुरु के शहरी जिले में के.एस.आर और यशवंतपुरा, हुबली और धारवाड़, कालाबुरागी और वाडी रेलवे स्टेशनों जैसे प्रमुख छह स्टेशनों की स्थापना की। इन्होंने स्टेशन निदेशक/प्रबंधक, आर.पी.एफ,

जी.आर.पी और अन्य रेलवे हितधारकों के साथ बाल सहायता समूह की बैठकों का आयोजन किया। प्रमुख सी.एच.जी बैठक के मुख्य निष्कर्ष थे–:

हुबली सी.एच.डी.के – स्टेशन प्लेटफॉर्म पर नाइट अवेयरनेस अभियान

- के.एस.आर, वाई.पी.आर, कालाबुरागी, हुबली में विभाग और हितधारकों के बीच समन्वय और सहयोग में सुधार किया गया।
- के.एस.आर स्टेशन पर दृश्यता में वृद्धि हुई।
- हुबली और बीदर में नियमित गतिविधियों के लिए कमरों के साथ–साथ एडी.आर.एम द्वारा परामर्श के लिए अतिरिक्त कमरे की सुविधा प्रदान की गई है ।
- बचाव अभियानों के दौरान समय पर सहायता प्रदान की गई।
- हुबली, वाई.पी.आर और के.एस.आर स्टेशनों में नियमित ऑडियो और वीडियो स्क्रॉल के लिए सीनियर डी.एस.सी द्वारा अनुमति प्रदान की गई।

तमिलनाडु

संबद्ध विभागों की बैठक के दौरान तमिलनाडु की चाइल्डलाइन टीम ने सभी जिलों की निगरानी और सुविधा यात्रा की। हमेशा की तरह निर्णायक हितधारकों के बच्चों के संरक्षक के रूप में भूमिका पर चर्चा की गई और अभिनव प्रथाओं को साझा किया गया। इस अवधि के दौरान सी.आई.एफ अधिकारियों ने डी.सी.पी.यू, श्रम, जिलाधिकारी, पुलिस अधिकारियों, समाज कल्याण, आदिम कल्याण, परिवहन और स्वास्थ्य जैसे विभागों के अधिकारियों से मुलाकात भी की।

परिणाम:

- जिला स्तर के मुख्य कार्यकारी अधिकारी ने स्कूलों में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम और स्थायी दृश्यता आयोजित करने की अनुमति प्रदान की।
- क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी ने यह सुनिश्चित किया कि स्कूल बसें अपने वाहनों पर १०९८ का संकेत चिन्ह लगाएँ।
- उपायुक्त ने बाल श्रम की रोकथाम पर व्यक्तिगत पत्र लिखे
- उपायुक्त यह सुनिश्चित करते हैं कि सभी संबंधित विभागों को हस्तक्षेप के लिए, बाल संरक्षण और उत्प्रेरक प्रणालियों के बारे में विस्तृत जानकारी है ।
- निवासी आदिवासी स्कूलों के १७०० से अधिक छात्रों के लिए कला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

सहयोगी भागीदारों को संवेदनशील बनाना

चाइल्डलाइन की प्रतिज्ञा और प्रधानता देश के बच्चों के लिए एक सुरक्षात्मक वातावरण तैयार कर रही है। यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि सभी हितधारकों द्वारा बाल संरक्षण और बाल अधिकारों को समझा जाए और प्रचलित भी किया जाए। अधिक संवेदनशील और सक्रिय समाज बनाने के लिए पुलिस, स्वास्थ्य देखभाल संगठनों, शैक्षिक संस्थानों, परिवहन अंडरटेकिंग, दूरसंचार, मीडिया और गैर सरकारी संगठनों सहित संबद्ध प्रणालियों को उत्प्रेरित करना महत्वपूर्ण होता है, जिनकी बाल संरक्षण में बड़ी हिस्सेदारी होती है।

२०१९–२० के दौरान कैब, डी.सी.पी.सी, कैब, ब्लॉक कैब और तालुका कैब लिया गया

क्षेत्र	कैब की बैठक	डीसीपीसी की बैठक	प्रखंड स्तर पर कैब की बैठक	कैब, डीसीपीसी कैब और ब्लॉक कैब
उत्तर	५७	२७४	२	३३३
पूर्व	८८	५५	३३	१७६
पश्चिम	२०	१२०	०	१४०
दक्षिण	४९	९६	९७	२४२
कुल	२१४	५४५	१३२	८९१

सिटी एडवाइजरी बोर्ड (कैब) की बैठक:–

उत्तर

जम्मू–कश्मीर

कठुआ

सिटी एडवाइजरी बोर्ड की बैठक १२ जून, २०१९ को कठुआ के उप–आयुक्त की अध्यक्षता में सम्मेलन हॉल डीसी कार्यालय, कठुआ में आयोजित की गई थी।

इस बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कठुआ, मुख्य शिक्षा अधिकारी कठुआ, डिप्टी एस.पी प्रशासन श्री हरीश चंदर शर्मा, जिला समाज कल्याण अधिकारी, कठुआ और डी.सी.पी.यू, सहायक श्रम आयुक्त कठुआ, बी.एस.एन.एल कठुआ, कठुआ की चाइल्ड लाइन टीम के महाप्रबंधक भी उपस्थित थे। उन्होंने आपातकालीन मामलों में बच्चों के चिकित्सा उपचार के लिए चाइल्डलाइन के सामने आने वाले मुद्दों के बारे में चर्चा की।

किसी बच्चे की आपातकालीन चिकित्सा स्थिति के मामलों में, चाइल्डलाइन जिला अस्पताल, कठुआ को एक परिपत्र जारी कराना चाहती है जिसके अंतर्गत आपातकालीन स्थितियों में बिना किसी अनुमोदन के अस्पतालों से पूर्ण की अपेक्षा की मांग की गई थी।

कैब बैठक के नतीजे–:

चाइल्डलाइन कठुआ के भविष्य के एजेंडे पर संबंधित विभागों, हितधारकों को आवश्यक कार्रवाई और समर्थन करने का आश्वासन दिया गया। प्रभावी कार्यान्वयन और सर्वोत्तम परिणामों के लिए, डी.एस.डब्ल्यू.ओ/डी.सी.पी.यू के निदेशक चाइल्डलाइन के आपातकालीन कार्य के लिए एक टास्क फोर्स तैयार करने करने की बात कर रहे थे। मुख्य शिक्षा अधिकारी कठुआ ने सभी सरकारी और निजी स्कूल परिसर में चाइल्डलाइन इमरजेंसी नंबर प्रदर्शित करने का आश्वासन भी दिया। इसके अलावा, सी.ई.ओ ने सभी स्कूल बसों में चाइल्डलाइन इमरजेंसी नंबर प्रदर्शित करने की प्रारंभिक शुरुआत की।

कठुआ जिले के सभी थानों से चाइल्डलाइन कठुआ तक एक सहयोग का सर्कुलर जारी किया जाए और चाइल्डलाइन इमरजेंसी नंबर १०९८ को प्रदर्शित करने वाले छोटे बोर्ड/फ्लैक्स को भी लटकाया जाए।

इसके बाद, सभी सरकारी और निजी स्कूलों को स्कूल परिसर में चाइल्डलाइन इमरजेंसी नंबर १०९८ को लटकाने/प्रदर्शित करने के लिए एक परिपत्र प्रदान किया जाए और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि जागरूकता कार्यक्रमों और बाल श्रम मामलों में चाइल्डलाइन को सहयोग करने के लिए राष्ट्रपति और उद्योगों के लिए एक परिपत्र जारी किया जाए।

सिटी एडवाइजरी बोर्ड (कैब) की बैठक, कठुआ

पंजाब

अमृतसर

पंजाब अमृतसर की चाइल्डलाइन ने २० जून, ६ अगस्त, २०१९ और ८ फरवरी, २०२० को त्रैमासिक संसाधित बैठक का आयोजन किया, जिसमें सहायक जिला आयुक्त, केंद्रीय पुलिस अधिकारी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई स्टाफ, बाल कल्याण समिति और बाल श्रम आयुक्त सहित कई अन्य लोगों ने भी भाग लिया। उन्होंने इस आयोजन में महिलाओं और बाल सुरक्षा के मुद्दों को संबोधित करने के लिए भाग लिया। इस बैठक के परिणाम के रूप में महिलाओं और बच्चों के बारे में जनता को जागरूक करने के लिए भविष्य के कार्यक्रमों की योजना बनाना था।

राजस्थान के अजमेर में कैब की बैठक

अमृतसर के डिप्टी कमिश्नर के साथ शिवदुलर सिंह ढिल्लों व अन्य अधिकारी कैब मीटिंग

अजमेर के चाइल्डलाइन कार्यालय में क्षमता निर्माण प्रशिक्षण सत्र

राजस्थान

अजमेर

८ जून, २०१९ को चाइल्डलाइन अजमेर ने कार्यालय परिसर में एक बैठक का आयोजन किया। इस बैठक का उद्देश्य बाल श्रम को समाप्त करने के लिए नीतियाँ बनाना और सभी संबंधित विभागों में इसके प्रति जागरूकता पैदा करना था। इस बैठक में पुलिस विभाग के डिप्टी एस.पी, अजमेर उत्तर, मिस प्रियंका, बाल अधिकार विभाग की अमिता सिंह, एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट के प्रभारी श्री अशोक विश्नोई, डी.एल.एस.ए, श्रम विभाग और थाना एवं चाइल्डलाइन टीम के ३३ पदाधिकारी भी शामिल हुए थे।

इसके अलावा, बच्चों के संरक्षण के तहत हस्तक्षेप कॉल, रिपोर्टिंग और प्रलेखन के लिए चाइल्डलाइन अजमेर टीम के लिए एक क्षमता निर्माण के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया जिसमें केस वर्क कौशल और तकनीक, ओपन हाउस, बच्चों को उलझाने के लिए उपकरण, फोन प्रतिक्रिया, बच्चों के हस्तक्षेप कॉल के लिए शब्दावली, रिपोर्टिंग और प्रलेखन आदि शामिल थे।

पूर्व

नागालैंड

पिछले वित्त वर्ष के दौरान कुल ५० चाइल्डलाइन राज्य एडवाइजरी बोर्ड की बैठकें पूर्वोत्तर क्षेत्र में आयोजित की गईं, जिसमे चाइल्डलाइन राज्य एडवाइजरी बोर्ड नगालैंड की बैठक भी शामिल है जिसकी अध्यक्षता नगालैंड सरकार के समाज कल्याण विभाग के सचिव ने की।

कैब बैठक के नतीजे :

- चाइल्डलाइन लोगो (संकेत चिन्ह), संदेश, केस स्टडीज को ए.एस.सी.पी.एस (असम) के न्यूजलेटर में शामिल किया गया है।
- डी.सी/डी.एम द्वारा चाइल्डलाइन आईडी कार्ड पर हस्ताक्षरित/नवीनीकृत किया गया।
- दीमापुर (नागालैंड) चाइल्डलाइन को उपायुक्त की तरफ से एक मोटर साइकिल दी गई।
- शिलांग और आरआई–भोई (मेघालय) को मुख्यमंत्री निधि और डी.आर.डी.ए से दो कारें दी गई।

• कोहिमा (नागालैंड) के उपायुक्त द्वारा बाल श्रम को बचाने के लिए त्वरित प्रतिक्रिया दल का गठन किया गया।

• एस.पी द्वारा थोबल (मणिपुर) में चाइल्ड फ्रेंडली पुलिस कॉर्नर का उद्घाटन।

• चाइल्डलाइन सेनापति (मणिपुर) को कार पर चाइल्डलाइन स्टिकर रखने और जिले के महत्वपूर्ण स्थानों पर होर्डिंग्स लगाने के लिए पर्यटन विभाग और स्थानीय निकायों से अनुमति प्रदान की गई।

• चाइल्डलाइन सेपाहिजला, त्रिपुरा को जिले में मानव तस्करी विरोधी इकाई की सदस्यता मिली।

• एस.पी खोवाई त्रिपुरा ने चाइल्डलाइन को 'प्रयास' के समन्वय से काम करने की अनुमति दी है, जो त्रिपुरा पुलिस की एक पहल थी ताकि समुदाय के साथ मिलकर काम किया जा सके।

राज्य चाइल्डलाइन सलाहकार बोर्ड की बैठक फरवरी, २०२० के महीने में आयोजित की गई थी। नागालैंड के आयुक्त सह समाज कल्याण विभाग सरकार ने इस बैठक की अध्यक्षता की। इस बैठक में नगालैंड के सभी जिलों के चाइल्डलाइन निदेशकों और समन्वयकों ने भाग लिया।

इस बैठक में अपर सचिव सूचना एवं जनसंपर्क, प्रशिक्षण अधिकारी–निदेशालय स्कूल शिक्षा, उप सचिव नगर निगम कार्य, अवर सचिव श्रम एवं रोजगार, कौशल, विकास एवं उद्यमिता, सहायक विधिक स्मरण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, समाज कल्याण भी उपस्थित थे।

प्रमुख चर्चाएँ:

• नगालैंड में संशोधित बाल एवं किशोरावस्था श्रम (निषेध एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम, २०१६ के कार्यान्वयन में तेजी लाने के लिए और सभी जिलों में बाल श्रम पर जिला टास्क फोर्स का उन्मुखीकरण किया गया।

• सी.आई.एफ, एस.सी.पी.एस और चाइल्डलाइन के समन्वय से पॉक्सो अधिनियम पर विशेष ध्यान देने के साथ न्यायिक मजिस्ट्रेट का प्रशिक्षण।

• स्कूलों में जागरूकता लाने के लिए शिक्षा विभाग द्वारा चाइल्डलाइन को अधिकृत करने का नोटिस।

• ए.एच.टी.यू द्वारा सभी जिलों में मानव तस्करी पर संवेदनीकरण।

नागालैंड के कोहिमा में चाइल्डलाइन राज्य सलाहकार बोर्ड की बैठक

पश्चिम बंगाल

पिछले वित्तीय वर्ष में अप्रैल २०१९ से मार्च २०२० तक, कोलकाता, दक्षिण २४ परगना, हुगली, पश्चिम मेदिनीपुर, पूर्व बर्धमान, मालदा, उत्तर २४ परगना, बांकुड़ा, बीरभूम, कूच बेहर, उत्तर दिनाजपुर, जलपाईगुड़ी, अलीपुरद्वार, नादिया, कालिम्पोंग, दार्जिलिंग, दक्षिण दिनाजपुर और पुरुलिया जिलों में कैब बैठकोंका आयोजनकिया गया।

इस बैठक में लिए गए मुख्य निर्णय : –

किसी भी बाल विवाह के मामलें में, पुलिस के साथ ब्लॉक स्तर के अधिकारियों की टीम चाइल्डलाइन की टीम के हस्तक्षेप किए बिना आश्वस्त किए गए स्थान पर जाएगी। पुलिस सी.डब्ल्यू.सी के सामने बच्चे को पेश करेगी और हमेशा की तरह चाइल्डलाइन के प्रतिनिधि के आने का इंतजार नहीं करेगी।

डी.पी.ओ, एस.एस.एम और डी.पी.ओ (आई.सी.डी.एस) द्वारा चाइल्डलाइन १०९८ की दृश्यता के संबंध में सभी स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्र में वॉल पेंटिंग लगाई जाएगी।

• पुलिस कर्मचारी और संबंधित प्राधिकरण बाल विवाह की रोकथाम के दौरान चाइल्डलाइन उत्तर दिनाजपुर को सहयोग देंगे।

• किसी भी बच्चे को पुलिस पहले सी.डब्लू.सी के सामने पेश करेगी और बच्चे को सी.डब्ल्यू.सी के सामने पेश किए बगैर परिवार को सौंपा नहीं जाएगा।

• मामले में हस्तक्षेप के दौरान संबद्ध प्रणाली चाइल्डलाइन को आवश्यक सहायता प्रदान करेगी।

• कूचबिहार के चाइल्डलाइन टीम के सदस्यों हेतु आईडी कार्ड जारी करने संबंधी विचार–विमर्श करना।

• सभी ब्लॉक डेवलपमेंट बैठकों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र की

बैठकों में चाइल्डलाइन की भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी।

- चाइल्डलाइन के प्रचार को बढ़ाने हेतु परिवहन, विद्यालयों, बी.डी.ओ कार्यालयों, ग्राम पंचायतों, पुलिस स्टेशनों, बस स्टैंड आदि सार्वजनिक स्थलों पर होर्डिंग लगाना।
- घाटल ब्लॉक के रेड लाइट एरिया में बच्चे की स्थिति पर सर्वेक्षण संबंधी मामलें।
- आर.टी.ओ से अनुरोध किया जाएगा कि जागरूकता के लिए जिले में चलने वाले सभी सरकारी और निजी परिवहन वाहनों में प्रदर्शित करने हेतु चाइल्डलाइन स्टिकर का वितरण किया जाए।
- दक्षिण दिनाजपुर जिले में बाल श्रम के सभी मामलों में श्रम विभाग से सहयोग के बारे में चर्चा करना।
- जिले में चाइल्ड फ्रेंडली कॉर्नर की स्थापना के संबंध में चर्चा करना क्योंकि चाइल्डलाइन एक आपातकालीन आउटरीच सेवा है और यह बच्चों को आश्रय उपलब्ध नहीं कर सकती है।

नादिया में सी.ए.बी की बैठक, पश्चिम बंगाल

कोलकाता में सी.ए.बी की बैठक, पश्चिम बंगाल

दक्षिण दिनाजपुर, पश्चिम बंगाल में सी.ए.बी की बैठक

पश्चिम
गुजरात

चाइल्डलाइन सलाहकार बोर्ड का गठन मामले के हस्तक्षेपों के दौरान उत्पन्न होने वाली कमियों को पाटने के उद्देश्य से किया जाता है और इसमें सभी संबद्ध प्रणालियों, गैर–सरकारी संगठनों, संबंधित व्यक्तियों, मीडिया आदि के वरिष्ठ स्तर के पदाधिकारी भी शामिल रहते हैं। यह एक आवधिक समीक्षा करते समय शहर की चाइल्डलाइन के लिए एक नीति बनाने वाली संस्था के रूप में कार्य करता है। सी.ए.बी बैठकों के मुख्य झलकियाँ निम्नलिखित हैं:

- प्रायोजन योजना पर आनंद के जिला कलेक्टर, सी.ए.बी के अध्यक्ष द्वारा चर्चा की गई थी।
- डी.सी.पी.ओ को घर के तीन बच्चों के लिए एम.ए वात्सल्य कार्ड जारी करने के लिए स्वास्थ्य विभाग से सहायता की जरूरत होती है।

दमन और दीव में सी.ए.बी की बैठक

• जिलाधिकारी ने बाल विवाह मामलों और बचाव कार्यों में कुशल हस्तक्षेप के लिए चाइल्डलाइन की सराहना की ।

यह राष्ट्रीय सेवा योजना (एन.एस.एस), अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (ए.बी.वी.पी) और चाइल्डलाइन, पूर्वी सिंहभूम द्वारा एक सहकारी अभियान था। यह नदी को साफ करने और बच्चों के लिए एक स्वस्थ वातावरण प्रदान करने और समुदाय के लिए राहत प्रदान करने के उद्देश्य की पूर्ति के लिए एक संयुक्त अभियान था जो अपने दैनिक उपयोग के लिए नदी के पानी पर पूरी तरह से निर्भर थे।

झारखंड में जागरूकता फैलाने के लिए स्टॉल

सोनारी के दोमुहानी के पास नदी स्वच्छता कार्यक्रम

पश्चिम

महाराष्ट्र

भंडारा

चाइल्ड लाइन के संदेश को तेजी से प्रचारित करने के लिए ऑटो यूनियन के साथ बातचीत के माध्यम से बच्चों की विभिन्न समस्याओं से ऑटो चालकों का परिचय करवाया गया। यह कार्य भंडारा रेलवे स्टेशन से बस स्टॉप तक चलने वाले ऑटो पर बैनर लगाकर किया जा सकता था। इसका मुख्य उद्देश्य हम सभी का बच्चों के प्रति नैतिक दायित्व के प्रति जागरूकता बढ़ाना था और इस कार्य को ऑटो पर बैनर लगाने के माध्यम से किया जा सकता था। इन बैनरों ने चाइल्डलाइन की हेल्पलाइन संख्या द्वारा कई लोगों तक पहुँच बनाने को बढ़ावा देने में भी मदद की।

महाराष्ट्र के भंडारे में चाइल्डलाइन १०९८ का ऑटो रिक्शा पर ब्रांडिंग

कोल्हापुर

कोल्हापुर की चाइल्डलाइन द्वारा स्कूल जागरूकता कार्यक्रम

कोल्हापुर की चाइल्डलाइन टीम ने छात्रों और शिक्षकों को टोल फ्री नंबर १०९८ और बच्चों से जुड़े विभिन्न मुद्दों के बारे में छात्रों और शिक्षकों को जागरूक करने के लिए शैक्षणिक वर्ष के दौरान स्कूल जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। चाइल्डलाइन की टीम ने बाल श्रम, बाल विवाह, शारीरिक दुर्व्यवहार, इंटरनेट

के गुण और अवगुण, पौष्टिक आहार, स्वास्थ्य समस्याओं, व्यायाम का महत्व, स्वच्छता, व्यक्तित्व विकास आदि जैसे मुद्दों को भी समझाया। पूरे वर्ष के चाइल्डलाइन की टीम ने ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में **जागरूकता फैलाई और लगभग ८९६५ बच्चों तक अपनी पहुँच बनायी।**

मध्य प्रदेश

बैतूल

मध्य प्रदेश के बैतूल के अर्जुन वार्ड में स्कूल चलें अभियान

भोपाल

बुकरू ट्रस्ट के साथ
सी.आई.एफ के सहयोग से जन जागरूकता कार्यक्रम

सी.आई.एफ के सहयोग से जन जागरूकता कार्यक्रम

बुकरू ट्रस्ट के साथ सी.आई.एफ के सहयोग से जन जागरूकता कार्यक्रम

नरसिंहपुर की चाइल्डलाइन टीम ने पोक्सो अधिनियम पर स्कूल के शिक्षकों और छात्रावास के कर्मचारियों को प्रशिक्षित किया

भोपाल के भारत भवन में बुकरू ट्रस्ट के सहयोग से सी.आई.एफ ने जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया, जहाँ भोपाल चाइल्डलाइन की तीन इकाइयों ने एक स्टॉल का आयोजन किया। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में बच्चों सहित १०००–१५०० लोग भाग लेने पहुंचे। इस कार्यक्रम के आजोयक ने स्टाल पर आने वाले लोगों से भारी प्रतिक्रिया प्राप्त की और बुकरू टीम से भी इसे अच्छी प्रतिक्रिया प्राप्त हुई।

खेड़ा

चाइल्डलाइन की टीम ने पुलिस होमगार्ड के साथ संतराम मेला, डाकोर मेला, फागवेल मेला और मीनावाड़ा मेले जैसे सार्वजनिक मेलों में भाग लिया और हेल्पलाइन नंबर १०९८ के बारे में जागरूकता पैदा की और साथ में १२ बच्चों का बचाव भी किया। यहाँ तक कि चाइल्डलाइन की टीम ने बचाए गए बच्चों के माता–पिता को सार्वजनिक स्थानों पर अपने बच्चों की देखभाल करने की सलाह भी दी।

सिलवासा

चाइल्डलाइन टीम ने चिकित्सा शिविर में भाग लिया

मसत में स्कूल जागरूकता कार्यक्रम

खानवेल गार्डन में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया था जिसमें १० स्टाफ सदस्यों के साथ १६० बच्चों ने भाग लिया जहाँ उन्हें चाइल्डलाइन १०९८ नंबर के बारे में समझाया गया जो जरूरतमंद बच्चों की मदद करता है। बच्चों को चाइल्डलाइन के पर्चे भी वितरित किए गए।

आसपास के क्षेत्रों के लोगों ने निशुल्क स्वास्थ्य जाँच के लिए शिविरों का भ्रमण किया। चाइल्डलाइन टीम ने भी शिविर में भाग लिया और लोगों और बच्चों को पर्चे भी वितरित किए तथा उन्हें चाइल्डलाइन १०९८ जो देखभाल और संरक्षण की जरूरत वाले बच्चों के लिए एक २४ घंटे राष्ट्रीय निःशुल्क आपातकालीन फोन आउटरीच सेवा है, के द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं के बारे में जागरूक किया। चिकित्सा शिविर में करीब १०० लोगों ने भाग लिया।

दक्षिण

आंध्र प्रदेश

बाल विवाह के खिलाफ अभियान (#EducateGirlChild EmpowerGirlChild) शिक्षित बालिका सशक्त बालिका के तहत चाइल्डलाइन की टीम ने ८वीं और ९वीं कक्षा के बच्चों की ड्राइंग प्रतियोगिताएं कराई। ए.पी.एस.डब्ल्यू.आर.ई.आइ.एस के सचिव ताडेपल्ली ने अनंतपुरम, वासद्र कडपा, चित्तूर, एस.पी. एस.आर नेल्लोर, गुंटूर, कृष्णा, पश्चिम गोदावरी, पूर्वी गोदावरी, विशाखापट्टनम, विजियानगरम और श्रीकाकुलम जिलों के १९ ए.पी.एस.आर.ई.आई.एस स्कूलों में बच्चों को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर ड्राइंग प्रतियोगिताएं आयोजित करने के परिपत्र दिए। ड्राइंग प्रतियोगिताओं का विषय एंड चाइल्ड मैरिज एंड एजुकेट गर्ल चाइल्ड था।

बाल विवाह के खिलाफ कला के माध्यम से बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का प्रदर्शन किया

बाल विवाह के खिलाफ विजयनगरम में आयोजित बच्चों की ड्राइंग प्रतियोगिता

विशाखापट्टनम रेलवे स्टेशन पर डार्ट बोर्ड खेलते बच्चे

बाल विवाह के खिलाफ एक मजबूत संदेश का चित्रण करती बच्चों की ड्राइंग

फ्लावर शो स्टॉल पर बच्चों से बातचीत करते अनम (पुडुचेरी) की चाइल्डलाइन टीम

नो टू चाइल्ड मैरिज के संदेश का विस्तार करने के लिए बच्चों की ड्राइंग प्रतियोगिता

१९ स्कूलों के कुल १२१४ बच्चों ने ड्राइंग प्रतियोगिताओं में भाग लिया। चाइल्डलाइन ने कार्यक्रम का भव्य संचालन किया जिससे स्कूली बच्चों के अंतर्निहित ड्राइंग कौशल सामने आए। बाल विवाह को रोकने के लिए बच्चों ने आनंदमय और यद्यपि उत्तेजक चित्रण किया। प्रत्येक स्कूल में ५ सर्वश्रेष्ठ चित्रों का चयन किया गया और प्रोत्साहन के रूप में पुरस्कार दिए गए । ड्राइंग प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले बच्चों ने यह महसूस किया कि बाल विवाह पर निर्णय लेते समय अभिभावक उनकी भावनाओं को समझेंगे और उनका सम्मान करेंगे।

कर्नाटक

चाइल्डलाइन १०९८ और बाल अधिकार संरक्षण पर स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के लिए जागरूकता कार्यक्रम

चिक्काबल्लापुरा में नशाखोरी और ऑनलाइन सुरक्षा पर जागरूकता

बाल विवाह के खिलाफ विजयनगरम में आयोजित बच्चों की ड्राइंग प्रतियोगिता

पूरे कर्नाटक में स्वयं सहायता समूहों, ऑटो चालकों, युवा समूहों, आशा कार्यकर्ताओं, कॉलेजों, पंचायत सदस्यों, पी.डी.ओ, आदिवासियों, एन.आर.ई.जी कार्यकर्ताओं, मलिन बस्तियों, समुदायों आदि जैसे विभिन्न लक्षित समूहों के लिए नियमित जागरूकता अभियान चलाए गए। इस जागरूकता सत्र के बाद, कई संबंधित वयस्कों ने चाइल्डलाइन को बच्चों से संबंधित मुद्दों की रिपोर्ट सौंपने के लिए आगे आए।

तेलंगाना

तेलंगाना के महबूबाबाद जिले में वाक्पटुता प्रतियोगिता में बालिकाओं का भाग लेना

तेलंगाना के पेडापल्ली जिले में मनरेगा मजदूरी करने वालों को चाइल्डलाइन गतिविधियों पर जागरूकता

दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक तेलंगाना के निजामाबाद रेलवे स्टेशन पर बच्चों के साथ बातचीत करते हुए

बाल अधिकार एवं बाल संरक्षण एवं स्वच्छ विद्यालयों पर स्कूलों, के.जी.बी.वी, आवासीय छात्रावासों और सी.सी.आई में बच्चों के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, पुलिस जैसे संबद्ध विभागों के हितधारक भी शामिल हुए। स्कूलों/छात्रावासों में ड्राइंग, वाक्पटुता, निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया।

तमिलनाडु

मदुरै के सीएचडी में बाल श्रम विरोधी दिवस
पर हस्ताक्षर अभियान

किसी भी विशेष आयोजन, अभियान और प्रमुख अवसरों का पालन जनता के साथ-साथ बच्चों को संवेदनशील बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। राज्य के विभिन्न त्योहारों में सबसे महत्वपूर्ण त्योहार मदुरै का चित्राराय महोत्सव और कांचीपुरम का अथी वरदर महोत्सव थे। साथ ही विश्व बाल मजदूर दिवस पर सभी बच्चों को जिलाधिकारी की ओर से एक अभिनव पत्र देना एक और उल्लेखनीय घटना थी।

वेल्लोर में राज्य बालिका सुरक्षा दिवस पर बाइक रैली

मदुरै की चाइल्डलाइन का प्रदर्शनी स्टाल

तूतीकोरिन के जिलाधिकारी द्वारा
चाइल्डलाइन की टीम को सौंपी गई बचाव वैन

इस वर्ष के दौरान, १५ लाख से अधिक बच्चों तक नुक्कड़ नाटक, पोस्टर, ऑडियो/वीडियो प्रस्तुतियाँ, कलाई पर बाँधने वाली बैंड, गतिविधिओं पर आधारित सत्र, व्याख्यान भागीदारी के विभिन्न रूपों और विधियों जैसे माध्यमों का उपयोग किया गया।

सीएल कन्नियाकुमारी में जिला कलेक्टर और
पुलिस अधीक्षक द्वारा ली गई शपथ

चाइल्डलाइन की दृश्यता

दिल्ली स्कूलों में सी.एस.ए होर्डिंग

मांड्या में सार्वजनिक जगहों में दीवारों पर पेंटिंग



चाइल्डलाइन छपे हुए गुब्बारे, मदुरई

वेल्लोर में स्कूलों की दीवारों पर दृश्यता

चाइल्डलाइन छपे हुए कप

वाड़ी तालुका, कलबुर्गी के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पी.एच.सी) में दीवारों पर पेंटिंग

पंचायत में दीवारों पर पेंटिंग

चाइल्डलाइन विलूप्पूरम में दीवारों पर पेंटिंग



जागरुकता के लिए बैनर

सड़कों पर कला के ज़रिए चाइल्डलाइन जागरुकता

श्री. कावर पाल गुर्जर, राज्य शिक्षा मंत्री हरियाणा को
चाइल्डलाइन १०९८ से सम्मानित किया गया

एसबीए दृश्यता प्रकाशन – तांबरम, सी.एच.डी

ओपन हाउस

भारत के बच्चों की आवाज़

उत्तर

हिमाचल प्रदेश

कांगड़ा

चाइल्डलाइन कांगड़ा ने जी.एस.एस.एस लोहार्डी (आंतरिक क्षेत्र) में एक ओपन हाउस सत्र का आयोजन किया और बाल विवाह पर वाद–विवाद और भाषण प्रतियोगिता आयोजित की

चाइल्डलाइन कांगड़ा द्वारा जी.एस.एस.एस में ओपन हाउस

चंड़ीगढ़

चंड़ीगढ़ रेलवे स्टेशन पर ओपन हाउस

दिल्ली

चाइल्डलाइन द्वारा बच्चों के विचार और उन्हें जिन समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है उसे जानने के लिए उनके साथ समय–समय पर बातचीत की जाती है। समय समय पर ओपन हाउस आयोजित किया जाता है जिसमें बच्चों को सुना जाता है और सरकारी प्रणालियों से सहायता मांगना संभव हो पाता है। जैसे की नाम से पता चलता है, "ओपन हाउस", चाइल्डलाइन के साथ जुड़े हुए बच्चों के लिए एक मंच है जो चाइल्डलाइन १०९८ के सेवाओं की समस्याओं से निपटने, निर्धारण, समीक्षा और मूल्यांकन का कार्य करता है। इसके साथ ही यह चाइल्डलाइन टीम के साथ समस्याओं को सामने लाने और कठिनाइयों के लिए समाधान की पहचान करने हेतु बच्चों को मौका देता है। साल २०१९–२० में, दिल्ली राज्य में ९३ ओपन हाउस में लगभग ५४०५ हज़ार बच्चे जुड़े हुए थे। ओपन हाउस बैठकों के ज़रिए निम्नलिखित कुछ समस्याएँ थी जिनकी पहचान कर ओपन हाउस बैठकों के ज़रिए उनका समाधान किया गया:

- डी.एल.एस.ए और डी.सी.पी.ओ द्वारा व्यक्त की गई चिंताओं के साथ नशीले पदार्थों के सेवन और बाल विवाह की समस्याओं पर चर्चा की गई
- जो बच्चे मुख्यधारा की स्कूलों में प्रवेश प्राप्त करने की कोशिश कर रहे थे उन्हें नगरपालिका स्कूलों में नामांकन के लिए सहायता प्राप्त हुई
- समुदाय के लोगों और बच्चों को सुरक्षित स्पर्श और असुरक्षित स्पर्श के बारे में जागरुक किया गया
- मोबाइल इस्तेमाल की लत के परिणामों पर चर्चा की गई और पालकों को पाठ्यक्रमेतर गतिविधियों में बच्चों को जोड़ने के लिए सूचनाएँ दी गई।

चाइल्डलाइन द्वारा दिल्ली में ओपन हाउस

हरियाणा

हिसार

चाइल्डलाइन हिसार ने २७ अगस्त, २०१९ को गवर्मेंट सीनियर सेकंडरी स्कूल गांव किरमारा, ब्लॉक अगरोहा, हिसार जिले में एक ओपन हाउस चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया। किरमारा गांव से

बच्चों सहित कुल ३७६ प्रतिभागियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। चाइल्डलाइन टीम द्वारा उन्हें श्रम कानून, जे.जे कानून और पोक्सो कानून के बारे में जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम के लिए स्थानीय सरपंच और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, गांववासियों द्वारा सहायता की गई।

हिसार में ओपन हाउस

हिसार में बच्चों के लिए ओपन हाउस सत्र

हिसार में ओपन हाउस बैठक

मेवात में ओपन हाउस बैठक

पानीपत में ओपन हाउस बैठक

राजस्थान

सवाई माधोपुर

माधोपुर में ओपन हाउस गतिविधियाँ

माधोपुर में ओपन हाउस गतिविधियाँ

माधोपुर में बच्चों के लिए ओपन हाउस गतिविधियाँ

पंजाब
अमृतसर

अमृतसर में ओपन हाउस गतिविधियाँ

बाल विवाह, बाल मजदूरी और भीख मांगना, बाल शारीरिक उत्पीड़न इत्यादि जैसी बच्चों द्वारा सामना की जा रही सामाजिक समस्याओं के बारे में उनमें जागरुकता फैलाने के लिए चाइल्डलाइन अमृतसर द्वारा ३ स्कूलों, २ पिकनिक स्थलों, ४ झुग्गी–बस्तियों और २ गांवों में ओपन हाउस कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। शिक्षकों, पालकों, मजदूरों और गाँव के सरपंच के साथ ९६५ बच्चों ने हिस्सा लिया।

अमृतसर की झुग्गी बस्तियों में ओपन हाउस गतिविधियाँ

उत्तर प्रदेश
गोरखपुर

गोरखपुर, यूपी में ओपन हाउस कार्यक्रम

ओपन हाउस कार्यक्रमों को महिने में एक बार, या तो रेल्वे प्लैटफॉर्म पर या रेल्वे स्टेशन परिसर के आसपास आयोजित किया जाता था। रिपोर्टिंग अवधि के दौरान कुल १२ ओपन हाउस कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। स्टेशन पर बाल सहायता केंद्र की सेवाओं और इसके टोल–फ्री नंबर १०९८ के बारे में सी.एच.डी कर्मचारियों को जागरुक किया गया था। चाइल्डलाइन के बारे में पर्चे और विवरण–पुस्तिकाओं का वितरण किया गया। कचरा बिनने वाले बच्चों के माता–पिता का समुपदेशन किया गया। रेल्वे परिसर में रह रहे परिवारों और बच्चों के बारे में उन्होंने एक आधार रेखा सर्वेक्षण तैयार किया और इन लोगों का पुनर्वसन सुनिश्चित करने के लिए मासिक समन्वय बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत की।

कनवा खेड़ा में ओपन हाउस

रोहतास

चाइल्डलाइन रोहतास द्वारा सेमारी गांव में आयोजित ओपन हाउस कार्यक्रम

छत्तीसगढ़

चाइल्डलाइन कबीरधाम द्वारा आयोजित स्कूल में ओपन हाउस

चाइल्डलाइन सारन द्वारा आयोजित ओपन हाउस कार्यक्रम

बिहार

चाइल्डलाइन कैमूर द्वारा आयोजित ओपन हाउस कार्यक्रम

रेल्वे चाइल्डलाइन छपरा द्वारा आयोजित ओपन हाउस कार्यक्रम

असम

कोकराझार, असम में ओपन हाउस कार्यक्रम

मणिपुर

बिष्णुपुर, मणिपुर में ओपन हाउस कार्यक्रम

मेघालय

जोवाई, मेघालय में स्कूली बच्चों के लिए ओपन हाउस

त्रिपुरा

ईंट भट्ठा क्षेत्र में चाइल्डलाइन धलाई द्वारा संचालित ओपन हाउस कार्यक्रम

ओडिशा

बच्चों से जुड़ी प्रमुख समस्याओं पर चर्चा करने के लिए समुदाय के स्तर पर और आवासीय स्कूलों में ओपन हाउस कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

ओपन हाउस के दौरान उठाए गए मुद्दे:

- गाँव के लिए सार्वजनिक स्वास्थ्य विभाग (पी.एच.डी) की पानी आपूर्ति का ठप हो जाना। इससे गांववालों और बच्चों को पीने के पानी की मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। रोहिदासपाड़ा गांव के सतनामीपाड़ा में कोई ट्यूब वेल नहीं है।
- गांव में आंगनवाड़ी इमारत की अनुपलब्धता। प्राथमिक स्कूल के केवल एक कमरे में आँगनवाड़ी केंद्र काम कर रहा है। आंगनवाड़ी और प्राथमिक स्कूल दोनों के लिए ही शिक्षकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षण उपलब्ध नहीं कराया जा रहा।
- प्राथमिक स्कूल भी गांव से कुछ किलोमीटर की दूरी पर है और स्कूल के लिए अलग रास्ता नहीं है। इसलिए बारिश के मौसम में बच्चों को स्कूल जाने के लिए मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।
- बच्चों के पास कोई आधारकार्ड नहीं है।
- बारिश के दौरान बच्चों को स्कूल जाने के लिए बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है।

ओपन हाउस के दौरान उठाए गए मुद्दों पर की गई कार्रवाई :

- ३ दिनों के भीतर पी.एच.डी की पानी आपूर्ति के लिए मरम्मत हेतु कार्रवाई करने के लिए वॉर्ड पार्षद के साथ बैठक
- इसके बाद चाइल्डलाइन टीम सतनामीपाडा में नई ट्यूब वेल खोदने के लिए आर.डब्ल्यू.एस.एस को एक पत्र लिखने में मदद

करेगी। इसके साथ ही चाइल्डलाइन सदस्य गांववालों के साथ मिलकर सरपंच के साथ पीने के पानी से जुड़ी समस्या सुलझाने के लिए चर्चा करेंगे

- आंगनवाडी इमारत की समस्या सुलझाने के लिए चाइल्डलाइन ने जिला सामाजिक कल्याण अधिकारी को एक अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया
- इसके साथ ही चाइल्डलाइन ने गांववासियों की सहायता से एक अलग नई सड़क के निर्माण के लिए झारसुगुड़ा नगरपालिका के कार्यकारी अधिकारी को भी अनुरोध पत्र प्रस्तुत किया।
- चाइल्डलाइन टीम ए.डब्ल्यू.डब्ल्यू और आशा कार्यकर्ता की मदद से आधार कार्ड बनाने के लिए तीन बच्चों के आवश्यक दस्तावेज़ों की व्यवस्था करेगी।
- चाइल्डलाइन टीम ने एक कॉन्क्रीट सड़क के निर्माण के लिए योजना प्रस्तुत करने के लिए सरपंच के साथ चर्चा की

ओपन हाउस कार्यक्रमों के नतीजे

- चाइल्डलाइन टीम ने तीन बच्चों के लिए आवश्यक दस्तावेज़ों की व्यवस्था की और वॉर्ड सदस्यों की मदद से उन्होंने आधार कार्ड के लिए ऑनलाइन आवेदन किया जो उन्हें बाद में जारी किए गए।
- ए.डब्ल्यू.डब्ल्यू केंद्र के लिए सरपंच द्वारा एक अलग कमरे की व्यवस्था कर दी गई है।
- अन्य मुद्दों के लिए सम्बद्ध प्रणालियों के साथ नियमित रुप से आगे की कार्यवाही की जा रही है।

झारखंड

झारखंड में चाइल्डलाइन ने कुल ४८० ओपन हाउस कार्यक्रमों का आयोजन किया है और इन कार्यक्रमों के ज़रिए २०५५४ बच्चों तक पहुँचा जा सका है। स्कूलों में खेल मैदान और सीमा दीवार की कमी, स्कूलों में पीने के पानी और साफ सफाई की समस्या, समुदायों में ट्यूब–वेल की आवश्यकता, स्कूली पढ़ाई छोड़ने के मामले और बाल विवाह, छेड़छाड़ की घटनाएँ इत्यादि से जुड़ी समस्याएँ थी।

चाइल्डलाइन टीम इन ओपन हाउस कार्यक्रमों में बच्चों की समस्याओं पर आवाज़ उठाती है और इन्हें सुलझाने के लिए संबंधित प्राधिकारियों तक लेकर जाती है।

इसके साथ ही आगे की कार्यवाही के लिए दौरा किया जाता है, बच्चों को सूचित किया जाता है कि उनकी समस्याएँ सुलझाने के लिए चाइल्डलाइन टीम द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं।

ओडिशा की आवासीय स्कूलों में ओपन हाउस गतिविधियाँ

पश्चिम बंगाल

चाइल्डलाइन बीरभूम, मालदा और आसनसोल द्वारा आयोजित ओपन हाउस कार्यक्रम

चाइल्डलाइन बीरभूम, मालदा और आसनसोल द्वारा आयोजित ओपन हाउस कार्यक्रम

ओपन हाउस का प्रमुख उद्देश्य बच्चों के लिए एक मंच उपलब्ध कराना है जहाँ वे चाइल्डलाइन १०९८ की गुणवत्ता पर प्रतिक्रिया दे सकते हैं और इच्छा प्रकट कर सकते हैं कि चाइल्डलाइन किस प्रकार कार्य करे। बच्चे उनके विचार, उनके जीवन की

समस्याएँ व्यक्त कर सकते हैं जिसे उन्हें कहीं और व्यक्त करने में दिक्कतें आती हैं।

बच्चों के लिए ओपन हाउस गतिविधियाँ

पश्चिम

महाराष्ट्र

कोल्हापूर में ओपन हाउस कार्यक्रम

कुष्ठरोग वसाहत झुग्गी बस्ती में ओपन हाउस

ओपन हाउस एक गतिविधि है जो महिने में एक बार बच्चों के साथ आयोजित की जाती है ताकि उन्हें चाइल्डलाइन गतिविधियों, खास तौर पर टोल–फ्री नंबर १०९८ के बारे में शिक्षित किया जा सके। इससे चाइल्डलाइन टीम के सदस्यों को बच्चों द्वारा सामना किए जा रहे समस्याओं को समझने में मदद मिलती है और धीरे धीरे घनिष्ठता होने पर वे अपनी बातें खुल कर कह सकते हैं। चाइल्डलाइन कोल्हापूर ने झुग्गी बस्तियों के बच्चों, स्कूल जाने वाले और स्कूल न जाने वाले बच्चों के साथ शहर में ११ ओपन हाउस कार्यक्रम आयोजित किए। कुल ५५८ बच्चे इसमें शामिल हुए।

सोलापुर

रेल्वे चाइल्डलाइन सोलापुर ने जुलाई २०१९ से फरवरी २०२० के बीच सोलापुर स्टेशन के पास के इलाकों में ५ ओपन हाउस कार्यक्रम आयोजित किए। उन्होंने बच्चों के साथ सार्वजनिक जगहों पर सुरक्षित कैसे रहा जाए, शिक्षा और साफ सफाई का महत्व और चाइल्डलाइन की सेवाओं के बारे में चर्चा की। करीब २८५ बच्चे इन ओपन हाउस कार्यक्रमों में उपस्थित रहे।

सोलापुर रेल्वे स्टेशन पर ओपन हाउस कार्यक्रम

गुजरात

राजकोट, गुजरात में ओपन हाउस

मध्य प्रदेश

बैतूल

मनसा नगर बैतूल में ओपन हाउस

मंडला निवास लूहारी गांव स्कूल में ओपन हाउस कार्यक्रम

चाइल्डलाइन ने टीकमगढ़, म. प्र. में झुग्गी बस्तियों में ओपन हाउस कार्यक्रम आयोजित किया।

दक्षिण

कर्नाटक

संपूर्ण कर्नाटक राज्य में बच्चों द्वारा उठाए गए मुद्दों पर ओपन हाउस आयोजित किए जाते हैं। यह एक महत्वपूर्ण साधन है जो सीधे तौर पर बच्चों की सहभागिता सुनिश्चित करता है। चाइल्डलाइन बच्चों की जरुरतें, समुदाय में उनकी समस्याओं के बारे में आवाज उठाने के लिए मंच प्रदान करता है और आमंत्रित किए गए सम्बद्ध विभागों के सामने उनके स्थानीय समुदाय समस्याओं को सुलझाने के लिए सहायता करता है। ओपन हाउस में पालकों और समुदायों को भी आमंत्रित किया जाता है। कुल ३५५ ओपन हाउस बैठकें आयोजित की गई जिनमें ५१८७ बच्चे, ३५०६८ वयस्क और २९३९ अधिकारी शामिल हुए।

ओपन हाउस कार्यक्रम-बेलगावी जिला

ओपन हाउस में रिपोर्ट की गई समस्याएँ :

मामलों में हस्तक्षेप :

स्कूल छोड़ना, बाल विवाह, बाल मजदूरी, एकल पालक, शारीरिक शिक्षा, शारीरिक दुर्व्यवहार, मानसिक दुर्व्यवहार, इत्यादि।

मूलभूत सुविधाएँ और अन्य जनता से जुड़ी समस्याएँ :

पीने के पानी, शौचालय सुविधा, खेल के मैदान, स्कूल प्रांगण, मध्यान्ह भोजन समस्याएँ, विभिन्न विषयों के शिक्षकों की कमी जैसी स्कूल की बुनियादी सुविधाओं की कमी। स्कूल परिसर में स्थानीय लोगों द्वारा शराब का सेवन और स्कूल परिसर का दुरुपयोग, गांव में जल निकासी, सड़क की समस्या, खुले हुए कुएँ, सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था ना होना इत्यादि।

ओपन हाउस का असर

- मामलों के दर्ज किए जाने में बढ़ोतरी
- कई स्कूलों और खेल के मैदानों में सीमा दीवार के निर्माण की पहल के लिए चाइल्डलाइन द्वारा काम आसान किया गया
- लड़कियों और लड़कों के लिए कई स्कूलों में अलग अलग शौचालय, स्थानीय पंचायत नेताओं के ज़रिए पीने के पानी की सुविधाएँ और मध्यान्ह भोजन से जुड़ी समस्याओं का समाधान
- आई.सी.पी.एस योजना, आर.बी.एस.के योजना इत्यादि के अंतर्गत कई बाल प्रायोजन योजनाओं को जोड़ा गया
- जहाँ भी स्कूल परिसरों का दुरुपयोग हो रहा था वहाँ पुलिस द्वारा नियमित बीट की शुरुआत की गई
- कई गांवों में जल निकासी समस्या के समाधान, खुले कुओं को ढंकना और सड़क पर प्रकाश की व्यवस्था के लिए चीज़ें सुगम करना
- इससे विभागों और इसके साथ ही समुदाय के लोगों के बीच स्वस्थ समन्वय स्थापित करने में मदद मिली
- परिवहन विभाग के समन्वय से कई गांवों में बस सुविधाएँ शुरु की गई और स्कूली बच्चों के साथ बातचीत करते समय बस चालक और वाहक के व्यवहार में सकारात्मक बदलाव सुनिश्चित किया गया

बच्चों से जुड़ी समस्याएँ साझा करने के लिए ओपन हाउस बच्चों और समुदाय के लिए एक अनोखा कार्यक्रम है। इससे चाइल्डलाइन को भी बच्चों को सुनने और सुझावों सहित चाइल्डलाइन और अन्य विभागों की सेवा के बारे में प्रतिक्रिया एकत्रित करने का मौका उपलब्ध होता है। लाइन विभाग से अधिकारी भी ओपन हाउस कार्यक्रमों में शामिल होते हैं।

बच्चों, समुदाय के लोगों और सम्बद्ध विभागों के साथ कुल १५६ ओपन हाउस कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कुल ९४८७ बच्चे, १४०४ हितधारकों ने इसमें हिस्सा लिया और ३९० मामलों को इन ओपन हाउस के ज़रिए दर्ज किया गया।

ओपन हाउस के दौरान उठाए गए मुद्दे:

- स्कूल बीच में ही छोड़ देना
- सुरक्षित पीने के पानी की कमी
- खेल मैदान सुविधाओं का ना होना
- किचन के लिए छप्पर ना होना
- कम्प्यूटर लैब की अनुपलब्धता
- सीमा दीवार का ना होना
- छेड़–छाड़ की समस्या
- एसएडीएआरएएम प्रमाणपत्र / विकलांगता प्रमाणपत्र
- साफ सफाई सुविधाओं की कमी
- मध्यान्ह भोजन/ आहार की समस्या
- नशीले पदार्थ का सेवन
- आंगनवाड़ी केंद्र की समस्याएँ
- आरटीसी से जुड़ी समस्याएँ

ओपन हाउस के पहले लड़कियों के लिए अलग शौचालय नहीं था

१ स्कूल ने लड़कियों के लिए अलग शौचालय का निर्माण किया

ओपन हाउस बैठकों के प्रमुख नतीजे :

- स्कूल छोड़ चुके १४५ बच्चों को फिर से दाखिल किया गया
- २७ बच्चों को आश्रय उपलब्ध कराया गया
- ८९ नशे का सेवन करने वाले बच्चों को मुख्यधारा में लाया गया

- छेड़छाड़ के २२ मामलों को सुलझाया गया
- ५ स्कूलों में सुरक्षित पीने के पानी की व्यवस्था
- ३ स्कूलों को खेल के मैदानों की सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई
- ३ रसोईघरों में छप्परों का नए तौर पर निर्माण किया गया
- २ स्कूलों में कम्प्यूटर लैब का परिचालन शुरु किया गया
- २ स्कूलों में सीमा दीवार का नए तौर पर निर्माण
- स्कूली स्तर पर १८ छेड़छाड़ की समस्याओं को सुलझाया गया
- बच्चों के लिए १२ एस.ए.डी.ए.आर.ए.एम / विकलांगता प्रमाणपत्र उपलब्ध कराए गए
- ३६ स्कूलों में साफसफाई सुविधाओं में सुधार
- १ स्कूल में लड़कियों के लिए अलग शौचालय का निर्माण
- २९ जगहों पर मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता में सुधार
- करीबी आंगनवाड़ी से जोड़ते हुए २० आंगनवाड़ी सेवाएँ – पोषणयुक्त आहार का प्रावधान
- गांव आर.टी.सी से जुड़ी ४ समस्याएँ– स्कूलों में विनती स्टॉप, बस के समय में बदलाव इत्यादि

तेलंगाना

ओपन हाउस कार्यक्रम–पेड्डापल्ली जिले

तमिलनाडू

कुल ४४२ ओपन हाउस आयोजित, जिसके ज़रिए २९९०५ बच्चों और २२४२४ वयस्कों तक पहुंचा गया और करीब ४९१ मामलों को दर्ज किया गया। स्कूल/गाँव स्तर की आधारभूत ज़रुरतों, परिवहन सुविधाओं जैसी समस्याओं को भी संबोधित कर सुलझाया गया।

केरल

केरल में २२२ और लक्षद्वीप और पुडुचेरी के केंद्रशासित ज़िलों में २४ ओपन हाउस आयोजित कर हासिल करने की योजना थी। इस लक्ष्य में से केरल ने १६८ और केंद्रशासित प्रदेश में १२ ओपन हाउस का आयोजन किया गया। लक्ष्य को पूरा न कर पाने का प्रमुख कारण २०१९ के मानसून के दौरान ज़्यादातर ज़िलों में अनुभव की गई लगातार और अप्रत्याशित बाढ़ की स्थिति थी।

चाइल्डलाइन की शुरुआत से ही ओपन हाउस इसका एक रणनीतिक घटक कार्यक्रम रहा है। इसके साथ ही बच्चों की आवाज़ सुनने के लिए ओपन हाउस चाइल्डलाइन का महत्वपूर्ण साधन भी रहा है।

साल २०१९–२०२० के दौरान सरकारी विभाग के उचित सरकारी विभाग के प्रतिनिधियों की सहभागिता के साथ चाइल्डलाइन द्वारा ओपन हाउस आयोजन में उच्च गुणवत्ता सुनिश्चित की गई थी। यहाँ बच्चों को उनकी समस्याएँ अधिकारियों के सामने रखने के लिए मंच उपलब्ध कराया गया था। इससे अधिकारियों को बच्चों के मुँह से ही उनकी समस्या जानने का मौका मिला जिसके कारण आयोजित किए गए ओपन हाउस के नतीज़ों पर स्थायी असर देखा गया। आमने–सामने बातचीत किए जाने से बच्चों की कई सम स्याओं का निराकरण हो गया जैसे : निजी बस कर्मचारियों द्वारा अभद्र व्यवहार, आसपास अवैध शराब के निर्माण और वितरण पर उत्पाद शुल्क विभाग की कार्रवाई, सड़कों पर प्रकाश व्यवस्था, दूर जगहों के लिए बस सेवाएँ, स्कूल परिसर के आसपास बच्चों की सुरक्षा, घर पर उपेक्षित किए जाने की घटनाएँ, छेड़छाड़ से बचाव इत्यादि। ओपन हाउस के ज़रिए बच्चों द्वारा सुरक्षा और देखभाल की समस्याओं पर ध्यान आकर्षित किया गया जिनमें से ज़्यादातर समस्याओं का निराकरण किया गया जबकि शेष पर अब भी कार्य जारी है।

चाइल्डलाइन केरल द्वारा ओपन हाउस कार्यक्रम



जुड़ना

हमारी क्षमता में वृद्धि के लिए टेक्नोलॉजी का
इस्तेमाल करते हुए प्रत्येक बच्चे तक
पहुँचे और उनसे कनेक्ट करें

कॉल का विश्लेषण

चाइल्डलाइन १०९८ सेवा ९२५ भागीदार संस्थाओं (३१ मार्च, २०२० तक) के एक अच्छी तरह एकीकृत नेटवर्क के ज़रिए भारत में ३५ राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के ५०२ शहरों/ज़िलों में उपलब्ध है। देखभाल और सुरक्षा की ज़रुरत वाले बच्चों के लिए और परेशानी में फंसे बच्चों को राहत पेश करने हेतु पहली प्रत्यर्थी होने के अलावा यह मौजूदा बाल संरक्षण कार्य प्रणाली को आकार देने और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

ज़िलों की संख्या	१६१	१५९	११८	१२०	५५८
श्रेणियाँ	उत्तर	पूर्व	पश्चिम	दक्षिण	राष्ट्रीय
हस्तक्षेप					
चिकित्सा	५,२१६	१०,५२१	५,६५८	३,५४५	२४,९४०
आश्रय	३,०६६	८,१०७	३,०५०	७,९७७	२२,२००
पुनःस्थापन	२३४	१२,०५७	१८३	१३,११८	२५,५९२
दुर्व्यवहार से संरक्षण	२९,१६०	२५,७९०	१७,९८५	५६,४७८	१२९,४१३
कानून के साथ संघर्ष की स्थिति में बच्चा	२३३	८३	१९४	२३३	७४३
प्रायोजन	४,२६९	१,६५३	३,६४९	३,१७३	१२,७४४
गुमशुदा	२१,२४८	६,८८६	१३,६३३	३,५४६	४५,३१३
कोरोना (कोविड–१९)	५६०	१६	१३७	२०	७३३
भावनात्मक सहायता और मार्गदर्शन	५,७८३	४,८१०	४,४६४	१०,७४४	२५,८०१
अन्य हस्तक्षेप	११,०३८	१३,२९२	१०,९८५	२०,६००	५५,९१५
सेवाओं के लिए जानकारी/रेफरल	५०,९८१	५९,४५४	७,३८८	१०५,१६०	२२२,९८३
हस्तक्षेप के लिए आगे की कार्यवाही	५९,७७६	१०१,३७१	१६,८००	१४,०१९	१९,१९६६
विश्वास निर्माण	१,१६८,७७३	४९९,८९४	४३६,९३५	७६९,७९७	२,८७५,३९९
क्रैंक/चैट	६४५,४७८	३६७,९४१	३६४,२६२	१८७,११५	१,५६४,७९६
हस्तक्षेप कॉल्स – ख	**२,००५,८१५**	**१,१११,८७५**	**८८५,३२३**	**१,१९५,५२५**	**५,१९८,५३८**
II. ग़ैर–हस्तक्षेप कॉल्स					
जागरुकता निर्माण कॉल्स	५२,५१३	२०,९२१	५४,८३२	७०,८५६	१९९,१२२
तकनीकी कनेक्टिविटी समस्याएँ	२९४,४१९	५७१,५२१	५०२,१०३	५२८,७१९	१,८९६,७६२
कोई अन्य	१४९	०	४२	७५	२६६
गैर–हस्तक्षेप कॉल्स– ख ख	**३४७,०८१**	**५९२,४४२**	**५५६,९७७**	**५९९,६५०**	**२,०९६,१५०**
कुल – ख + ख ख	**२,३५२,८९६**	**१,७०४,३१७**	**१,४४२,३००**	**१,७९५,१७५**	**७,२९४,६८८**

प्रत्यक्ष हस्तक्षेप कॉल्स



अप्रत्यक्ष हस्तक्षेप कॉल्स



चाइल्डलाइन मामलों का स्त्रोत



किस प्रकार बच्चों ने चाइल्डलाइन १०९८ पर कॉल किया?



सहायता प्रदान किए गए बच्चों का आयू समूह



सहायता प्रदान किए गए बच्चों का लिंग



नोट : – चाइल्डलाइन को ९ तृतीयपंथियों के मामले प्राप्त हुए हैं। बेहद कम संख्या के कारण प्रतिशत शून्य प्रदर्शित हो रहा है।

चाइल्डलाइन संपर्क केंद्र (सी.सी.सी)

देखभाल और संरक्षण की ज़रुरत वाले बच्चों के लिए चाइल्डलाइन १०९८ सेवा एक मुफ्त २४ घंटो वाली, आपातकालीन, फोन-आउटरीच सेवा है। प्रत्येक परेशानी में फंसे बच्चे की आवाज़ चाइल्डलाइन संपर्क केंद्रों (सी.सी.सी) के ज़रिए हम तक पहुँचती है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि परेशानी में फंसे प्रत्येक बच्चे की मदद के लिए पुकार सुनी जाए और उस तक सहायता पहुँचे, चाइल्डलाइन सेवा देश के प्रत्येक कोने तक पहुँचना ज़रुरी है। इसी उद्देश्य के साथ समकालीन टेक्नोलॉजी और प्रणाली का इस्तेमाल सी.सी.सी में किया जाता है जहाँ कॉल्स भेजे जाते हैं। वर्तमान में ५ जगहों (मुंबई, दिल्ली, कोलकाता, चेन्नई और बैंगलुरु) में कॉल प्राप्त करनेवाले ६ केंद्र हैं और सभी चाइल्डलाइन शहरों/ज़िलों को उनसे जोड़ा गया है। सी.सी.सी द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर रात-दिन लगातार कॉल का जवाब दिया जाता है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि प्रत्येक बच्चा जो १०९८ पर कॉल करता है उसे स्थानीय स्तर पर भागीदारों के ज़रिए सहायता उपलब्ध कराई जा सके। सी.सी.सी में सी.आए.फ कर्मचारी रखे जाते हैं और क्लाउड आधारित कनेक्टिविटी का इस्तेमाल करते हुए टेक्नोलॉजी/इन्फ्रास्ट्रक्चर को टीसीएस को आउटसोर्स किया गया है।

सी.सी.सी कैसे कार्य करती है

एक बार १०९८ पर सी.सी.सी में कॉल प्राप्त होने पर, एक प्रशिक्षित चाइल्डलाइन संपर्क अधिकारी (सीसीओ) द्वारा इस कॉल का जवाब दिया जाता है। यदि फोन पर ही कॉल का समाधान हो जाता है तो यह सी.सी.सी ऑपरेशन बन जाता है। हालाँकि ऐसे कॉल के लिए जिसमें प्रत्यक्ष हस्तक्षेप की ज़रुरत होती है, सीसीओ विवरण की सूची बनाता है और सहयोगी भागीदारों (चाइल्डलाइन हस्तक्षेप इकाई) को उस शहर में कॉल करता है जहाँ से कॉल आया है। इसके बाद सहयोग भागीदार आगे की कार्रवाई करता है और सी.सी.सी को हस्तक्षेप के अनुमानित समय के बारे में सूचित करता है और हस्तक्षेप के बाद इस केस का संपूर्ण विवरण सी.सी.सी को रिपोर्ट करता है। इससे सी.सी.सी को दस्तावेजीकरण पूरा कर पाना संभव होता है। कभी कभी कॉलर स्थानीय भाषा में बात करता है। ऐसे मामलों में सी.सी.सी स्थानीय सहयोग भागीदार के साथ एक कॉन्फरेंस कॉल की व्यवस्था करता है।

विस्तार मॉडल

- दूरस्थ स्थित प्राथमिक डाटा केंद्र मुंबई में और डिज़ास्टर बैकअप द्वितीयक डाटा केंद्र चेन्नई में है
- डाटा सेंटर को सीआरएम सॉफ्टवेयर सर्वर, कॉल रिकॉर्डिंग सर्वर, जेनेसिस प्लैटफॉर्म सर्वर, डाटा बैकअप सर्वर होस्ट करना होता है
- इन्हें एम.पी.एल.एस (मल्टी प्रोटोकॉल लेबल स्विचिंग) क्लाउड के ज़रिए प्रत्येक सी.सी.सी स्थल से जोड़ा जाता है
- प्रत्येक शहर में टी.सी.एस फैसिलिटी पर सी.सी.सी स्थलों को एम.पी.एल.एस क्लाउड आधारित कनेक्टिविटी के ज़रिए डाटा केंद्रों से जोड़ा जाता है
- वेंडर्स में शामिल हैं: होस्टेड सॉल्यूशन मॉडल (डाटा केंद्र और एम.पी.एल.एस कनेक्टिविटी) और प्रत्येक शहर में सी.सी.सी सुविधा के लिए टाटा कन्सल्टेंसी सर्विसेज़ (टी.सी.एस) और सी.आर.एम सॉफ्टवेयर के लिए टैलिस्मा

प्रत्येक सी.सी.सी स्थल का कवरेज

उत्तर

गुड़गांव सी.सी.सी: उत्तर से आंशिक कॉल : जम्मू एवं कश्मीर, हि. प्र., पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, चंड़ीगढ़

पूर्व

कोलकाता सी.सी.सी : पश्चिम बंगाल, ओडिशा, बिहार, छत्तीसगढ़, झारखंड, असम, मेघालय, मणीपुर, त्रिपुरा, नागालैंड, सिक्किम, मिज़ोरम, अरुणाचल प्रदेश और अंदमान

पश्चिम

मुंबई सी.सी.सी : उत्तर से आंशिक कॉल : उत्तरांचल, उत्तर प्रदेश, दिल्ली। पश्चिम : मप्र, गुजरात, महाराष्ट्र, गोवा, मुंबई

दक्षिण

चेन्नई और बैंगलुरु सी.सी.सी: तमिलनाडू, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, केरल, कर्नाटक, पुडुचेरी

सी.सी.सी विवरण (*मार्च ३१, २०१९ तक)

सूचकांक	संख्या
सी.सी.सी स्थल की संख्या	६
सीटों की संख्या	१३५
कवर किए गए चाइल्डलाइन स्थलों की संख्या	५९९
पीआरआई इन्कमिंग लाइनें	३६० (१२ **PRI**)
कवरेज	संपूर्ण भारत

क्षेत्र (सी.सी.सी)	पेश किए गए कॉल्स (कुल कॉल)	जवाब दिए गए कॉल्स	छोड़े गए कॉल्स	१० सेकंड से कम अवधि के छोड़े गए कॉल
गुड़गांव उत्तर	२,६०५,१२२	२,१८८,७१०	४१६,४१२	१९४,१४९
कोलकाता (पूर्व)	१,९२४,८०८	१,६९९,१७४	२२५,६३४	९३,९८६
चेन्नई (दक्षिण)	१,३४०,७९१	१,२१८,८९८	१२१,८९३	५२,२४४
बैंगलुरु (दक्षिण)	५७९,७३७	५७०,५३९	९,१९८	४,८२४
मुंबई (विक्रोली)	१,१६९,२०१	१,०२१,५६९	१४७,६३२	४२,२५१
मुंबई (गोरेगांव)	६२१,२९०	५७९,९३९	४१,३५१	१८,२९४
	६८६,७४६	६०६,५६९	८०,१७७	३३,८१२
	२२,८९२	२०,२१९	२,६७३	१,१२७

वर्णन	कुल	
कुल शहरों की संख्या मार्च २०२० तक	५५९	
प्राप्त हुए कॉल्स की कुल संख्या	८,२४०,९४९	
जवाब दिए गए कॉल्स की कुल संख्या	७,२७८,८२९	
छोड़ दिए गए कॉल्स की कुल संख्या	९६२,१२०	
औसत १० सेकंड से कम के छोड़ दिए गए कॉल्स	४०५,७४८	
प्रति माह प्राप्त हुए औसत कॉल्स	६८६,७४६	
प्रति माह जबाव दिए गए औसत कॉल्स	६०६,५६९	
प्रति माह छोड़ दिए गए औसत कॉल्स	८०,१७७	११.६७%
प्रति माह औसत १० सेकंड से कम के छोड़ दिए गए कॉल्स	३३,८१२	
प्रति दिन प्राप्त होने वाले औसत कॉल्स	२२,८९२	
प्रति दिन जबाव दिए गए औसत कॉल्स	२०,२१९	
प्रति दिन छोड़ दिए गए औसत कॉल्स	२,६७३	
प्रति दिन औसत १० सेकंड से कम के छोड़ दिए गए कॉल्स	१,१२७	
जवाब दिए गए कॉल्स की औसत गति :	:०२ सेकंड	
कॉल टाइम पर औसत :	:५० सेकंड	
औसत छोड़ दिया गया टाइम :	:०२ सेकंड	

जवाब दिए गए


९००,०००
८००,०००
७००,०००
६००,०००
५००,०००
४००,०००
३००,०००
२००,०००
१००,०००
०
६२५,२९५
६५८,७०७
६१७,८०९
६०९,८८४
५१०,१२२
५८६,८३१
६०३,४७८
५५८,५२४
५५३,१३०
५३१४२८
६४१,१०२
७८२,६०७
अप्रैल–१९
मई–१९
जून–१९
जुलाई–१९
अगस्त–१९
सितंबर–१९
अक्टूबर–१९
नवंबर–१९
दिसंबर–१९
जनवरी–२०
फरवरी–२०
मार्च–२०


१,०८०,०००
१,०७०,०००
१,०६०,०००
१,०५०,०००
१,०४०,०००
१,०३०,०००
१,०२०,०००
१,०१०,०००
१,०००,०००
९९०,०००
१,०२०,८५०
१,०२८,९५७
१,०२२,८२६
१,०४४,७२४
१,०७२,९५४
१,०५९,५०५
१,०२९,०७३
सोमवार
मंगलवार
बुधवार
गुरुवार
शुक्रवार
शनिवार
रविवार



विभाग के अनुसार हस्तक्षेप



वार्षिक ट्रेंड : अप्रैल १, २०१९ से मार्च ३१, २०२० के दौरान जवाब दिए गए और छोड़ दिए गए कॉल्स का प्रतिशत



अप्रैल १, २०१९ से मार्च ३१, २०२० के दौरान जवाब दिए गए विरुद्ध छोड़ दिए गए कॉल्स



एमटीडी ट्रेंड-जवाब देने की गति और सेवा स्तर का औसत



परेशानी में फंसे बच्चों के लिए सहायता

नीचे उल्लिखित सहायता / मामले चाइल्डलाइन द्वारा किए गए अनगिनत कार्यों में से केवल कुछ उदाहरण हैं।

**** पहचान की गोपनीयता बनाए रखने के लिए उल्लिखित मामलों के विवरणों को बदल दिया गया है।***

केस स्टडी

आपातकालीन चिकित्सा

८ जुलाई २०१९ को चाइल्डलाइन को संगीता (बदला हुआ नाम) की ओर से उसकी बेटी के संबंध में एक कॉल प्राप्त हुआ जिसे चलने में परेशानी हो रही थी। चाइल्डलाइन टीम ने कॉलर को बच्ची के साथ चाइल्डलाइन कार्यालय में पहुँचने का अनुरोध किया। कॉलर अगले दिन उसकी बच्ची के साथ चाइल्डलाइन कार्यालय में पहुँची और उसने खुलासा किया खेलते समय उसकी बच्ची को घुटने में चोट लग गई थी। बच्ची को तुरंत नज़दीकी अस्पताल ले जाया गया।

बच्ची की जाँच की गई और एक्स रे निकाला गया, जिसके बाद डॉक्टरों ने जानकारी दी कि उसके घुटनों में पानी भर गया है और पानी को निकालने के लिए तुरंत एक छोटी सर्जरी करवाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही, एक सप्ताह के बाद एक और सर्जरी कराने की आवश्यकता होगी, अन्यथा बच्ची को अपना पैर खोना पड़ सकता है। चाइल्डलाइन टीम ने सफलतापूर्वक दोनों सर्जरियाँ करवाई और बच्ची को विकलांग होने से बचा लिया।

नशीले पदार्थ का सेवन / नशे की लत

यह केस स्टडी एक १६ वर्षीय बच्चे के संबंध में है जो तीन साल तक नशीले पदार्थ के सेवन के प्रभाव में रहा। चाइल्डलाइन अनंतनाग को चाइल्डलाइन संपर्क केंद्र की ओर से एक कॉल प्राप्त हुआ और कॉलर ने चाइल्डलाइन अनंतनाग को जानकारी दी की उक्त बच्चा नशीले पदार्थ का सेवन करता है और वह उचित सहायता चाहता है।। चाइल्डलाइन अनंतनाग काउन्सलर और एक टीम इस केस को पूरी तरह समझने और बच्चे के साथ घनिष्ठता बनाने के लिए के लिए बच्चे के पास गए। काउन्सलर ने बच्चे को उसकी समस्या से बाहर आने के लिए बहुत प्रयास किए और इस प्रकार काउन्सलिंग का पहला सत्र पूरा किया गया। काउन्सलिंग सत्र के दौरान यह पाया गया कि बच्चा मानसिक रुप से भटक गया है और हमारी सहायता प्राप्त नहीं कर पा रहा है। उसकी स्थिति इतनी खराब थी कि वह होश में ही नहीं रहता था। उसके मातापिता ने उसे ठीक कराने के लिए सभी प्रकार की कोशिशें की थी लेकिन वे सफल नहीं हो पाए। इसके साथ ही चाइल्डलाइन अनंतनाग ने नशा मुक्ति केंद्र से इस बच्चे को दाखिल करने के लिए संपर्क किया और उन्हें सकारात्मक जवाब मिला। इस बीच भर्ती प्रक्रिया को आसान करने के लिए सी.डब्ल्यू.सी पुलवामा को भी इस केस के बारे में सूचित किया गया था।

मानव तस्करी का मामला

घाटी में २०१९ के अशांतता के माहौल में एक १६ साल की लड़की को बिहार ले जाकर बेच दिया गया था। घाटी में सभी प्रकार के संचार पर प्रतिबंध लगा हुआ था। इस मामले को एक न्यूज़ चैनल द्वारा टीवी पर दिखाया गया था। अगले दिन चाइल्डलाइन की टीम संबंधित गांव में पहुँची और उक्त परिवार के बारे में पुष्टि की। सौभाग्य से चाइल्डलाइन ने उक्त परिवार का पता लगा लिया और परिवार के लोगों से बातचीत की। बच्ची के पिता ने हमें जानकारी दी कि एक बाहरी व्यक्ति ने उसकी बेटी की अवैध तरीके से बिहार में तस्करी की है, जो उसी गाँव में मिस्त्री के तौर पर काम कर रहा था। इस संबंध में पुलिस थाने में सी.आर.पी.सी. की धारा ३६३ के अंतर्गत एफ. आई.आर दर्ज की गई। चाइल्डलाइन अनंतनाग की टीम ने केस की स्थिति जानने के लिए संबंधित पुलिस थाने का दौरा किया। संबंधित जाँच अधिकारी ने हमें केस के बारे में बताया कि लड़की को बचाने के लिए पीड़िता के परिवार के सदस्यों के साथ एक पुलिस पार्टी को इटावा गांव भेजा गया था लेकिन लड़की को बचाने की कोशिश नाकाम रही क्योंकि तस्करी करने वाले ने बच्ची को कहीं और भेज दिया था। उसी दिन सी.एल.ए ने सी.ड.ब्ल्यू.सी अनंतनाग, ज़िला बाल तस्करी निरोधक यूनिट अनंतनाग और पुलिस उप-अधीक्षक को इस केस के बारे में सूचित कर दिया। इसके साथ ही सीएलए ने चाइल्डलाइन सुपौल को भी उक्त केस के बारे में सूचित किया और एक बचाव योजना की शुरुआत की गई। जन्म प्रमाणपत्र, एफ.आई. आर कॉपी सहित सभी आवश्यक दस्तावेज़ चाइल्डलाइन सुपौल भेज दिए गए। चाइल्डलाइन सुपौल द्वारा बचाव कार्य किया गया और अंत में लड़की को सुपौल के शेल्टर होम में रखा गया। बच्ची के पुनर्वसन के लिए एक बचाव दल अनंतनाग से सुपौल के लिए रवाना हुआ और ११ अक्तूबर २०१९ को बच्ची को उसके परिवार को सौंप दिया गया।

बाल दुर्व्यवहार

९ जनवरी, २०२० को केरल के कासरगोड़ ज़िले से चाइल्डलाइन को एक सूचना देने वाले के ज़रिए कॉल आया। खबर देने वाले ने

बताया कि एक दस साल की बच्ची को वो जिस स्कूल में पढ़ती है वहाँ के चपरासी द्वारा शारीरिक चोट पहुँचाई गई है। जानकारी के आधार पर चाइल्डलाइन टीम ने वहाँ का दौरा किया।

जब चाइल्डलाइन टीम बच्ची के घर पर पहुँची तो पता चला कि वह अपने माता पिता, दादा–दादी और छोटी बहन के साथ एक किराए के मकान में रहती है। उसके पिता दिहाड़ी मजदूर हैं और माँ गृहिणी है। बच्ची कासरगोड़ जिले के एक स्कूल में ५वीं कक्षा में पढती है।

बच्ची से घर पर मिलने के बाद टीम को पता चला कि बच्ची डरी हुई थी और स्कूल नहीं जाना चाहती थी। लड़की ने बताया कि एक दिन वह मदरसा का पाठ पूरा किए बगैर वह स्कूल में सुबह ८.४५ बजे पहुँच गई और उस वक्त स्कूल में अन्य छात्र वहाँ नहीं थे। सामान्य तौर पर शिक्षक वहाँ मौजूद रहते थे लेकिन उस दिन अरबी भाषा का शिक्षक छुट्टी पर था। जब बच्ची स्टाफरुम में झाड़ू लेने गई तो चपरासी वहाँ आया और उसे गुप्तांग दिखाने लगा। बच्ची बहुत घबरा गई और उसने वहाँ से भागने की कोशिश की लेकिन उसने उसे पकड़ लिया और ज़बरदस्ती उसे चूमा और गले लगाया। बाद में बच्ची ने अपने दोस्तों को इस घटना के बारे में बताया। इसके बाद शाम को माँ ने पाया कि वह काफी घबराई हुई थी, तो कई बार पूछने पर बच्ची ने अपनी माँ को सबकुछ बता दिया और फिर उन्होंने हेल्पलाइन नंबर १०९८ पर कॉल किया।

बच्ची से बात करने के बाद, पता चला कि उसके अन्य दोस्तों का भी चपरासी के साथ यही अनुभव था। बच्ची के साथ अकेले में गोपनीय बात करने के बाद चाइल्डलाइन की टीम स्कूल में गई और मुख्य अध्यापक की अनुमति लेकर उसके दोस्तों से बातचीत की। चाइल्डलाइन टीम को पता चला की इसी तरह की घटनाएँ कुछ अन्य छात्रों के साथ भी हुई थी। उसी दिन यह जानकारी पोक्सो कानून, २०१२ की धारा १९(१) के अनुसार कासरगोड़ शहर पुलिस के एस.एच.ओ को दी गई। इसके बाद तुरंत पुलिस आई और उन्होंने ६ बच्चों का बयान दर्ज किया और इसके साथ ही मेडिकल जाँच कराई और सी.आर.पी.सी की धारा १६४ के अनुसार मजिस्ट्रेट के सामने बयान दर्ज किया। अगले दिन दुर्व्यवहार के आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया गया। इतना ही नहीं इसी व्यक्ति ने उसी ज़िले के एक स्कूल में करीब १० छात्रों के साथ दुर्व्यवहार किया था जहाँ वह पहले काम करता था।

वर्तमान में बच्ची उसके माता–पिता के साथ रहती है और वह स्कूल जा रही है। चाइल्डलाइन ने लगातार भावनात्मक मदद और मार्गदर्शन के ज़रिए बच्ची को सामान्य करने के लिए आगे की कार्यवाही की। कुल मिलाकर बच्ची की प्रगति संतोषजनक है और जबकि कानूनी प्रक्रिया पोक्सो कोर्ट में साथ साथ चल रही है, चाइल्डलाइन कासरगोड़ बच्ची को सदमे से उबारने के लिए सभी संभव कोशिशें कर रही है।

बाल दुर्व्यवहार

४ फरवरी २०२० को एक अज्ञात कॉलर ने चाइल्डलाइन १०९८ पर कॉल कर जानकारी दी किस प्रकार एक सौतेले पिता द्वारा उसके दो बच्चों के साथ गंभीर शारीरिक दुर्व्यवहार किया जा रहा है। बच्चे रप्थाडू गाँव के हैं और सरकारी स्कूल, अनंतपुर में पढ़ रहे हैं।

९ फरवरी २०२० को चाइल्डलाइन टीम ने स्कूल की मुख्याध्यापिका से मुलाकात की और इन बच्चों के बारे में पूछताछ की। चाइल्डलाइन ने व्यक्तिगत रुप से घटना के बारे में बच्चों से बातचीत की और उन्हें यह पता चला कि सौतेले पिता उनकी बुरी तरह पिटाई करते हैं। उन्हें तुरंत ग्राम सचिवालयम ले जाया गया जो स्कूल से लगकर ही है और उन्हें महिला पुलिस कर्मचारी द्वारा प्रस्तुत किया गया। वहाँ से जानकारी शहर पुलिस थाना अनंतपुर भेजी गई। शहर पुलिस थाने से एक पुलिस कॉन्स्टेबल घर आकर माता–पिता से मिला और उन्हें बच्चों के साथ खराब व्यवहार या शारीरिक रुप से दुर्व्यहार ना करने के बारे में समुपदेशन किया। उसने उन्हें चेतावनी दी कि यदि ऐसी घटना फिर हुई तो उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। चाइल्डलाइन टीम ने बच्चों का समुपदेशन किया और उन्हें भरोसा दिलाया, इसके बाद कहा कि यदि उन्हें फिर से पीटा जाता है या परेशान किया जाता है तो वे इसके बारे में शिक्षक को बताएँ।

अगले ही दिन १० फरवरी, २०२० को मुख्याध्यापिका ने चाइल्डलाइन पर फिर से कॉल किया और शिकायत की कि बच्चों को उनके सौतेले पिता द्वारा बुरी तरह पीटा गया है और इस मामले में हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। चाइल्डलाइन टीम फौरन स्कूल में गई और इस पूरी घटना को नोट किया।

शरीर पर जख़्मों की तस्वीरें ली गई और इन्हें चाइल्डलाइन से डी.सी.पी.ओ और सी.डी.पी.ओ को भेजा गया जो फौरन स्कूल पहुँचे और स्थिति का जायज़ा लिया। बच्चों के साथ व्यक्तिगत बातचीत में उन्होंने बताया कि उनके पिता बिना किसी कारण के उन्हें पीटते हैं और उन्हें घर जाने और सौतेले पिता का सामना करने में बहुत डर लगता है। अधिकारियों ने बच्चों के परिवार से जाकर मिलने का फैसला किया ताकि इस समस्या को सुलझाया जा सके। इसलिए डी.सी.पी.ओ और सी.डी.पी.ओ ने रप्थाडू पुलिस के एस.आई (वरिष्ठ निरीक्षक) को बुलाया और स्थिति समझाई, उनसे उन्हें मदद देने के लिए कहा क्योंकि वे बच्चों के परिवार से मिलने जा रहे थे।

बच्चों की माँ ने बच्चों को पीटे जाने की बात को लेकर कड़ा विरोध किया, और उसका व्यवहार टीम के साथ बहुत अहंकार से भरा था। कुछ देर तक वह कहती रही कि बच्चे ऊंचाई से गिर गए जिसके कारण उन्हें चोट आई। लेकिन जब टीम ने उन्हें समझाया कि ये चोटें दुर्घटनात्मक रुप से गिरने के कारण नहीं हुई है, तो वह झगड़ा

करने लगी कि पालक के तौर पर उन्हें अच्छी तरह पता है बच्चों को कैसे नियंत्रण में रखना है और जब वे गलत बर्ताव करते हैं या बदतमीज़ी करते हैं तो उनकी पिटाई करने का उन्हें पूरा अधिकार है। उसने टीम को धमकी भी दी कि इस तरह की पूछताछ और समुपदेशन लज्जास्पद है और यदि वे फिर उनके घर बच्चों के बारे में बात करने आए तो वे आत्महत्या कर लेंगे। हालाँकि टीम ने उसे और उसके पति को चेतावनी दी कि वे इस तरह की हरकत फिर से ना करें। उन्होंने पुलिस थाने में भी कॉल किया और अनुरोध किया कि वे सख़्ती से बच्चों के पिता को चेतावनी दें कि बच्चों के साथ कोई क्रूरता नहीं होनी चाहिए।

इन दो बच्चों पर शारीरिक दुर्व्यवहार की खबर ११ फरवरी, २०२० को स्थानीय अखबारों में छपी। इन मीडिया रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया करते हुए रप्थाडू पुलिस स्टेशन के एस.आई ने चाइल्डलाइन १०९८ को कॉल किया और उन्हें पुलिस स्टेशन आने का अनुरोध किया। जब तक टीम के सदस्य पुलिस स्टेशन पहुँचे, तब तक बच्चों के माता पिता भी वहाँ पहुँच गए थे। चाइल्डलाइन के सदस्यों ने पिछले दो दिनों के दौरान हुई घटनाओं के बारे में एसआई को समझाया। इसी दौरान डी.सी.पी.ओ और सी.डी.पी.ओ भी पुलिस स्टेशन आ गए थे।

आगे की कार्रवाई के लिए लिखित शिकायत देने की एसआई की सलाह पर, चाइल्डलाइन सी.डी.पी.ओ और डी.सी.पी.ओ ने बच्चों की ओर से एक लिखित शिकायत प्रस्तुत की। आई.पी.सी की धारा ३२४ और जुवेनाइल जस्टिस एक्ट, २०१५ की धारा ७५ के अंतर्गत एक एफ.आई.आर दर्ज की गई। बच्चों को मेडिकल जाँच और जख़्मों पर इलाज के लिए सरकारी अस्पताल में भेजा गया।

बाद में सी.डब्ल्यू.सी के आदेश पर बच्चों को राज्य सरकार द्वारा संचालित बाल सदन में अस्थायी आश्रय उपलब्ध कराया गया जबकि उनके माता–पिता को हिरासत में भेजा गया।

१२ फरवरी, २०२० को बच्चों को चाइल्डलाइन टीम सदस्य और रप्थाडू पुलिस स्टेशन की एक महिला पुलिस अधिकारी के अनुरक्षण में सी.डब्ल्यू.सी के सामने पेश किया गया। इसके बाद, सी.डब्ल्यू.सी के आदेश के अनुसार बच्चों को एक गांव में बाल देखभाल गृह में भेजा गया जहाँ एक एन.जी.ओ एक सी.सी.आई चला रही है। इसके साथ ही उन्हें आहार, आश्रय और शैक्षणिक सुविधाएँ उपलब्ध कराने के आदेश भी दिए गए। उन्होंने आदेश दिए कि माँ उनके लिए किसी भी तरह की परेशानी निर्माण ना करते हुए हर महिने दूसरे और ४थे रविवार को उन्हें मिलने के लिए आ सकती है। इसके साथ ही उन्होंने आदेश दिए कि बच्चों के असली पिता और उनके दादा दादी बच्चों को उन्हें परेशान या कोई समस्या खड़ी ना करते हुए१ले और ३रे रविवार को बच्चों से मिल सकते हैं।

बाल विवाह

शांति कुमारी (बदला हुआ नाम), एक १३ साल की लड़की पूर्व बर्धमान ज़िले के ऑस्ग्राम पश्चिमपारा में रहती थी। उसके माता पिता द्वारा उसकी शादी तय कर दी गई थी क्योंकि उनके गांव में यह रिवाज़ था कि बच्चों की जितनी कम उम्र में संभव हो शादी करा दी जाए। चाइल्डलाइन पूर्व बर्धमान को एक चिंतित वयस्क की ओर से कॉल प्राप्त हुआ जिन्होंने उन्हें जानकारी दी एक बच्चे का विवाह तय किया गया है और अगले ही दिन विवाह होने वाला है। चाइल्डलाइन पूर्व बर्धमान ने फौरन पुलिस स्टेशन के प्रभारी निरीक्षक से आवश्यक कार्रवाई करने हेतु संपर्क किया। पुलिस और ब्लॉक डेवलपमेंट ऑफिसर (बी.डी.ओ.) की मदद के साथ चाइल्डलाइन की टीम नाबालिग लड़की के घर पर गई और उसके माता–पिता से एक लिखित घोषणापत्र लिया जिसमें यह लिखा गया था कि वे १८ वर्ष से पहले उनकी लड़की का विवाह नहीं करेंगे और उन्हें जागरुक करने की कोशिश की कि किस तरह बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है। समुदाय के लोगों के साथ नाबालिग लड़की के माता पिता को इस तथ्य की जानकारी दी गई कि इसके कई बुरे परिणामों की वजह से बाल विवाह एक सामाजिक बुराई है। इस प्रकार चाइल्डलाइन पूर्व बर्धमान बाल विवाह के एक मामले को रोकने में सफल रही।

घर से भागे बच्चे

जयदीप (बदला हुआ नाम) के माता पिता अलग अलग रहते थे। यह बच्चा उसके बड़े भाई सहित बिहार में उनके दादा–दादी के साथ रहता था। जल्द ही बच्चे की माँ आई और बच्चे को अपने साथ हरियाणा ले गई। माँ एक दूसरे आदमी के साथ रहती थी जिसके ३ बच्चे थे और एक उनका अपना बच्चा था। जयदीप को एक निजी स्कूल में भेजा गया, लेकिन उस पर जिस तरह का ध्यान दिए जाने की ज़रुरत थी वो उसे नहीं मिल रहा था। उसे उसके सौतेले पिता की पूर्व पत्नी द्वारा धमकी दी जा रही थी। आखिरकार वो घबरा गया और उसके घर से भाग गया। यह बच्चा हरियाणा पुलिस को मिला और उसे एक देखभाल संस्थान में २ वर्षों के लिए रखा गया। बाद में उसके परिवार का पता लगाया गया और उसकी माँ और सौतेले पिता उसे लेकर वापस चले गए जहाँ उन्होंने पाया कि बच्चा ना ही पढ़ना चाहता था और ना ही काम करना।

एक बार फिर वह घर से भाग गया और उसे चाइल्डलाइन दिल्ली द्वारा ढूंढा गया। डेली डायरी और मेडिकल जाँच के बाद चाइल्डलाइन टीम ने बच्चे को बाल कल्याण समिति काल्काजी, नई दिल्ली के सामने पेश किया। सी.डब्ल्यू.सी में पेश किए जाने के दौरान बच्चे ने बताया कि ना तो वह अपनी माँ के साथ रहना चाहता है और ना ही उसके असली पिता के घर जाना चाहता है। बच्चा अपने लिए सही फैसला नहीं कर पा रहा था। बच्चे को उसके माँ को सौंपा गया और कुछ दिनों

के बाद उसे मामा द्वारा गोपनीय तरीके से ले जाकर उसके पिता को सौंप दिया गया। शुरु में बच्चा खुश था लेकिन जल्दी ही उसके पिता उसे मारने लगे। वह भाग कर अपने सौतेले पिता के घर गया और वहाँ से भी वह भाग गया। उसके उलझे और टूटे हुए परिवार की वजह सेवह बहुत दुखी था।यह तीसरी बार था जब वह अपने घर से भागा था और अंत में वह चाइल्डलाइन हेल्प डेस्क के संपर्क में आया। (स्थान की तारीख आवश्यक है)

चाइल्डलाइन ने उसका समुपदेशन किया और उसे जीवन के महत्व के बारे में बताया। जल्द ही उसका व्यवहार बदलने लगा और वह अपने जीवन को लेकर सकारात्मक हो गया। इसके बाद से वह अपने नाना–नानी और उसके बड़े भाई के साथ रहने लगा। और बाद में महामारी और लॉकडाउन के बाद उसके बारे में फॉलो–अप किया गया और अब वह खुशी से अपने जैविक पिता के साथ रह रहा है।

बाल दुर्व्यवहार

चाइल्डलाइन संपर्क केंद्र (सी.सी.सी) ने भोपाल चाइल्डलाइन को एक १३ साल के बच्ची के बारे में सूचित किया जो नशीले पदार्थ का सेवन करती थी। कॉल करने वाली व्यक्ति उस बच्ची की मां थी।

बच्ची को उसके मामा के साथ चाइल्डलाइन कार्यालय में लाया गया। महिला टीम सदस्यों ने बच्ची के साथ बातचीत की और बच्ची ने उसकी कहानी बताई। बच्ची के पिता हाथरिक्षा खींचने वाले हैं जबकि माँ अक्सर बीमार रहती है और बिस्तर से उठ नहीं सकती। वे दो बहनें हैं और वह उसके मामा के साथ रहती है जबकि उसकी बहन उसके माता–पिता के साथ रहती है। लड़की ने कक्षा ७वीं के बाद पढ़ाई छोड़ दी। एक बार जब उसने पढ़ाई छोड़ दी तो उसके इलाके के दोस्तों ने उसे नशीले पदार्थ लेने की आदत लगा दी। बातचीत के दौरान टीम को लगा कि बच्ची स्थिति की पूरी तस्वीर नहीं बता रही है लेकिन उन्होंने उसे और बताने के लिए नहीं कहा।

अगले दिन, टीम बच्ची के मामा के घर गई जहाँ टीम की महिला सदस्यों ने बच्ची से फिर बातचीत की। समुपदेशन के दौरान बच्ची फूट फूट कर रोने लगी और उसने चाइल्डलाइन टीम को कहा कि वह इसके आगे उन्हें कुछ भी नहीं बता पाएगी।

बच्ची को उसकी नानी के साथ चाइल्डलाइन कार्यालय ले जाया गया जहाँ उसने बताया कि ६ महिने पहले क्या हुआ था। जब भी वह अपनी नानी से झगड़ा करती तो वो रात को बिना किसी को बताए घर छोड़ देती थी। उसके बाद वह बस स्टैंड गई जहाँ उसे एक लड़का मिला, जिसने उसे एक सिगरेट पेश की जिसमें मारिजुआना (गांजा) भरा हुआ था। सिगरेट पीने के बाद उस पर नशा चढ़ गया और वह बेहोश हो गई। इसके बाद लड़के ने उसके साथ शारीरिक दुर्व्यवहार किया। अगली सुबह उसने पाया कि उसके कपड़े खराब हालत में थे और उसे महसूस हुआ कि उसके साथ कुछ दुर्भाग्यिपूर्ण हुआ है। वो उसके साथ दो दिन रही जहाँ गांजा, हैश (चरस), निट्रोबिट टैब्लेट और शराब का सेवन करने के लिए एक और लड़का उनके साथ जुड़ा। दो लडकों के साथ वह ऑटोरिक्षा चालकों के साथ भी गई और इस दौरान भी उसके साथ कई बार शारीरिक तौर पर दुर्व्यवहार किया गया। इसके बाद इन तीनों को शहर भर में घुमाया गया जहाँ पैसों के बदले में उन पर अत्याचार किया जाता था। मिले पैसों को वे आपस में बाँट लेते और इसका इस्तेमाल नशीले पदार्थ खरीदने के लिए करते थे। इसके बाद बच्ची ने चाइल्डलाइन टीम से उसे इस हालत से बाहर निकालने के लिए प्रार्थना की।

पूरी विधिवत प्रक्रिया के बाद भारतीय दंड संहिता (आई.पी.सी) ३७६ और पोक्सो कानून की धारा ३ और ४ के अंतर्गत जुर्म करने वालों के खिलाफ एफ.आई.आर दर्ज की गई। सक्षम प्राधिकारी के आदेश द्वारा बच्ची को बालिका गृह में रखा गया। इस बीच दोषी व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया।

बाल भिक्षावृत्ति

चाइल्डलाइन टीम को एक फल विक्रेता से जानकारी प्राप्त हुई कि करीब १३ साल का एक लड़का यहाँ वहाँ घूमता हुआ पाया गया। इसके साथ ही अन्य लोग उसे गलत गतिविधियों में शामिल कर रहे थे जो बच्चे के भविष्य के लिए अच्छा नहीं था। चाइल्डलाइन टीम उस जगह पर पहुँची और बच्चे से मिली और उसे चाइल्डलाइन केंद्र पर लाया गया।

समुपदेशन के दौरान बच्चे ने बताया कि जब वह छोटा था तो उसकी माँ ने उसे छोड़ दिया था और दूसरे आदमी से शादी कर ली और उसके पिता हमेशा ही शराब के नशे में रहते हैं।

इसलिए वह उसकी चाची के साथ रहता था। वह कचरा बीनता था और उसकी कमाई चाची को जाती थी जो बदले में उसे खाना देती थी। बच्चे ने आगे चाइल्डलाइन टीम को बताया कि वह भंगार की दुकान पर बैठता था और शराब की बोतल सप्लाय करता था और वे बदले में उसे पांच से दस रुपए देते थे। तो इस तरह बच्चा रोज़ाना ५०० से ६०० रुपए इकट्ठा करता था और वो पूरा पैसा अपनी चाची को देता था।

सभी जानकारी पाने के बाद चाइल्डलाइन टीम ने चाची से जाकर मुलाकात की। हालांकि वह बच्चे के बारे में कोई भी ज़्यादा जानकारी देने में इच्छुक नहीं थी और इसके बजाय वह चाइल्डलाइन टीम पर ही चिल्लाने और दोष देने लगी। टीम ने यह जानकारी सी.डब्ल्यू.सी, बाल संरक्षण अधिकारी और ज़िला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल कल्याण मंत्रालय के साथ साझा की। डी.पी.ओ और महिला एवं बाल कल्याण विभाग ने चाइल्डलाइन को बच्चे और उससे संबंधित

लोगों के पास एक बार फिर जाने और बच्चे के बारे में ज़्यादा विवरण लाने के लिए कहा। लेकिन वहाँ कोई भी नहीं मिला एवं दरवाजे पर ताला लगा था। टीम ने एक बार फिर एस.जे.पी.यू यूनिट के साथ इलाके का दौरा किया और अंत में बच्चे को तिवारी बाज़ार मैदान में उसके परिवार के साथ पाया। टीम ने उन्हें सूचित किया कि यदि उन्होंने बच्चे को ऐसी गतिविधियों में शामिल किया तो उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा। इसके बाद चाची और बच्चे के पिता ने आवश्यक दस्तावेज़ों के साथ सी.डब्ल्यू.सी के सामने पेश होना स्वीकार किया।

५ अगस्त, २०२०को पिता सी.डब्ल्यू.सी के सामने पेश हुए और बताया कि उसकी पत्नी ने उसे छोड़ दिया था जब बच्चा ६ साल का था, और अब वह उसके बच्चे के साथ ही सड़क पर रहता है। उसने यह भी कहा कि वह अपने बच्चे को आश्रय गृह में रखने को तैयार है यदि बच्चा वहाँ से उसकी शिक्षा जारी रखता है। सी.डब्ल्यू.सी ने इस संबंध में आदेश जारी किए और बच्चे को आश्रय गृह में भेज दिया। बच्चा अब एक आश्रय गृह में रह रहा है और नियमित रुप से स्कूल जा रहा है और टीम द्वारा बच्चे की प्रगति के बारे में आगे की कार्यवाही की जा रही है।

बाल मज़दूरी

ताहिर (बदला हुआ नाम) एक १२ साल का बच्चा जो आनुवंशिक रुप से उत्तर प्रदेश के एक गांव का है और उसके माता-पिता और भाई बहनों सहित आठ सदस्यों के साथ रहता है। उसके माता-पिता शिक्षित नहीं थे। ताहिर के पिता ही अकेले परिवार के लिए आजीविका कमाते थे। हालांकि बच्चे के पिता के लिए घर के रोज़ाना खर्चों का वहन कर पाना काफी मुश्किल था, इसलिए बच्चे की बड़ी बहन को पिता की मदद के लिए एक घर के नौकर के तौर पर काम करने के लिए मजबूर होना पड़ा। परिवार की खराब आर्थिक स्थिति के कारण बच्चे के पिता को सभी छह बच्चों के लिए स्कूली शिक्षा का इंतजाम कर पाना मुश्किल था। इसलिए ताहिर को एक स्थानीय गांव में घर के करीब ही मदरसा में शिक्षा के लिए नामांकित किया गया था। लेकिन ताहिर मदरसा में पढ़ना नहीं चाहता था और आखिरकार उसने पढ़ाई छोड़ दी। उसके पिता ने उसे एक दुकान में काम दिलाने की कोशिश की लेकिन दुकानदारों को लगा कि वह छोटा है और अच्छी तरह काम नहीं कर पाएगा।

आखिरकार, उसे एक घर में घरेलू नौकर का काम मिल गया जहाँ उसने एक साल के लिए काम किया। बाद में उसे काम से निकाल दिया गया और उस पर चोरी का आरोप लगाया गया। घर पर वापिस आने के बाद ताहिर अपने माता-पिता से मिलकर काफी खुश था। जब तक वह काम कर रहा था उसके पिता के सभी खर्चों का इंतज़ाम हो पा रहा था इसलिए उन्होंने इसे फिर से काम पर लगाने की कोशिश की। दूसरी बार जहाँ वह घरेलू काम करता था, उसे वहां से भी एक महिने में ही चोरी का आरोप लगाकर निकाल दिया गया। इसके बाद उसे एक महिला के साथ दिल्ली भेज दिया गया जहाँ ताहिर की बहन उस महिला के माँ के घर में काम करती थी।दिल्ली में भी बच्चे पर चोरी का आरोप लगाया गया लेकिन उसने कोई जुर्म नहीं किया था। घर की मालकिन को बागवानी का शौक था लेकिन किसी ने पौधों के पास दानेदार शक्कर रख दी थी जिससे वे नष्ट हो गए।

पूरे परिवार ने इसके लिए उसे दोष दिया और यहाँ तक कि जिस महिला ने उसे लाया था वह भी उसे दोष देनेवालों में शामिल हो गई। परिवार के एक सदस्य द्वारा ताहिर कीपिटाई की गई, इसलिए उसने भागने की योजना बना ली। ताहिर के पिता वहाँ ताहिर की खुशहाली जानने के लिए फोन किया करते थे लेकिन उन्हें हमेशा बताया जाता कि वह अच्छा है और खुश है। आखिरकार, ताहिर को मौका मिला और वो भाग गया। वह दिल्ली की सड़कों पर भटक रहा था जब एक दयालु इंसान उससे मिला और उससे उसके हाल के बारे में पूछा। बाद में, उसी इंसान ने चाइल्डलाइन १०९८ पर कॉल किया और उन्हें बच्चे के बारे में जानकारी दी। फौरन टीम वहाँ पहुँच गई और वह टीम के साथ जाने के लिए तैयार हो गया। चाइल्डलाइन टीम द्वारा अच्छी तरह व्यवहार किए जाने के बाद उसने खुलकर सब बातें बताई।

दूसरी ओर टीम बच्चे को उसके परिवार का पता लगाने की कोशिशों में मदद कर रही थी। पुलिस ने बच्चे को काम पर रखने वालों के खिलाफ प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कर ली थी। फॉलो अप के ज़रिए यह जानकारी प्राप्त हो गई थी कि सी.सी.आई टीम बच्चे के नाम पर बैंक खाता खोल सकती थी। ताहिर को नौकरी पर रखने वालों ने रु. ५०,००० /- जमा किए जिसे सी.डब्ल्यू.सी के दिशानिर्देशों के अनुसार फिक्स्ड डिपोज़िट में परिवर्तित कर दिया गया ताकि कोई भी इस राशि का दुरुपयोग ना कर सके।

इस बीच बच्चे के माता-पिता भी उससे मिलने और उसे वापिस घर ले जाने के लिए आए। उसके माता-पिता को सामने पाकर बच्चा बहुत खुश हुआ क्योंकि वह उनके साथ अपने मूल स्थान जाने की उत्सुकता से प्रतीक्षा कर रहा था। बच्चे के माता-पिता और टीम के साथ बाल अधिकार और बाल संरक्षण के बारे में एक स्वस्थ बातचीत हुई। इसलिए इन सभी तथ्यों पर विचार करते हुए सी.डब्ल्यू.सी ने बच्चे को उसके माता-पिता को सौंपने का निर्देश दिया। काम देने वाले की ओर से ३८,०००/- की मुआवजा राशि दी जानी बाकी थी। संबंधित अधिकारियों को तुरंत प्रभाव से बच्चे को संपूर्ण मुआवजा राशि प्राप्त करने के लिए निर्देशित किया गया। उसके माता पिता के साथ वापिस जाने के समय बच्चे ने खुद तय किया कि वह किसी दूसरी दुकान में काम करने के बजाय अब पढ़ाई करेगा। उसके बाद, बड़ा हो जाने पर वह उसकी दुकान खोलेगा और उसके परिवार की मदद केरगा।

वह कहानियाँ जो सुर्खियों में बनीं:

बाल विवाह के रोकथाम को निकाली रैली

पीलीभीत | हिन्दुस्तान संवाद

बाल विवाह के रोकथाम को लेकर मंगलवार को चाइल्डलाइन की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई।

बाल विवाह के रोकथाम को लेकर मंगलवार को चाइल्डलाइन की ओर से जागरूकता रैली निकाली गई। यह रैली चाइल्डलाइन जिला समन्वयक निर्वान सिंह के नेतृत्व में विकास खंड मरौरी क्षेत्र के सैदपुर गांव के प्राथमिक स्कूल के छात्र-छात्राओं ने निकाली। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने ग्रामीणों को बाल विवाह के दुष्प्रभावों की जानकारी दी।

चाइल्डलाइन टीम ने छात्र-छात्राओं को सेफटच एवं अनसेफ टच के बारे में जागरूक किया। चाइल्डलाइन जिला समन्वयक निर्वान सिंह ने बताया कि बाल विवाह रोकथाम के लिए संस्था समय-समय पर लोगों को जागरूक करती रहती है। इसका सकारात्मक परिणाम भी आ रहा रहा है। उन्होंने बताया कि चाइल्डलाइन बेबस, बेसहारा एवं मुसीबत में फंसे बच्चों की मदद करता है।

कोई भी बच्चा मुसीबत में हो तो उसकी सूचना चाइल्डलाइन हेल्प लाइन नंबर 1098 पर दें। यह सुविधा निशुल्क और 24 घंटे है। उन्होंने कहा कि इस नंबर पर बाल विवाह, बाल यौन शोषण, बाल बंधुआ मजदूरी, गुमशुदा हुए या प्राप्त हुए बच्चों की सूचना भी दी जा सकती है। रैली को सफल बनाने में चाइल्डलाइन काउंसलर नीतू चौहान, टीम मेंबर अखिल श्रीवास्तव, सना, इमरान, स्कूल की प्रधानाध्यापक प्रेमी सिंह मोहन अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

बाल विवाह के बारे में जागरूकता रैली के ऊपर समाचार रिपोर्ट

कार्रवाई | श्रम विभाग, पुलिस और चाइल्ड लाइन ने चाय-नमकीन की दुकानों से सात बच्चों को छुड़वाया

माता-पिता मजदूरी पर गए, बच्चों को बंधुआ बना गए

भास्कर संवाददाता | रतलाम

मजदूरी के लिए जिले से बाहर जाने वाले माता-पिता अपने बच्चों को रतलाम में बंधुआ मजदूर बनाकर चले गए। 12 घंटे दुकान पर काम करना और वहीं सोना यह दिनचर्या थी।

चाय और नमकीन की दुकानों से गुरुवार को छुड़वाए बच्चों ने चाइल्ड लाइन से काउंसिलिंग में यह जानकारी दी। गुरुवार को कलेक्टर श्री. चंद्रशेखर के निर्देश पर श्रम विभाग, पुलिस और चाइल्ड लाइन ने संयुक्त रूप से चांदनीचौक, त्रिपोलिया गेट तथा बाजना बस स्टैंड स्थित दुकानों पर चैकिंग की और सात बच्चों को मुक्त कराया। बाल कल्याण समिति के निर्देश पर सातों बच्चों को बालगृह भेज दिया।

माणकचौक थाना प्रभारी महेंद्र यादव ने बताया श्रम निरीक्षक एस.के. शर्मा, आर.के. सोनी, सुनील दुबे तथा चाइल्ड लाइन के प्रेम चौधरी, बलराम पाटीदार, सौरभ चतुर्वेदी, जोगिंदर राजपुरोहित तथा सुनीता देवड़ा के साथ टीमें 1 बजे चैकिंग की। कसारा बाजार, चांदनीचौक स्थित दुकानें चैक करते हुए त्रिपोलिया गेट, न्यू कैलाश, नए और पुराने बाजना बस स्टैंड पहुंचे। दस बच्चों को थाने लाए। तीन की उम्र 14 वर्ष से अधिक होने पर परिजन को सौंप दिया। सात बाल श्रमिक मिले।

आरोपी दुकान संचालक किशोर तेहलानी, संजय अग्रवाल, कालू जाटवी, सुभाष चौपड़ा, निर्मल गिरी, हितेश जैन व कमलेश चौधरी।

माता-पिता एक साल के लिए छोड़ गए

बाल श्रमिकों में छोटे-छोटे बच्चे धोलवाड़, झाबुआ और बाजना तथा एक बच्चा पश्चिमी का है। कोई तीन तो कोई पांच साल से काम कर रहा है। बच्चों ने बताया माता-पिता एक साल तक काम करने के लिए दुकान पर छोड़कर मजदूरी के लिए गए हैं। दुकान पर 12 घंटे काम करते हैं, वहीं सो जाते हैं। प्रेम चौधरी ने बताया काउंसिलिंग के बाद सातों बच्चों को शाम 4 बजे बाल कल्याण समिति के सामने पेश किया जहां से बालगृह भेजने के आदेश हुए। बच्चों के परिजन को बुलाकर पूछताछ की जाएगी। रिपोर्ट बाल कल्याण समिति को देंगे।

इनके खिलाफ होगी कार्रवाई

श्रम निरीक्षक एस.के. शर्मा ने बताया सात दुकानों से सात बाल श्रमिक मिले हैं। दुकान संचालकों को नोटिस जारी किया है। जवाब मिलने के बाद न्यायालय में कार्रवाई की जाएगी।

इन दुकान संचालकों के यहां से मिले बाल श्रमिक

- हितेश पिता प्रकाशचंद्र जैन निवासी लक्कड़पीठा
- निर्मल पिता शिवगिरी निवासी शंकरगढ़
- कमलेश पिता लक्ष्मीनारायण चौधरी निवासी चौमुखीपुल
- सुभाष हीरालाल चौपड़ा निवासी सेठजी का बाजार
- कालू पिता काळूराम जाटवी निवासी बाजना बस स्टैंड
- किशोर पिता मोहनलाल तेहलानी निवासी त्रिपोलिया गेट
- संजय पिता रामचंद्र अग्रवाल निवासी बरबड़

दो साल कैद की सजा हो सकती है

अभिभाषक प्रकाश पाटीदार ने बताया सिटी में संशोधन कर बाल श्रम कानून को सख्त बनाया गया है। बालक केवल अपने पिता के व्यवसाय में सहयोग कर सकता है। 14 वर्ष से कम उम्र के बालक से किसी भी प्रकार का काम करवाने पर 50 हजार रुपए तक जुर्माना और दो साल की कैद का प्रावधान है।

रतलाम में बाल श्रम पर समाचार

HINDUSTAN TIMES, NEW DELHI
MONDAY, MAY 20, 2019
hindustantimes | noida

15-year-old held for molesting class 8 student in Bisrakh

HT Correspondent
htreporters@hindustantimes.com

GREATER NOIDA: A 15-year-old youth was apprehended on Sunday for allegedly harassing a class 8 student in a village under Bisrakh police station area. Police registered a case against the suspect for molestation and the suspect for molestation and under the Protection of Children from Sexual Offences (POCSO) Act.

Manoj Kumar Pathak, station house officer, Bisrakh police station, said that the girl and the suspect are neighbours. Their families had some issues. The girl has accused the suspect of passing lewd comments against her," Pathak said.

Police said the girl got scared allegedly by the repeated threats made by the suspect and stopped going to school. Pathak said a few days ago, the girl dialled child helpline number (1098) and narrated her ordeal.

Satya Prakash, senior manager, FXB Suraksha-Childline, said that a team heard the matsaid that a team heard the matter and informed the district child welfare committee (CWC) about it.

"The girl had stopped going to school due to harassment. With CWC's intervention, a case was registered against the suspect at Bisrakh police station," he said. The Childline team also counselled the girl and extended support.

Pathak said that a police team visited the house of the suspect and apprehended him.

"He will be produced before the child welfare committee and sent to juvenile home," the SP said.

In July 2018, a child was allegedly molested by lifeguard of a prominent school's swimming pool in Greater Noida. Parents of the girl and other students had protested against the school administration, leading to the suspect's arrest.

In September last year, a 24-year-old lift serviceman was arrested for allegedly trying to molest a 12-year-old girl in the lift of a high-rise in the Kasna area of Greater Noida.

बाल दुर्व्यवहार पर जागरूकता रैली के ऊपर समाचार रिपोर्ट

सौतेली मां करती थी प्रताड़ित, बाल कल्याण समिति ने बच्चे को रेस्क्यू कर बालकुंज भेजा

[illegible]

बिछड़े बच्चे ओपन होम शेल्टर से लेने पहुंचा परिवार

[illegible]

[illegible]

बाल दुर्व्यवहार पर समाचार रिपोर्ट

दुर्गा शक्ति टीम ने बच्चों के साथ मनाया बाल दिवस

हिसार, 15 नवम्बर (निस)। बाल दिवस के उपलक्ष्य में दुर्गा शक्ति इंचार्ज इंस्पेक्टर सरोज ने अपनी टीम सहित ने चाइल्ड हेल्पलाइन के सहयोग से लघु-सचिवालय के राजकीय प्राथमिक स्कूल में बच्चों के साथ केक काटकर बाल दिवस मनाया।

निरीक्षक सरोज ने बच्चों को गुड टच व बेड टच के बारे विस्तार से बताया व स्कूल स्टाफ को भी बच्चों को इस बारे समय-समय जागरूक करने बारे कहा। चाइल्ड हेल्पलाइन की टीम ने बच्चों को प्रोजेक्टर पर इसके बारे छोटी फिल्म दिखाई और चाइल्ड लाइन नंबर 1098 नंबर के बारे भी विस्तार से बताया व जागरूक किया। कार्यक्रम में राजकीय प्राथमिक स्कूल की प्रिंसिपल श्रीमती अनिता देवी, बिमला, ज्योति व कुसुम, मंजू बेनीवाल तथा चाइल्ड लाइन से भारत शर्मा, कुलदीप शर्मा व श्रीमती संयोगिता उपस्थित रहे।

सी.एस.डी सप्ताह के उत्सव मनाने के ऊपर न्यूज कटिंग

प्रादेशिक

बाल सुरक्षा की मुहिम चाइल्ड लाइन से दोस्ती से जुड़े रेलवे पुलिस की टीम

रेलवे कर्मियों ने चाइल्डलाइन से दोस्ती को सहयोग दिया

'ಮಕ್ಕಳ ಹಕ್ಕುಗಳ ರಕ್ಷಣೆ ಎಲ್ಲರ ಹೊಣೆ'

ಪತ್ರಿಕೆಯ ಕಳಕಳಿಗೆ ಅಧಿಕಾರಿಗಳ ಮೆಚ್ಚುಗೆ। ಇಲಾಖೆಯಿಂದ ಹತ್ತಾರು ಯೋಜನೆ ಜಾರಿ

सी.एस.डी सप्ताह के दौरान कोप्पल समाचार

ಬಾಲ ಕಾರ್ಮಿಕ ಪದ್ಧತಿ ಘೋರ ಅಪರಾಧ

ದೇವನಹಳ್ಳಿಯಲ್ಲಿ ಆಯೋಜಿಸಿದ್ದ ಕಾನೂನು ಅರಿವು ಕಾರ್ಯಕ್ರಮದಲ್ಲಿ ನ್ಯಾ.ಯಾಧೀಶ ಕೆ.ಸುಂದೇಶ್

ಕನ್ನಡಪ್ರಭ Mon, 21 October 2019

आर बेंगलुरु का समाचार पत्र

'স্বচ্ছ' শৈশবের ডাক

দয়াল সেনগুপ্ত

সিউড়ি

চাইল্ডলাইন বীরভূম द्वारा
आयोजित स्वच्छता कार्यक्रमों का समाचार पत्र

16 वर्षीय किशोरी से 10 साल से कर रहा था पिता दुष्कर्म

घर से भाग कर आई किशोरी ने चाइल्ड लाइन की काउंसलिंग में किया खुलासा

रतलाम। नईदुनिया प्रतिनिधि

इंदौर जिले के एक गांव में 16 वर्षीय किशोरी के साथ उसके पिता द्वारा पिछले दस साल से दुष्कर्म करने का मामला सामने आया है। विरोध करने पर पिता उसकी पिटाई भी करता था। यह खुलासा किशोरी ने चाइल्ड लाइन की काउंसलिंग और पुलिस के सामने किया। उसने स्टेशन रोड थाने पर पिता के खिलाफ मारपीट और दुष्कर्म करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस ने आरोपी पिता के खिलाफ कई धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है। मामला

थाने में दर्ज कराई रिपोर्ट, सांवेर पुलिस करेगी आगे की कार्रवाई

सांवेर थाना क्षेत्र का होने से मामला वहां भेजा जा रहा है। आगे की कार्रवाई सांवेर पुलिस करेगी।

किशोरी 9 दिसंबर को घर से भागकर सांवेर के बस स्टैंड पहुंची थी। वहां से बस से वह इंदौर पहुंची और इंदौर-देवास जाने की बजाय रात में रतलाम आई थी। वह बस से उतरने की बजाय रोने लगी, कंडक्टर को शंका होने पर उसने पुलिस व चाइल्ड लाइन को सूचना दी। उसे स्टेशन रोड थाने ले जाया गया था। वहां से उसे चाइल्ड लाइन भेजा गया था। चाइल्ड लाइन पर टीम की सदस्यों ने 10 दिसंबर को काउंसलिंग की थी। इस दौरान उसने बताया था कि पिता उससे मारपीट कर प्रताड़ित करते हैं। 11 दिसंबर को फिर काउंसलिंग की तो उसने आपबीती बताई। उसके अनुसार पिता उससे गलत हरकत और दुष्कर्म करते रहते हैं। उसकी जिला महिला सशक्तिकरण अधिकारी ने काउंसलिंग की तो उसने वहां भी यही बात बताई। उसे वन स्टॉप सेंटर (सखी केंद्र) पर रखा गया। काउंसलिंग रिपोर्ट स्टेशन रोड थाने पर भेजी गई और बाद में उसे भी थाने ले जाया गया। पुलिस ने किशोरी का मेडिकल भी कराया। पिता के खिलाफ शून्य पर भादंवि की धारा 376 (2) एफ, 376 (2) एन, 376 (2) आई, 323, 506 और पॉक्सो एक्ट की धारा 3/4 के तहत प्रकरण दर्ज किया है।

मां की हो चुकी है मौत: किशोरी ने पुलिस को बताया कि वह तीन वर्ष की थी, तब उसकी मां का निधन हो गया। उसका बड़ा भाई भी है। वह पिता और भाई के साथ रह रही थी। छह वर्ष की आयु थी, तब से पिता गलत हरकत व दुष्कर्म कर रहे हैं। विरोध करने पर मारते-पीटते हैं और जान से मारने की धमकी देते हैं। वह कक्षा नौवीं में पढ़ती है। उसने एक वर्ष पहले बड़े भाई को बताया था, तो वह उसे उसकी मौसी के घर छोड़ आए थे। वहां से पिता उसे वापस घर ले आए थे।

सगाई कर दी थी: किशोरी ने बताया कि उसके पिता ने इंदौर जिले के ही एक युवक से उसकी सगाई कर दी थी। वह 9 दिसंबर को फोन पर बात कर रही थी, तब पिता समझे कि वह उनकी किसी से शिकायत कर रही है और वेल्ट से उसकी पिटाई की थी। इससे वह घर से भाग निकली।

रतलाम चाइल्डलाइन समाचार नई दुनिया

पलवल स्टेशन पर खडी ईएमयू की बोगी में मिली 15 दिन की जिवित बच्ची

अजय प्रताप सिंह

पलवल। पलवल रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर.8 पर खड़े ईएमयू ट्रेन की 136 नंबर बोगी में नवजात बच्ची शॉल में लिपटी हुई मिली। सूचना मिलते ही जीआरपी मौके पर पहुंची और बच्ची को उपचार के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया। चिकित्सकों ने मेडिकल के बाद बच्ची को स्वस्थ्य घोषित कर बाल कल्याण समिति को सौंप दिया। जीआरपी ने अज्ञात माता-पिता के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। जीआरपी प्रभारी भीम सिंह ने बताया कि वह टेक्निक स्टाफ की चैकिंग कर रहे थे। स्टेशन पर मौजूद थे इसी दौरान सूचना मिली की कुरुक्षेत्र से आने वाले ईएमयू ट्रेन नंबर.64494 की

136 नंबर बोगी में एक नवजात बच्ची शॉल में लिपटी हुई है। इस ट्रेन का पलवल स्टेशन पर अंतिम ठहराव होता है। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे और बच्ची को उपचार के लिए सिविल अस्पताल भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने मेडिकल के बाद बच्ची को स्वस्थ्य घोषित किया। सूचना मिलते बाल कल्याण समिति की सदस्य अल्पना मित्तल, विनोद गौड़, विनोद मंगल व चाइल्ड हेल्प लाइन संयोजिका रचना सैनि अस्पताल पहुंची और चिकित्सकों से जानकारी लेकर बच्ची को अपने कब्जे में लिया। अल्पना मित्तल ने बताया कि बच्ची पूर्ण रूप से स्वस्थ्य है और जिसकी उम्र लगभग दस से पंद्रह दिन की है। बाल कल्याण समिति द्वारा अपनी कार्रवाई पूरी कर बच्ची को फरीदाबाद स्थित सरकारी एजेंसी में भिजवा दिया गया है, क्योंकि पांच वर्ष तक के बच्चों के लिए पलवल में कोई सरकारी एजेंसी नहीं है इसलिए बच्ची को फरीदाबाद भिजवाया गया है। जहां पर तीन महीने तक बच्ची को रखा जाएगा। यदि तीन महीने तक बच्ची के माता-पिता का पता नहीं लगता है तो उसे गोद देने के प्रक्रिया शुरू हो जाती है। यदि किसी को भी बच्ची के बारे में कोई जानकारी लेनी है तो वो बाल भवन स्थित बाल कल्याण समिति के कार्यालय में संपर्क भी कर सकता है।

पलवल रेलवे स्टेशन पर लापता बच्चे की न्यूज़ कटिंग (खबर)

'चाइल्ड लाइन से दोस्ती' सप्ताह के तहत चलाया हस्ताक्षर अभियान

हस्ताक्षर बोर्ड के सामने मौजूद चाइल्ड लाइन के सदस्य व अन्य अधिकारी।

दैनिक सवेरा

चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह, हस्ताक्षर अभियान

जागरण सिटी

दुकानों पर कराई जा रही थी बाल मजदूरी, चार को छुड़ाया

कार्रवाई

चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह, हस्ताक्षर अभियान

बच्चों को बताया 100 डायल का उपयोग और यातायात के नियम

बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई

अंजड़,। (आरएनएन)। यातायात सप्ताह के दौरान पुलिस ने शासकीय विद्यालय के बाद नगर कि निजी स्कूल में बच्चों को यातायात नियमों का पाठ पढ़ा रही है। इसी क्रम में गुरुवार को ठीकरी रोड़ स्थित निजी स्कूल में बच्चों को यातायात नियमों की जानकारी दी गई। एसआई ललिता चौहान ने बच्चों को बताया कि साईकिल में रेडियम लगाना बेहद जरूरी है। रात के अंधेरे में यदि आप साईकिल से जा रहे हैं, तो पीछे या सामने आ रहा वाहन आपका रेडियम देखकर

पुलिस ने बच्चों को ट्रैफिक के नियम और 100 डायल के बारे में भी समझाया। छात्रों से कहा गया कि वे यातायात नियमों की जानकारी अपने अभिभावकों के साथ अन्य लोगों को भी दें। इसके बाद गुड़टच बेड़टच और बाल विवाह बाल अधिकार कि जानकारी दी। संजय आर्य ने चाईल्ड हेल्प लाईन नं. 1098 की जानकारी दी। इस दौरान थाना प्रभारी भुवानीराम वर्मा सहित थाना स्टॉफ, गायत्री सनियर और स्कूल प्राचार्य पंवार सहित शिक्षक व छात्र

यातायात सुरक्षा सप्ताह, बड़वानी समाचार रिपोर्ट

ಸಂಯುಕ್ತ ಕರ್ನಾಟಕ

ಬಾಲ್ಯ ವಿವಾಹವಾಗಿದ್ದ ಬಾಲಕಿ ಅನುಮಾನಾಸ್ಪದ ಸಾವು

ಶವ ಸಂಸ್ಕಾರ ತಡೆದ ಮಕ್ಕಳ ಸಹಾಯವಾಣಿ

बाल विवाह और हत्या पर
चाइल्डलाइन विजयपुरा के हस्तक्षेप पर समाचार



संवाद

समाज के विभिन्न वर्गों
के साथ संवाद को सुनिश्चित करें
ताकि बाल संरक्षण में हर किसी
की दिलचस्पी हो जाए।

अभियान

वर्ष २०१९–२०२० चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन के इसके संचार प्रयासों की बदौलत यादगार बन गया। इसने हितधारकों के एक के स्तर तक पहुंचने में प्रगति करने में इसके सभी संचार उपकरणों, प्रकाशनों, मुद्दे आधारित परियोजनाओं, मीडिया संघों, कॉर्पोरेट टाई–अप और भी बहुत कुछ में लागू करने के लिए ङ्कनवाचारङ्क लेंस को धन्यवाद है। क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर जागरूकता अभियान और कार्यक्रम चलाए गए। इसके अतिरिक्त, सोशल नेटवर्किंग साइटों पर लगातार अपडेट और लगातार बढ़ते डेटाबेस के कारण सी.आई.एफ को लोगों तक पहुंचने,बातचीत करने और जुड़ने की अनुमति प्रदान की गई।

बाल श्रम के विरुद्ध विश्व दिवस

उत्तर

जम्मू–कश्मीर

कठुआ

कठुआ की चाइल्डलाइन टीम ने बाल मजदूर दिवस पर बाल कल्याण समिति कठुआ के सहयोग से हाटली मोर, कठुआ के ढाबों, रेस्टोरेंट और फूड जॉइंट्स पर गतिविधियों का आयोजन किया। चाइल्डलाइन की टीम ने बाल श्रम विरोधी होर्डिंग चिपकाए और होटलों, ढाबों और रेस्तरां के मालिकों के बीच बाल श्रम जो एक दंडनीय अपराध होता है जिसमें दोषी को जुर्माना/चालान और अधिक भुगतान करना पड़ता है, के बारे में जागरूकता फैलाई।

बानी व बसोहली ब्लॉक व कठुआ शहर के दूर दराज के इलाकों) में कई स्कूलों में बाल मजदूर विरोधी दिवस पर गतिविधियों का आयोजन किया गया। कठुआ के सरकारी स्कूलों के स्टॉल पर प्रधानाध्यापक द्वारा बाल श्रम विरोधी विषय पर वाद–विवाद प्रतियोगिता और व्याख्यान का आयोजन किया गया।

पुंछ

चाइल्डलाइन पुंछ द्वारा बाल श्रम के बारे में जागरूकता रैली

बाल मजदूर दिवस पर पुंछ की चाइल्डलाइन की टीम ने हरि कृष्ण पब्लिक स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। श्री सब्ज़ार अहमद ने शिक्षा के महत्व और बाल श्रम के हानिकारक प्रभावों पर प्रकाश डाला। चाइल्डलाइन की टीम ने १०९८ हेल्पलाइन नंबर के बारे में बच्चों में जागरूकता पैदा की, ताकि बाल श्रम रोका जा सके। इसके बाद टीम ने छात्रों से अनुरोध किया कि वे १०९८ पर बाल श्रम से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी उपलब्ध कराएँ ताकि चाइल्डलाइन की टीम वहाँ पहुंच कर बच्चे को छुड़ा सके। इस कार्यक्रम में २०० से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

चाइल्डलाइन पुंछ द्वारा एंटी चाइल्ड लेबर पर जागरूकता रैली

हरियाणा

हिसार

१२ जून, २०१९ को हिसार शहर में बाल श्रम के खिलाफ विश्व दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय विभागों के कई अधिकारियों और बिस्नोई मंदिर मार्केट के अध्यक्ष डीसीपीयू से लेबर इंस्पेक्टर, एस.एच.ओ सिटी थाना, पी.ओ.एन.आइ. सी और डी.सी.पी.यू से सामाजिक कार्यकर्ता जैसे प्रतिभागियों ने भाग लिया और अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में बिस्नोई मंदिर मार्केट के सचिव, विभिन्न संस्थानों के छात्रों व शिक्षकों, अन्य हितधारकों व सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भी भाग लिया। इस कार्यक्रम के दौरान बाजार के दुकानदारों, समुदाय के सदस्यों, विचारवान नेता, बच्चों और अभिभावकों के साथ एक कॉर्नर मीटिंग का आयोजन किया गया, ताकि स्कूली बच्चों को

शिक्षा के महत्व को समझाया जा सके और किसी भी क्षेत्र में बाल श्रम को शामिल न किया जा सके। दुकानों में बाल श्रम अभियान के खिलाफ स्टीकर प्रदर्शित किए गए। सभी हस्ताक्षरकर्ताओं ने शपथ ली कि, मैं कभी भी बाल अधिकारों का उल्लंघन नहीं करूंगा और न ही किसी को ऐसा करने की अनुमति दूँगा।

हरियाणा के हिसार में बाल श्रम के खिलाफ हस्ताक्षर अभियान

हरियाणा के सिरसा में भीख मांगने और बाल मजदूरी नहीं करवाने की शपथ

पंजाब

अमृतसर

अमृतसर की चाइल्डलाइन ने विभिन्न सरकारी विभागों जैसे जिला बाल संरक्षण इकाई, पंजाब पुलिस, बाल श्रम विभाग, रेडक्रॉस सोसायटी, शिक्षा विभाग, मानव तस्करी विरोधी आदि कर्मचारियों के साथ मिलकर बच्चों को बाल श्रम और बच्चों को भीख मांगने से बचाने के लिए बाल श्रम छापामारी का आयोजन किया। उन्होंने पूरे अमृतसर शहर को कवर किया जिसके जरिए वे भीख मांगने और मेहनत करने वाले ४५ बच्चों की जान बचा सके।

१२ जून, २०१९ को अमृतसर की चाइल्डलाइन ने रंजीत आवे ब्लॉक, सी एंड डी में अंतरराष्ट्रीय बाल मजदूर दिवस पर रैली का आयोजन किया। रैली का आयोजन समाज में बाल श्रम को रोकने और बाल शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए किया गया था।

बाल मजदूर दिवस कार्यक्रम-बच्चों के साथ रैली

चाइल्ड लेबर सी.पी.ओ, नेहा चोपड़ा और ए.एस.आई, सी डिवीजन के बलजीत सिंह और पंजाब पुलिस (डी.सी.पी.यू), अमृतसर की चाइल्डलाइन के साथ छापामारी

जालंधर

जालंधर में बाल श्रम पर सत्र

उत्तर प्रदेश

गोरखपुर

१२ जून, २०१९ को चाइल्ड की हेल्प डेस्क ने एंटी चाइल्ड लेबर डे मनाया। सी.एच.डी कार्यालय के सामने से रैली निकाली गई। बच्चों ने तख्तियाँ थामकर बाल श्रम के खिलाफ आवाज बुलंद किया। इस कार्यक्रम का एक मुख्य उद्देश्य बाल श्रम मुद्दों पर जनता को जागरूक करना और बच्चों के अधिकारों के लिए उनके संरक्षक बनने के लिए प्रेरित करना था।

यूपी के गोरखपुर में एंटी चाइल्ड लेबर डे

पूर्व

झारखंड

वर्ष २०१९ के जून माह में जिला प्रशासन के साथ मिलकर झारखंड चाइल्डलाइन के सभी भागीदारों द्वारा बाल श्रम के विरुद्ध विश्व दिवस मनाया। इस दिवस को मनाने के लिए जागरूकता अभियान, हस्ताक्षर अभियान, रैलियां, बच्चों के समूहों का गठन, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं, बच्चों के शारीरिक शोषण पर जागरूकता अभियान चलाया गया।

पश्चिम बंगाल

चाइल्डलाइन बीरभूम द्वारा बाल श्रम के खिलाफ विश्व दिवस मनाया गया।

असम

बाल श्रम के खिलाफ विश्व दिवस का अवलोकन

मेघालय

चाइल्डलाइन नोंगपो द्वारा बाल श्रम रैली के खिलाफ विश्व दिवस

मेघालय के शिलांग में बाल श्रम के खिलाफ विश्व दिवस

पश्चिम

मध्य प्रदेश

चाइल्डलाइन के सभी क्षेत्रों के लिए वर्ल्ड डे अगेन्स्ट चाइल्ड लेबर एक महत्वपूर्ण दिन है। मध्य प्रदेश में १० जून को चाइल्डलाइन की सभी टीमों ने बाल श्रम के खिलाफ अभियान चलाकर इस दिन को चिन्हित किया। भोपाल की चाइल्डलाइन टीम द्वारा आयोजित ऐसे ही एक दिन की गतिविधि में सहायक श्रमायुक्त श्री बीपी सिंह भी मौजूद थे, जिनके साथ श्रम अधिकारी और जिला प्रशासन भी उपस्थित थे। इस कार्यक्रम के दौरान, चाइल्डलाइन की टीम ने इस दिन के महत्व के बारे में बताया और केस स्टडीज के साथ विभिन्न परिस्थितियों में बाल श्रम के बारे में टास्क फोर्स के समर्थन से चाइल्डलाइन के हस्तक्षेप का अनुभव भी साझा किया। चाइल्डलाइन ने पर्चे भी बांटे और बाल श्रम विरोधी नारे भी लगाए और इस अभियान में सभा में शामिल लोगों को चाइल्डलाइन का समर्थन करने का आग्रह किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान आयुक्त और २५० लोगों ने भाग लिया और बाल श्रम के खिलाफ चल रहे अभियान के समर्थन में हस्ताक्षर भी किया।

श्री बीपी सिंह- सहायक श्रमायुक्त ने
भोपाल के हस्ताक्षर अभियान में भाग लिया

महाराष्ट्र

पुराने नियमों के अनुसार एंटी चाइल्ड लेबर डे पर रैली का आयोजन किया गया था। यह रैली जिलाधिकारी कार्यालय से शुरू होकर जिला परिषद, गर्ल्स स्कूल में जाकर समाप्त हुई। इस रैली का आयोजन श्रम कार्यालय द्वारा किया जा रहा था और चाइल्डलाइन ने भी इसमें योगदान दिया, क्योंकि चाइल्ड लाइन ने एक आई.ई.सी वैन तैयार की थी जिसे मराठी और हिंदी भाषाओं में सभी आई.ई.सी से संबंधित वस्तुओं से सजाया गया था। चाइल्डलाइन ने इस मौके के लिए नारे भी लगाए।

महाराष्ट्र में आईईसी वैन की सजावट के
साथ श्रम कार्यालय रैली का आयोजन

दक्षिण

तमिलनाडु

एंटी चाइल्ड डे पर रैली- मदुरै

बालिकाओं का राष्ट्रीय दिवस

उत्तर

जम्मू-कश्मीर

भारत में हर साल २४ जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। इस कार्यक्रम की शुरुआत महिला एवं बाल विकास मंत्रालय और भारत सरकार ने २००८ में की थी, जिसका उद्देश्य भारतीय समाज में लड़कियों के सामने आने वाली सभी असमानताओं के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाना था।

अनंतनाग की चाइल्डलाइन ने जोन बड़स गाम में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जिसमें नौ आई.सी.डी.एस केंद्रों ने भाग लिया। बाल

कल्याण समिति अनंतनाग की अध्यक्ष डॉ तौहीदा मखदोमी सम्मानित अतिथि थीं। इस बीच स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, आई.सी.डी.एस वर्कर, हेल्पर भी पूरे कार्यक्रम में चाइल्डलाइन के साथ रहे। इसमें कुल ३८ बालिकाओं और २८ वयस्कों ने भाग लिया। इसके प्रमुख उद्देश्य थे:

- देश में असमानताओं का सामना करने वाली लड़कियों के बारे में लोगों में जागरूकता फैलाना।
- बालिका के अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना।
- बालिका के शिक्षा, स्वास्थ्य और पोषण के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना।
- अपने जीवन में लैंगिक भेदभाव का सामना कर रही लड़कियों को प्रतिभागी बनाना।

पुंछ

बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ को लेकर जिले के कई स्थानों पर विभिन्न कार्यक्रम और रैलियों का आयोजन किया गया। इस संबंध में मदरसा जई उल उलूम में रैली का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों के दौरान टीम ने बालिका शिक्षा की भूमिका व महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ और शिक्षा के महत्व, गर्भाधान पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम और बालिकाओं को बचाने के चाइल्डलाइन के तरीके और भूमिका पर भी प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम को स्थानीय लोगों और मदरसा स्टाफ ने काफी सराहा।

चंडीगढ़

चंडीगढ़ के प्लाजा सेक्टर १७ में बालिका दिवस मनाया गया

पंजाब

होशियारपुर

३० जनवरी, २०२० को होशियारपुर की चाइल्डलाइन टीम ने डी.सी के लिए बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ पर एक मसौदा तैयार करने के लिए एन.जी.ओ की एक सभा का आयोजन किया। श्रीमती मीनू सेठी (अध्यक्ष, महिला मोर्चा), श्री जगमीत सिंह सेठी, श्रीमती शालिनी गुप्ता और श्री रशपाल सिंह (सदस्य, सी.डब्ल्यू.सी) और नौ गैर सरकारी संगठन एकत्र हुए और उपायुक्त को एक मसौदा सौंपा।

२४ फरवरी, २०२० को होशियारपुर के श्री हरप्रीत सिंह सुदन (ए.डी.सी) की उपस्थिति में होशियारपुर की चाइल्डलाइन टीम के सदस्यों द्वारा स्लम एरिया भंगीपूल में नुक्कड़ नाटक "बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ" का प्रदर्शन किया गया।

बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ पर
चाइल्डलाइन होशियारपुर द्वारा नुक्कड़ नाटक किया गया

जालंधर

जालंधर के सरकारी स्कूल में राष्ट्रीय बालिका दिवस

राजस्थान

अजमेर

२४ जनवरी, २०२० को राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर अजमेर के जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डी.एस.एल.ए) ने जिले में जागरूकता रैली का आयोजन किया। अजमेर की चाइल्डलाइन ने डी.एस.एल.ए की इस पहल में भी हिस्सा लिया, जिसमें उन्होंने मोबाइल वैन के माध्यम से बालिकाओं के प्रति जागरूकता फैलाई। इस रैली के माध्यम से चाइल्डलाइन और डी.एस.एल.ए के सदस्यों ने अजमेर के लोगों को बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का संदेश दिया। बालिकाओं के मुद्दों को लेकर लोगों के बीच जागरूकता का निर्माण करने के लिए हस्ताक्षर अभियान का भी आयोजन किया गया।

राजस्थान के अजमेर में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर रैली

राजस्थान के अजमेर में राष्ट्रीय बालिका दिवस पर रैली

उत्तर प्रदेश

बालिका सुरक्षा जागरूकता अभियान (कवच)

इस कार्यक्रम का उद्देश्य:

इस गतिविधि का मुख्य उद्देश्य लड़कियों और महिलाओं को उनके सुरक्षा अधिकारों के बारे में जागरूक करना था। यह अभियान चाइल्डलाइन द्वारा १८ गांवों के प्राथमिक और जूनियर हाईस्कूलों में महिला एवं बाल विकास विभाग और पुलिस विभाग के समन्वय से १० जुलाई २०१९ से लेकर ३१ जुलाई २०१९ तक आयोजित किया गया था। इस अभियान के दौरान ९०० से अधिक बच्चों को उनके सुरक्षा अधिकारों के बारे में जागरूक किया गया।

बालिका सुरक्षा जागरुकता अभियान, उत्तर प्रदेश

बालिका सुरक्षा जागरुकता अभियान, उत्तर प्रदेश

गतिविधियों का विवरण

इस अभियान में महिलाओं और लड़कियों के खिलाफ हो रहे विभिन्न प्रकार के अत्याचार और घरेलू हिंसा को लेकर चर्चाएँ की गई। इस

अभियान में यह भी कहा गया है कि महिलाएँ और युवतियाँ राज्य और केन्द्र सरकारों द्वारा संचालित विभिन्न सेवाओं जैसे १०९० वुमेन पावर लाइन, बच्चों के लिए १०९७, १८७१ आदि का उपयोग कर सकती हैं।

चाइल्डलाइन के बारे में सभी आवश्यक जानकारी प्रदान की गई और इस बात पर ध्यान केंद्रित किया गया है कि कोई भी बच्चा किसी भी आपात स्थिति में चाइल्डलाइन नंबर १०९८ डायल करने में संकोच न करे।

पूर्व

झारखंड

देवघर, गोड्डा, गुमला, सेरेकेला खरसावां और टाटानगर रेलवे चाइल्डलाइन की टीमों ने चाइल्डलाइन गीत, सामूहिक बैठकों, पर्चों के वितरण, फ्लैक्स प्रदर्शित करने, बाल मुद्दों के संबंध में सवाल–जवाब सत्र के माध्यम से राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया ताकि बच्चों को बाल अधिकारों और बालिका सुरक्षा पर ध्यान देने के साथ–साथ बच्चों के बाल संरक्षण के मुद्दों के बारे में भी लोगों को जागरूक किया जा सके।

बालिका सुरक्षा जागरूकता अभियान, झारखंड

मणिपुर

थौबल

जिला प्रशासन के एक कार्यक्रम में
रिसोर्स पर्सन के रूप चाइल्डलाइन की टीम

अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस

पूर्व

मणिपुर

चाइल्डलाइन ने बालिका दिवस पर जागरूकता पैदा की

पश्चिम

महाराष्ट्र

बीड

चाइल्डलाइन बी्ड ने अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया, जिसमें अधीक्षक सोनटक मैडम, काउंसलर डांगे मैडम और चाइल्डलाइन टीम ने भाग लिया। उन्होंने लगभग ५० प्रतिभागी लड़कियों को चाइल्डलाइन और सुरक्षित और असुरक्षित स्पर्श के बारे में जानकारी प्रदान की।

चाइल्डलाइन बी्ड ने महाराष्ट्र में अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया

बाल विवाह

उत्तर

हिमाचल प्रदेश

कांगड़ा

कांगड़ा में सी.एस.डी सप्ताह के दौरान बाल विवाह के विरोध में रैली

राजस्थान

झालावाड़

१५ नवंबर, २०१९ को चाइल्डलाइन ने खानपुर में आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया और लोगों को बाल विवाह और शादी के लिए सही उम्र के बारे में बताया। चाइल्डलाइन ने बाल विवाह के दुष्परिणामों और इसके कारण पैदा होने वाली मानसिक और शारीरिक समस्याओं के बारे में भी बताया।

१९ नवंबर, २०१९ को चाइल्डलाइन ने नाला स्कूल के बच्चों के साथ बाल अधिकार और स्वच्छ भारत मिशन के समर्थन में रैली निकाली और उन्हें बाल अधिकार और बाल विवाह के बारे में भी बताया।

राजस्थान के झालावाड़ बाजार में बाल विवाह पर पर्चे का वितरण

पूर्व

पश्चिम बंगाल

चाइल्डलाइन बीरभूम द्वारा
बाल विवाह की रोकथाम को लेकर साइकिल रैली

असम

बाल विवाह, बाल दुर्व्यवहार और बाल श्रम के
खिलाफ मोटरसाइकिल रैली की सवारी

बिहार

बक्सर की चाइल्डलाइन द्वारा बाल विवाह के
बुरे प्रभावों को दर्शाते हुए गणतंत्र दिवस की झांकी

एंटी ड्रग

उत्तर

हिमाचल प्रदेश

मंडी

हिमाचल प्रदेश के मंडी में नशा मुक्ति के लिए रैली

पंजाब

मनसा

मानसा के साथ नेशनल डे अगेन्स्ट ड्रग एबूज़

जम्मू–कश्मीर

इंटरनेशनल डे अगेन्स्ट ड्रग एबूज़ के विरुद्ध चाइल्डलाइन की कठुआ रैली

विश्व नशा मुक्ति दिवस की पूर्व संध्या पर अनंतनाग की चाइल्डलाइन ने राजकीय मध्य विद्यालय ट्रांगजन मंझोह, अनंतनाग में नशा मुक्ति पर एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य बच्चों को नशे की लत के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूक करना था। बच्चों और स्टाफ के सदस्यों ने कार्यशाला में सक्रिय रूप से खुद को शामिल किया और बहुमूल्य जानकारी का आदान–प्रदान किया। बच्चों ने नशे की लत के खिलाफ विभिन्न नारे लगाए और हाथों में तख्तियां लेकर नशा मुक्ति से संबंधित संदेश का प्रदर्शन किया। इन संदेशों में जीवन के लिए हाँ और ड्रग्स के लिए न कहो और नशीली दवाओं का उपयोग जीवन का दुरुपयोग, स्वतंत्र जन्में, स्वतंत्र जियो आदि शामिल थे।

पुंछ

२६ जून, २०१९ को चाइल्डलाइन की टीम ने गवर्नमेंट हाई स्कूल सैनी में एंटी ड्रग्स के बारे में जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली में १५० से अधिक छात्र–छात्राओं ने भाग लिया। टीम ने दवाओं के हानिकारक प्रभावों के बारे में छात्रों के बीच जागरूकता फैलाई, और उन्हें सूचित किया कि ये दवाएँ दस मिनट का आनंद प्रदान कर सकती हैं, लेकिन बदले में, वे आपका बहुमूल्य जीवन नष्ट कर रही हैं। ये दवाएँ प्रतिरक्षा प्रणाली को नष्ट कर देती है और हमारे स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है तथा विभिन्न प्रकार के कैंसर को जन्म देती है जो अंतत मृत्यु की ओर ले जाती है। चाइल्ड लाइन की टीम ने छात्रों को हेल्पलाइन नंबर १०९८ के बारे में जागरूक किया और उनसे अनुरोध किया कि यदि उन्हें कोई वयस्क ऐसी दवाओं का सेवन करते दिखाई दे तो पुलिस हेल्पलाइन नंबर १०० पर सूचना दें।

पश्चिम

महाराष्ट्र

औरंगाबाद

औरंगाबाद में चाइल्डलाइन द्वारा तंबाकू विरोधी कार्यशाला

१ जून, २०१९ को औरंगाबाद में तंबाकू विरोधी कार्यशाला का आयोजन किया गया। उस आयोजन में आकाश कासलीवाल (एम.जी.वी.एस औरंगाबाद), अभिजीत शंघाई, रंगनाथ जोशी, डॉ ढाबगांवकर, डॉ ढागे, डॉ खामकर, डॉ अनिल बड़कुल और चाइल्डलाइन की टीम मौजूद थी।

घटनाएँ

असम

४ मार्च, २०२० को बाल संरक्षण दिवस का अवलोकन

झारखंड

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस (८ मार्च) महिलाओं की सामाजिक, आर्थिक, सांस्कृतिक और राजनीतिक उपलब्धियों की ख़ुशी मनाने वाला एक वैश्विक दिवस है। यह दिन लैंगिक समानता में तेजी लाने के प्रयासों को भी चिन्हित करता है

जिला प्रशासन के कार्यक्रम में रिसोर्स पर्सन
के रूप में चाइल्डलाइन टीम

विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस समारोह: चाइल्डलाइन सेरेकेला-खरसावां की टीम ने सदर में डी.एल.एस.ए के सहयोग से जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस मनाया। अस्पताल, सेराकेला-खरसावां ताकि जागरूकता फैलाने, जागरूकता फैलाने और लोगों को विशेष रूप से सक्षम बच्चों की समस्या और उनकी सुरक्षा और विकलांगता से संबंधित योजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया जा सके ।

त्रिपुरा

त्रिपुरा के धर्मनगर में बाल दुर्व्यवहार पर जागरूकता कार्यक्रम

पश्चिम बंगाल

चाइल्डलाइन पश्चिम मेदिनीपुर द्वारा बाल अधिकार दिवस मनाया गया

चाइल्डलाइन दार्जिलिंग द्वारा
बच्चों के शारीरिक दुर्व्यवहार पर जागरूकता कार्यक्रम

चाइल्डलाइन से दोस्ती (सी.एस.डी)

चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन (सी.आई.एफ) अपने प्रयासों के माध्यम से भारत में बाल संरक्षण को मजबूत और व्यवस्थित करने पर लगातार ध्यान केंद्रित करता रहा है। ये प्रयास सामूहिक रूप से भारत सरकार, राज्य सरकार और नागरिक समाज संगठनों के सहयोग से किए जाते हैं ताकि बच्चों के मुद्दों को राष्ट्रीय एजेंडे में प्राथमिकता मिल सके। इसके अलावा, चाइल्डलाइन अपने साथी नेटवर्क के साथ विभिन्न बैठकों के माध्यम से मुद्दों पर चर्चा करती है और परिणामस्वरूप एक प्रभावी बाल संरक्षण तंत्र का निर्माण करने के लिए सार्वभौमिक कार्यक्रम और प्रोटोकॉल का निर्माण करती है।

चाइल्डलाइन से दोस्ती एक राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान है जिसका उद्देश्य आम नागरिकों को बाल संरक्षण प्रक्रिया में प्रमुख हितधारक बनाना है। इसकी उत्पत्ति का पता २००७ से लगाया जा सकता है, जब भारत सरकार ने चाइल्डलाइन को एक पाथ ब्रेकिंग जागरूकता अभियान बनाने का आदेश दिया था जो बाल संरक्षण के महत्व को उजागर करे। हर साल १४ से २० नवंबर तक चाइल्डलाइन से दोस्ती मनाया जाता है जो बाल संरक्षण के वर्तमान मुद्दों पर जानकारी साझा करके समुदाय को साथ जोड़ने के लिए, उंहें सक्रिय बनाने के लिए, प्रोत्साहित करने और जोखिम में बच्चों की असुरक्षा को कम कर आवश्यक कार्रवाई को करने में सक्षम बनाया जा सके।

पूरे देश में सप्ताह भर चले समारोहों से उत्पन्न लहर लगातार बढ़ती जा रही है, और नए केंद्र अभियान को विभिन्न और रोचक तरीके से अंजाम भी दे रही हैं। प्रत्येक वर्ष के साथ, चाइल्डलाइन अधिक से अधिक लोगों और समुदायों को बाल अधिकारों और बाल संरक्षण की अवधारणाओं से परिचित कराने की ओर अग्रसर हो रहे हैं, और जरूरतमंद बच्चों की मदद करने के लिए अपने तात्कालिक वातावरण में अधिक सक्रिय भूमिका निभाने के लिए प्रोत्साहित और प्रेरित भी कर रहे हैं।

इस वर्ष, भारत भर में चाइल्डलाइन टीमों ने न केवल पुलिस स्टेशनों, सरकारी कार्यालयों, शैक्षिक संस्थानों, अस्पतालों और परिवहन केंद्रों जैसे रेलवे स्टेशनों, बस स्टैंडों का दौरा किया बल्कि नुक्कड़ नाटकों, जागरूकता बैठकों और सार्वजनिक रैलियों, सांस्कृतिक, मनोरंजन और खेल कार्यक्रमों के साथ स्लम समुदाय की ओर भी कदम बढ़ाया। यहाँ चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह, २०१९ की कुछ झलकियाँ दी गई हैं।

उत्तर

दिल्ली

स्वास्थ्य सत्र

चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह के एक हिस्से के रूप में, दिल्ली की चाइल्डलाइन टीम ने समुदाय के लोगों के लिए ७ नवंबर, २०१९ को सफदरजंग फ्लाईओवर के नीचे रैन बसेरा में एक स्वास्थ्य सत्र का आयोजन किया।

चाइल्डलाइन टीम ने दिल्ली में प्रदूषण के तेजी से बढ़ने को लेकर जागरूकता फैलाई। लोगों के साथ औद्योगिक उत्सर्जन, कचरे का खराब निपटान, खनन, वनों की कटाई, जीवाश्म ईंधन के उपयोग और कृषि गतिविधियों सहित प्रदूषण के मुख्य कारणों पर चर्चा भी की।

दिल्ली की चाइल्डलाइन टीम ने व्यक्तिगत स्वच्छता और शारीरिक स्वच्छता और स्वस्थ वातावरण के महत्व के बारे में भी लोगों के साथ विचार साझा किया।

सत्र के अंत में टीम ने लोगों को प्रदूषण से बचाने के लिए श्वसन मास्क वितरित किए।

क्शरश्रींह शिीीळेप रीं ठरळप इरीशीर –डरषवरीक्षींपस लू उकखडऊडखछए ऊशश्रहळ

बाल श्रम के विरुद्ध रैली

दिल्ली की चाइल्डलाइन ने बाल दिवस के अवसर पर एंटी चाइल्ड डे पर प्रकाश डाला। चाइल्डलाइन की टीम ने कश्मीरी पार्क में बच्चों को रैली मार्ग के बारे में उन्मुख किया और बाल श्रम पर नारे भी लगाए। यह रैली कश्मीरी पार्क के भोगल मेन मार्केट होते हुए भोगल मार्केट के पुलिस बूथ पर तक हुई। इस रैली के बाद बच्चों ने नृत्य प्रदर्शन और बाल मजदूरी पर नुक्कड़

नाटक रखा। दिल्ली की चाइल्डलाइन टीम ने नुक्कड़ नाटक के बाद बाल श्रम के बारे में जागरूकता फैलाई और बच्चों ने नाटक के माध्यम से जो संदेश दिया, उसके बारे में भी बताया। चाइल्डलाइन की टीम ने चाइल्डलाइन के बारे में जानकारी भी साझा की और बच्चों को चाइल्डलाइन के पर्चे और किताबी स्टिकर भी वितरित किए।

भोगल मार्केट में बाल श्रम पर रैली

स्कूल के शिक्षकों के साथ सुरक्षा बंधन

दिल्ली की चाइल्डलाइन टीम ने कुछ बच्चों के साथ एक सरकारी स्कूल में जाकर टीचर के हाथों में दोस्ती बैंड बांधकर चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह मनाया। शिक्षकों ने बच्चों के साथ स्वस्थ संबंध बनाने का वादा किया। शिक्षकों ने हस्ताक्षर सह संदेश अभियान में भी भाग लिया जिसमें उन्होंने बच्चों के लिए सुंदर संदेश साझा किए।

स्कूल के शिक्षकों के साथ सुरक्षा बंधन

पंजाब

चंडीगढ़

पंजाब के चंडीगढ़ के सी.एस.डी सप्ताह के दौरान मुख्य अतिथियों में से एक अतिथि द्वारा बच्चों को संबोधित किया गया

चंडीगढ़ की चाइल्डलाइन ने चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह का आयोजन किया। इसका उद्देश्य बच्चों से जुड़े मामलों यानी बाल श्रम, भीख मांगना, आश्रय, चिकित्सा सहायता, देखभाल और किसी भी प्रकार के दुर्व्यवहार से सुरक्षा के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए एक सप्ताह तक चलाये जाने वाला जागरूकता अभियान था।

पंजाब के चंडीगढ़ के सी.एस.डी सप्ताह के दौरान मुख्य अतिथियों में से एक अतिथि द्वारा बच्चों को संबोधित किया गया। चंडीगढ़ की चाइल्डलाइन टीम ने ११ नवंबर, २०१९ को आई.एस.बी.टी बस स्टैंड स्थित दफ्तरों, सफाई करने वाले इलाकों, माल साइडिंग, स्टाफ कॉम्प्लेक्स और कझेरी के नजदीक स्थित कॉलोनियों का दौरा किया।

विभिन्न मुद्दों पर आधारित ड्राइंग प्रतियोगिता

१३ नवंबर २०१९ को चंडीगढ़ की चाइल्डलाइन ने बच्चों के लिए सी.एस.डी सप्ताह के जश्न के एक हिस्से के रूप में सरकारी सीनियर सेकंड स्कूल, चंडीगढ़ में एक ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने अपने चित्र के माध्यम से समाज को बाल श्रम रोकने, बाल विवाह, पर्यावरण बचाने, प्लास्टिक बैग का उपयोग नहीं करने, बाल उत्पीड़न (सुरक्षित स्पर्श और असुरक्षित स्पर्श) और अन्य मुद्दों के ऊपर संदेश दिया। चाइल्डलाइन की टीम ने बाल श्रम के बारे में जागरूकता फैलाई और उन्हें यह भी बताया कि यदि कोई बच्चा श्रम कर रहा है या संकट में या मुसीबत में है तो वह १०९८ पर कॉल करें। मानसा जिले में बाल दिवस के अवसर पर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला प्रशासन सहित

सभी हितग्राहियों और बाल अधिकारों के सहयोग से काम करने वाले अन्य संगठनों ने एकजुट होकर कार्यक्रम का संचालन किया। उन्होंने उक्त कार्यक्रम में जिले में बाल संरक्षण सुनिश्चित करने की शपथ ली। इसके बाद इस शपथ समारोह में विशेष रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए ड्राइंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

चाइल्डलाइन चंडीगढ़, पंजाब द्वारा आयोजित ड्राइंग प्रतियोगिता

मानसा में बाल अधिकारों के लिए शपथ समारोह

जम्मू–कश्मीर

कठुआ

रंगोली प्रतियोगिता का विषय स्वच्छ भारत अभियान था और इस अवसर पर जिला बाल संरक्षण अधिकारी मुख्य अतिथि थे। इस प्रतियोगिता के विजेताओं और प्रतिभागियों के बीच पुरस्कार और प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में २३ छात्र–छात्राओं, ३५ शिक्षकों व स्टाफ सदस्यों ने भाग लिया।

इस कार्यक्रम का समापन कठुआ की चाइल्डलाइन टीम ने २४x७ चाइल्डलाइन आपातकालीन सेवाओं की गतिविधियों

चाइल्डलाइन कठुआ टीम द्वारा रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

श्रीनगर

श्रीनगर की चाइल्डलाइन ने राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय श्रीनगर के छात्रों और कर्मचारियों के साथ बाल दिवस मनाया।

चाइल्डलाइन की टीम ने पूरा दिन बच्चों के साथ बिताया और इन कार्यक्रमों में उनसे जुड़ी सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों का आयोजन किया।

थियेटर समूह के बच्चों के साथ श्रीनगर की चाइल्डलाइन टीम

हिमाचल प्रदेश

कांगड़ा

कांगड़ा की चाइल्डलाइन ने १४ नवंबर, २०१९ से लेकर नौ दिनों तक चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह मनाते हुए कांगड़ा जिला में प्रतियोगिताएं, हस्ताक्षर अभियान, जागरूकता कार्यक्रम, मेला, रैलियां आदि का आयोजन किया। चाइल्डलाइन की टीम ने बाल दिवस के तहत केंद्रीय विद्यालय बनौला में "बाल मेला" का भी आयोजन किया, जिसने इस उत्सव को और विशेष

बना दिया। इस मेले में चाइल्डलाइन की टीम ने चाइल्डलाइन हेल्पलाइन नंबर १०९८ विषय पर खेलकूद प्रतियोगिता और स्किट प्रतियोगिता जैसे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए। इस कार्यक्रम में एस.एच.ओ महिला थाना ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की और छात्रों के प्रयासों की सराहना भी की। उन्होंने उन्हें अपने लक्ष्यों के प्रति कड़ी मेहनत करने और अपना जीवन को पूरी तरह जीने के लिए प्रोत्साहित किया। सुश्री चंदेल ने विजेताओं को पुरस्कार भी वितरित किए।

केवीएस भानाला में बाल दिवस समारोह

हरियाणा

अंबाला

वृक्षारोपण

हरियाणा के अंबाला में बच्चों के साथ वृक्षारोपण अभियान

अंबाला की चाइल्डलाइन ने पौधे लगाने के समय पेड़ों और बच्चों की रक्षा करने की शपथ ली। बच्चों ने टीम की मदद से पौधे लगाए। इस गतिविधि की प्रक्रिया में बच्चों ने न केवल वृक्षारोपण की मूल बातें सीखीं, बल्कि प्लास्टिक के कचरे को कम करने के वैकल्पिक साधन के रूप में पौधे को उगाने के लिए प्लास्टिक की बोतलों का उपयोग करने के रचनात्मक तरीके भी सीखे। चाइल्डलाइन की टीम ने बच्चों को दोस्ती बैंड भी बांधा।

भिवानी

चाइल्डलाइन भिवानी की टीम ने जागरूकता अभियान किया

भिवानी की चाइल्डलाइन टीम ने भिवानी रेलवे स्टेशन पर चाइल्डलाइन के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए जागरूकता अभियान का आयोजन किया। अनेक लोगों सहित छात्रों ने भी मौजूद थे और व्याख्यान को सुना भी। इसमें भाग लेने वाले लोग बहुत खुश थे और उन्होंने शपथ ली थी कि यदि वे किसी भी बच्चे के ऐसे मामले को देखेंगे तो वे चाइल्डलाइन संख्या १०९८ हेल्पलाइन पर कॉल करेंगे।

हिसार

चाइल्डलाइन हिसार ने हर्ष और उत्साह के साथ सी.एस.डी सप्ताह मनाया और चाइल्डलाइन के लिए अधिक से अधिक "दोस्त" बनाने की कोशिश की। इस वर्ष के सी.एस.डी सप्ताह के उत्सव के दौरान जिले में बाल संरक्षण तंत्र के लिए और अधिक से अधिक हितधारकों को शामिल करने पर जोर दिया गया।

इसके अलावा, यह भी सुनिश्चित किया गया कि समाज के सबसे कमजोर बच्चों से संपर्क किया जाए और उन्हें यह संदेश दिया जाए कि उन्हें जब भी कोई जरूरत हो चाइल्डलाइन समर्थन देने के लिए हमेशा तैयार है।

चाइल्डलाइन टीम ने सबसे हाशिए पर रहने वाले बच्चों तक पहुँचना सुनिश्चित ताकि वे समुदाय, हितधारक, पुलिस, विभिन्न विभागों के अधिकारी से बच्चों से संबंधित मुद्दों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए एक साथ जुड़कर शामिल सकें।

हरियाणा में चाइल्डलाइन हिसार द्वारा अच्छे और बुरा स्पर्श के बारे में फिल्म की स्क्रीनिंग की गई

सी.एस.डी सप्ताह के दौरान आयोजित की गई प्रमुख गतिविधियों में बच्चों के साथ केक काटने का समारोह, आत्मरक्षा के बारे में अभिविन्यास, बाल अधिकार और बाल संरक्षण मुद्दे पर ड्राइंग और स्लोगन लेखन प्रतियोगिता, हस्ताक्षर अभियान, चाइल्डलाइन से दोस्ती बैंड बांधने, मेरी सुरक्षा मेरी जिम्मेदारी के बारे में रैली और "फिल्म स्क्रीनिंग" जैसी गतिविधियाँ शामिल थी।

राजस्थान

बाड़मेर

चाइल्डलाइन बाड़मेर मोतीनगर गई और कच्ची बस्ती के बच्चों के साथ बाल दिवस मनाया। चाइल्डलाइन की टीम ने बाल दिवस का महत्व समझाया और उस दिन आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के बारे में भी बताया। चाइल्डलाइन की टीम ने बच्चों के साथ कई गतिविधियाँ की और चॉकलेट का वितरण भी किया।

चाइल्डलाइन बाड़मेर द्वारा मोतीनगर के कच्ची बस्ती में बाल दिवस समारोह बाड़मेर

सीकर

सीकर की चाइल्डलाइन ने बाल विवाह, बाल श्रम, और अच्छे और बुरे स्पर्श विषयों पर जागरूकता फैलाने के लिए कठपुतली शो, पिकनिक, हस्ताक्षर अभियान, फिल्म स्क्रीनिंग और चाइल्ड फेयर जैसे कई कार्यक्रम का आयोजन किया।

बाल मेले में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए और उन्हें घोड़े और ऊँट की सवारी कराई गई। विशेष बच्चों के लिए फैशन शो, खेल और प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

चाइल्डलाइन सीकर द्वारा आयोजित बाल मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम

उत्तर प्रदेश

बहराइच

चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह के दौरान चाइल्डलाइन द्वारा पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। बच्चों ने चाइल्डलाइन के संदेश के साथ पतंग उड़ाया।

बहराइच में पतंग महोत्सव

फतेहपुर

चाइल्डलाइन फतेहपुर टीम ने एस.एच.ओ श्रीमती नमिता सिंह की उपस्थिति में के जी.ए.बी.वी त्रिलोकीपुर में पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। बच्चों ने बाल अधिकार, बाल दुर्व्यवहार बाल श्रम जैसे विषयों पर पोस्टर बनाए।

केजीएबीवी त्रिलोकीपुर में चाइल्डलाइन पोस्टर प्रतियोगिता।

महोबा

महोबा की चाइल्डलाइन टीम ने चाइल्डलाइन १०९८ की सेवाओं के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए महोबा ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल में अभियान चलाया। स्कूल के बच्चों ने उल्लेखनीय मानव श्रृंखला के माध्यम से १०९८ चाइल्डलाइन के हेल्पलाइन नंबर का गठन किया, जो इसका साक्ष्य भी बना।

महोबा के ज्ञानस्थली पब्लिक स्कूल
में बच्चों द्वारा मानव श्रृंखला के माध्यम से
चाइल्डलाइन हेल्पलाइन नंबर १०९८ का गठन किया गयी ।

उत्तराखंड

नैनीताल

नैनीताल के धारहोर में चाइल्डलाइन नैनीताल ने एक हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया। टीम ने चाइल्डलाइन १०९८ और बाल अधिकारों के बारे में जागरूकता कार्यक्रम चलाया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने हस्ताक्षर अभियान पर अपने हस्ताक्षर किए और चाइल्डलाइन के दोस्त होने का वादा किया।

नैनीताल में जागरूकता अभियान चलाया गया जिसमें बच्चों ने तख्तियों/पोस्टरों (प्लैकार्ड) पर बाल अधिकारों के लिए संदेश दिया। बच्चों ने बाल अधिकार, बाल उत्पीड़न और बाल विवाह जैसे मुद्दों पर संदेश प्रसारित किए।

चंपावत में एक शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जहाँ शिक्षकों ने चाइल्डलाइन १०९८ के दोस्त बनने एवं समाज के बच्चों की रक्षा करने की शपथ ली।

नैनीताल के धाराहोर में आयोजित हस्ताक्षर अभियान

पूर्व

असम

असम के सिलचर में सी.एस.डी सप्ताह का आयोजन

चाइल्डलाइन असम ने सी.एस.डी सप्ताह के समारोह के तहत कार्यक्रम आयोजित किया। बच्चों के लिए चित्रकला, प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, जिला प्रशासन, आई.सी.सी.एस के कार्यकर्ता, आई. सी.डी.एस के कार्यकर्ता, पुलिस कार्मिक, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल को सुरक्षा बंधन बैंड बांधना जैसे मुख्य कार्यक्रम थे।

टीम ने हस्ताक्षर अभियान और जिले के महत्वपूर्ण स्थानों पर भित्ति–चित्र (वाल पेंटिंग) संबंधी पहल की।

अरुणाचल प्रदेश

ईटानगर

चाइल्डलाइन ईटानगर ने सी.एस.डी सप्ताह आयोजन के तहत बच्चों के लिए चित्रकला (ड्राइंग) प्रतियोगिता का आयोजन किया। टीम ने अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में निःशुल्क दंत जांच और जागरूकता शिविर का आयोजन भी किया।

अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में सी.एस.डी सप्ताह का आयोजन

मणिपुर

इम्फ़ाल

चाइल्डलाइन इम्फाल ईस्ट (पूर्व) ने दिनांक १४ से २० नवंबर, २०१९ तक चाइल्डलाइन से दोस्ती अभियान मनाया। माननीय मंत्री श्री एल. जयंतकुमार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कानून एवं विधायी मामले, कला एवं संस्कृति तथा सीएडीए, मणिपुर सरकार ने हस्ताक्षर अभियान का उद्घाटन किया। "समुदाय कार्यक्रम (इवेंट विद कम्युनिटी)" के तहत चाइल्डलाइन इम्फाल पूर्व ने इम्फाल पूर्व के विभिन्न स्थानों पर घर–घर में हस्ताक्षर अभियान चलाया जिससे स्थानीय लोगों को चाइल्डलाइन १०९८ के "दोस्त" बने।

माननीय मंत्री श्री एल. जयंतकुमार, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कानून एवं विधायी मामले, कला एवं संस्कृति तथा सीएडीए, मणिपुर सरकार ने चाइल्डलाइन से दोस्ती अभियान का उद्घाटन किया।

मिज़ोरम

सी.एस.डी सप्ताह समारोह के तहत, चाइल्डलाइन मिज़ोरम टीम ने अइज़ोल, मिजोरम में जागरूकता सत्र का आयोजन किया ।

सी.एस.डी सप्ताह समारोह के दौरान अइज़ोल में जागरूकता सत्र

नागालैंड

सी.एस.डी सप्ताह के तहत चाइल्डलाइन नागालैंड ने नुईलैंड माध्यामिक विद्यालय में स्वास्थ्य एवं स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया।

ओसी एवं कार्मिक, नागालैंड के साथ चाइल्डलाइन टीम

बिहार

चाइल्डलाइन बिहार ने राज्य के २२ जिलों में चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह का आयोजन किया, साथ ही बिहार राज्य के ८ प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर कुछ रंग–बिरंगे एवं अभिनव कार्यक्रमों को आयोजित किए गए।

बिहार के रेलवे स्टेशनों पर जागरूकता कार्यक्रम

पटना रेलवे जंक्शन में चाइल्डलाइन

रेलवे चाइल्डलाइन पटना ने रेलवे स्टेशन के परिसर में जागरूकता सत्र और अन्य कार्यक्रम आयोजित करके सी.एस.डी कार्यक्रम मनाया। स्टेशन में गाड़ियों की प्रतिक्षा कर रहे यात्रियों, जी.आर.पी, आर.पी.एफ, स्टेशन प्रबंधक और स्टेशन निदेशक को सुरक्षा बंधन बैंड बांधा गया। स्टेशन निदेशक ने बाल संरक्षण सुनिश्चित करने में और बच्चों के अधिकारों और संरक्षण के लिए लड़ने के लिए टीम की लगातार प्रयासों की सराहना की।

टीम ने सभी को सी.एस.डी कार्यक्रम के महत्व को समझाया। रेलवे के स्टाफ सदस्यों ने चाइल्डलाइन बिहार की पहल की प्रशंसा की और वादा किया कि वे उनके साथ सभी गतिविधियों में सहयोग करेंगे।

टीम ने चाइल्डलाइन सेवाओं के बारे में प्रतिपुष्टि (फीडबैक) लेने के लिए हस्ताक्षर अभियान का भी आयोजन किया।

छत्तीसगढ़

राजनंदगांव

चाइल्डलाइन राजनंदगांव ने सभागार में एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करके उत्सव मनाया जहां एस.पी, डी.पी.ओ, डी.सी.पी. ओ और अन्य अधिकारी उपस्थित थे। टीम ने भाग लेने वाले अधिकारियों को दोस्ती बैंड बांधा। चाइल्डलाइन राजनंदगांव द्वारा बाल–उत्पीड़न के खिलाफ रैली और हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया।

छात्रों और शिक्षकों को पोक्सो अधिनियम, जेजे अधिनियम एवं चाइल्डलाइन १०९८ सेवाओं के बारे में जागरूक किया गया।

बस स्टैंड पर एक आउटरीच गतिविधि को आयोजित की गई जहां टीम ने बाल अधिकारों, बाल शोषण और चाइल्डलाइन १०९८ सेवाओं के विषयों के बारे में जागरूकता प्रसारित किया गया।

यात्रियों, बस मालिकों, बस चालकों और परिचालाकों को पर्चे (पैम्फ़लेट) वितरित किए गए।

चाइल्डलाइन राजनंदगांव टीम ने रेलवे विभाग के सदस्यों को दोस्ती बैंड भी बांधें। टीम ने प्रधानमंत्री कौशल केंद्र में पॉक्सो अधिनियम पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया।

विद्यालय एवं कॉलेज छात्रों के
चाइल्डलाइन राजनंदगावं मानव (ह्यूमन) चैन

झारखंड

रांची

झारखंड की राज्यपाल सुश्री द्रौपदी मुर्मू के चाइल्ड लाइन रांची टीम

सी.एस.डी सप्ताह के तहत, चाइल्डलाइन रांची टीम ने रांची में अपने संचालन क्षेत्र के विभिन्न पुलिस स्टेशनों के स्टेशन प्रभारी को दोस्ती बैंड़ बांधा गया।

चाइल्डलाइन से दोस्ती बैंड को झारखंड की राज्यपाल सुश्री द्रौपदी मुर्मू के हाथों में भी बांधा गया।

टीम ने ड़ीसी, शहर के पुलिस अधीक्षक, एसडीओ, उप नगर निगम आयुक्त, सी.डब्लू.सी और डी.सी.पी.यू को दोस्ती बैंड बांधे गए।

टीम ने निदेशक आई.सी.पी.एस, विकलांगता आयुक्त के साथ मुलाकात की और दोस्ती बैंड बांधा गया उसके आई.जी–सी. आई.डी को भी दोस्ती बैंड बांधा गया। रेलवे चाइल्डलाइन रांची टीम ने न केवल रांची स्टेशन में अपितु मुरी, टोरी और हटिया स्टेशनों में जाकर वहां पदस्थ जी.आर.पी एवं आर.पी.एफ को दोस्ती बैंड्स बांधा गया।

उडिसा

ब्रह्मपुर

चाइल्डलाइन ब्रह्मपुर ने संबद्ध प्रणाली और अन्य साझेदारों को शामिल करते हुए "चाइल्डलाइन से दोस्ती" सप्ताह मनाया। बच्चों ने पुलिस अधिकारियों और सरकारी अधिकारियों जैसे कलेक्टर, एडी.एम, डी.पी.सी कार्यालय, डी.एल.ओ, उप जिलाधिकारी को दोस्ती बैंड बांधा। विद्यालयों में चित्रकला (ड्राइंग) प्रतियोगिता, वार्तालाप गतिविधि (रोल प्ले), गायन प्रतियोगिता, वाद–विवाद प्रतियोगिता, प्रश्नोत्तरी (क्विज़) प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, हस्ताक्षर अभियान आयोजित किए गए। बाल सुरक्षा और संरक्षण के विषय पर समुदायों के समझ एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन भी किया गया।

माननीय स्कूल और जन शिक्षा मंत्री श्री समीर रंजन दास के साथ चाइल्डलाइन टीम

पश्चिम बंगाल

मुर्शिदाबाद

चाइल्डलाइन मुर्शिदाबाद ने चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह के तहत विद्यालय के बच्चों के साथ रैली और जागरूकता सृजन करने के हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया।

अजिमगंज रेलवे जंक्शन में टीम ने बच्चों और किशोरों के लिए चित्रकला (ड्राइंग) प्रतियोगिता, त्वरित प्रश्नोत्तरी (रैपिड क्विज़), हस्ताक्षर अभियान आयोजित की। रेलवे बाल संरक्षण समिति, सड़क एवं प्लेटफॉर्म के आसपास रह रहे बच्चों के बीच संवाद–सत्र आयोजित किया गया।

कालिकापुर माध्यमिक विद्यालय, रामनगर माध्यमिक मदरशा के बच्चों को चाइल्डलाइन से दोस्ती बैंड बंधा ।

टीम द्वारा आत्मरक्षा शिक्षा संबंधी कार्यशाला में कराटे कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

मुर्शिदाबाद, पश्चिम बंगाल में आयोजित आत्मरक्षा शिक्षा संबंधी कार्यशाला

पश्चिम

महाराष्ट्र

परभणी पुलिस द्वारा बच्चों का मार्गदर्शन

सी.आई.एफ को यू.एन.सी.आर.सी के ३० वर्ष पूर्ण होने पर बाल सरंक्षा सप्ताह (१४ से २० नवंबर तक) के आयोजित कार्यक्रम में हिंसा को समाप्त करने के लिए राज्य स्तरीय अभियान (गतिविधियों की योजना सहित) में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया। राज्य पुलिस, डब्लू.सी.डी और स्वास्थ्य एवं यू.एन. आई.सी.ई.एफ (युनिसेफ), महाराष्ट्र के समन्वय से यह कार्य किया गया। चाइल्डलाइन साझेदार (पार्टनर) जिला स्तरीय टीम (पुलिस, डब्ल्यू.सी.डी, सी.डब्ल्यू.सी, डी.सी.पी.यू और एस.जे. पी.यू) के हिस्सा थे। साथ ही विद्यालयों और कॉलेजों में चाइल्डलाइन एवं पुलिस की भूमिका दर्शाते हुए बाल–संरक्षण और इससे संबंधित मुद्दों के पर जागरूकता सृजन करने हेतु सत्र का आयोजन किया गया।

औरंगाबाद

चाइल्डलाइन औरंगाबाद ने दिनांक १४ नवंबर, २०१९ को औरंगाबाद रेलवे स्टेशन पर रंगोली के माध्यम से बाल अधिकारों के विषय पर जागरूकता प्रसारित करने के उद्देश्य से सीडीएस सप्ताह मनाया गया। इस कार्यक्रम में बाल कल्याण समिति और रेलवे पुलिस थाने के प्रभारी को आमंत्रित किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग १५०० से २००० लोग शामिल हुए। कार्यक्रम का उद्देश्य रचनात्मक कला के माध्यम से बाल अधिकारों का संदेश प्रसारित करना था। टीम के द्वारा रेलवे स्टेशन पर हस्ताक्षर अभियान का भी आयोजन किया गया।

चाइल्डलाइन औरंगाबाद टीम द्वारा बाल आनंद मेलवा अभियान का आयोजन किया गया जिसमें ० से १८ वर्ष के बच्चों को चाइल्डलाइन से मिलने वाली सहायता के प्रकारों का वर्णन के संबंध में और चाइल्डलाइन की हेल्पलाइन नंबर वितरण हेतु आयोजित किया गया। बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के नाश्ते की व्यवस्था की गई। इस कार्यक्रम में १९ विद्यालयों के १५०० से अधिक बच्चों ने भाग लिया।

बाल अधिकारों से संबंधित जागरूकता के लिए रंगोली बनाई गई

मुंबई

सी.एस.डी सप्ताह के दौरान, चाइल्डलाइन मुंबई द्वारा सी.एस.टी स्टेशन पर सेल्फी अभियान का आयोजन किया गया जहां रेलवे के अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों एवं लोगों के साथ सेल्फी ली गई। टीम ने छोटा भीम एवं डोरेमोन बैनर के माध्यम से मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर जागरूकता अभियान चलाया। दादर रेलवे स्टेशन पर पुलिस अधिकारियों ने जनता को बाल–संरक्षा के बारे बताया।

मुंबई सेंट्रल रेलवे स्टेशन पर डोरेमोन एवं छोटा भीम के प्रतीकों के साथ सी.एस.डी सप्ताह का आयोजन

नागपुर

चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह के दौरान, चाइल्डलाइन नागपुर ने बस स्टैंड ऑफिस के स्टाफ के बीच चाइल्डलाइन १०९८ एवं बाल श्रम के बारे में जागरूकता अभियान चलाया। टीम ने नागपुर के सभी बस स्टैंड कार्यालय के कर्मचारियों को दोस्ती बैंड भी बांधा। टीम द्वारा एक रैली का भी आयोजन किया गया।

टीम ने यात्रियों व स्टॉल (दुकान) के मालिकों को चाइल्डलाइन पोस्टर और पत्रक (लीफलेट) का वितरण किया। टीम द्वारा चाइल्डलाइन गीत का गायन और नुक्कड़ नाटक किया गया।

नागपुर एसटी बस अड्डा (डिपो) पर सभी यात्रियों को चाइल्डलाइन पोस्टर और पत्रक (लीफलेट) का वितरण करते हुए ।

रत्नागिरी

चाइल्डलाइन रत्नागिरी ने एक रैली का आयोजित की जिसमें ४०० छात्रों ने भाग लिया। टीम के द्वारा सज़ावटी सुंदर गुब्बरे एवं रंगोली की व्यवस्था की गई। विद्यालयों में चाइल्डलाइन रत्नागिरी टीम एवं पुलिस अधिकारियों ने बाल अधिकार एवं बाल सुरक्षा संबंधी मुद्दों पर एक जागरूगता सत्र का आयोजन किया। बाल अधिकारों पर एक नुक्कड़ नाटक का भी आयोजन किया गया।

विद्यालयों में बच्चों को बाल अधिकारों के विषय शिक्षित करते हुए पुलिस अधिकारी

गुजरात

अहमदाबाद

चाइल्डलाइन अहमदाबाद ने चाइल्डलाइन १०९८ की सेवाओं एवं प्लास्टिक मुक्त अहमदाबाद संबंधी विषय पर छात्रों के साथ मिलकर एक जागरूकता रैली एवं उनमें जागरूकता का सृजन किया।

समाचार पत्रों (न्यूज़पेपर) के माध्यम से बैग बनाते हुए छात्र

आनंद

चाइल्डलाइन पद–चाल (वाल्कथन) २०१९

चाइल्डलाइन आनंद द्वारा चाइल्डलाइन पद–चाल (वाल्कथन) २०१९ का आयोजन किया गया। पद–चाल का मुख्य लक्ष्य बाल अधिकारों एवं सरंक्षण संबंधी मुद्दों संबंधी जागरूकता प्रसारित करना था जिसमें करीब ७० बच्चों ने भाग लिया। सभी प्रतिभागियों ने हरी (ग्रीन) चाइल्डलाइन टोपी (कैपी) पहनकर एवं चाइल्डलाइन झंडों के साथ पद–चाल में शामिल हुए। पद–चाल का मुख्य विषय (थीम) "स्वच्छ भारत" एवं

"मेक इंडिया, ग्रीन इंडिया" था। बच्चों के लिए नाश्ते की व्यवस्था की गई और चाइल्डलाइन ने उपस्थित सभी अतिथियों को चाइल्डलाइन १०९८ का समर्थन करने के लिए आभार व्यक्त किया।

कच्छ

माननीय जिलाधिकारी महोदय श्री नागराज द्वारा सी.एस.डी कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए

माननीय कलेक्टर श्री नागराज द्वारा बालगृह में केक काटकर कच्छ सी.एस.डी कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कलेक्टर ने उपस्थित लोगों एवं बच्चों को चाइल्डलाइन हेल्पलाइन नंबर १०९८ के बारे में बताया। चाइल्डलाइन टीम ने चाइल्डलाइन, बाल अधिकार, संवृद्धि और विकास के बारे में जानकारी साझा की। बच्चों के लिए जलपान की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए सामाप्त किया गया साथ ही दोपहर का भोजन की भी व्यवस्था की गई।

वडोदरा

रेडियो स्टेशन (रेडियो सिटी ९१.१ एफएम), वडोदरा में चाइल्डलाइन के लाभार्थी

चाइल्डलाइन वडोदरा ने बच्चों के लिए विभिन्न कार्यक्रम का आयोजन किया। चाइल्डलाइन परियोजनाओं के बाल लाभार्थियों के लिए रेडियो शो का आयोजन किया गया। बड़े पैमाने पर विद्यालयों, कॉलेजों और बैंकों में स्वयंसेवकों को बढ़ाने और जागरूकता फैलाने के लिए स्वयंसेवा अभियान चलाया गया। टीम ने वडोदरा शहर भर में नाटकों की प्रस्तुति दी। टीम ने सरकारी अधिकारियों से भी मुलाकात कर दोस्ती बंधन बैंड बांधा। टीम ने एन.सी.एल.पी परियोजना के बच्चों को लेकर सयाजीबाग में पिकनिक मनाया और वडोदरा रेलवे स्टेशन पर हस्ताक्षर अभियान चलाया। इस अभियान के माध्यम से बच्चों और अन्य भागीदारों/साझेदारों में १०९८, बाल अधिकार और बाल संबंधी कानूनों के बारे में जागरूकता को प्रसारित किया गया।

गोवा

चाइल्डलाइन गोवा टीम की सहायता से बच्चों द्वारा बनाया गया कागज़ की मछली (पेपर फिश)

चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह के अवसर पर जागरूकता रैली

सी.डी.एस सप्ताह के दौरान चाइल्डलाइन गोवा टीम ने १४ नवम्बर २०१९ को बाल दिवस के आयोजन किया। इस

कार्यक्रम के तहत टीम द्वारा विभिन्न गतिविधियों जैसे चित्रकारी एवम् हस्तकला, खेल और नृत्य को प्रस्तुत किया गया।

दादरा और नागर हवेली

बच्चों को स्वच्छता किट का वितरण

टीम द्वारा दिनांक २१ नवम्बर को बालभवन में स्व–स्वछता के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नरोली में बच्चों को स्व–स्वच्छता से संबंधित समाग्रियों से बना हुआ विशेष स्वच्छता किट का वितरण किया गया।

दमन

रिगवांडा प्रवासी क्षेत्र पर स्वच्छता अभियान

चाइल्डलाइन दमन ने एक हस्ताक्षर अभियान का आयोजन किया, रिगवांडा प्रवासी क्षेत्र में स्वच्छता अभियान के साथ–साथ चाइल्डलाइन १०९८ सेवाओं के बारे में समझाते हुए पोस्टर और पर्चे भी वितरित किए गए।

मध्य प्रदेश

अनूपपुर

अनूपपुर में पतंगबाज़ी (उड़ाना) अभियान का आयोजन

चाइल्डलाइन अनूपपुर ने अनूपपुर में पतंग उड़ाने का अभियान का आयोजन किया जिसमें पतंगों पर चाइल्डलाइन १०९८ के संदेश को दिखाया गया।

खरगोन

चाइल्डलाइन ने खरगोन जिले में नवाचार विचार दोस्ती पत्र का प्रारंभ हुआ जिसमें ६ विद्यालय से करीब १००० बच्चों ने भाग लिया। बच्चों ने अपने अनुभव और विचारों को साझा किया। विभिन्न गतिविधियाँ जैसे प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, बाल सभा का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर शपथ ग्रहण समारोह भी रखा गया जिसमें बच्चों को अपने सामने किसी भी संकट/समस्या के समय १०९८ में सूचना देने संबंधी शपथ दिलवाई गई।

खरगोन में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह

दक्षिण

मीडिया को संबोधित करती हुईं सुश्री पद्मावती,
बाल कल्याण समिति, जिला – पूर्वी गोदावरी

अनंतपुरम, पूर्वी गोदावरी और श्रीकाकुलम के जिला कलेक्टरों ने आंध्र प्रदेश में चाइल्डलाइन से दोस्ती अभियान का उद्घाटन किया ।

चाइल्डलाइन आंध्र प्रदेश ने प्रेस बैठक का आयोजन किया जिसमें पूरे आंध्र प्रदेश में प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया दोनों के मीडियाकर्मियों को अवगत कराया । इसका मुख्य उद्देश्य उन लोगों का ध्यान आकर्षित करना था जो चाइल्डलाइन से अनजान हैं। वे बच्चों की सुरक्षा में अपनी भूमिका निभाने के लिए लोगों की मदद करने के लिए और साथ ही साथ चल रहे प्रयासों में सहयोग देना चाहते हैं।

माननीय अध्यक्ष आंध्र प्रदेश विधान सभा
श्री टी सीताराम पोस्टर का उद्घाटन करते हुए

सभी जिलों के संबद्ध प्रणालियों के प्रमुखों ने सी.एस.डी अभियान के पोस्टरों का उद्घाटन किया। भाग लेने वाले अधिकारियों ने जिले में बाल अधिकारों के संरक्षण में चाइल्डलाइन की प्रतिबद्धता की प्रशंसा की ।

कर्नाटक

चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह का उद्घाटन

१४ नवंबर, २०१९ को चाइल्डलाइन कर्नाटक द्वारा राज्य भर में सी.एस.डी सप्ताह का उद्घाटन आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीसी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, एस.पी, डी.एच.ओ, सी.ई.ओ, डी.सी.पी.ओ, डी.एल.एस.ए, ए.एल.सी, डी.डी.पी.आई, डी.डी, सी.जे.एम, सी.डब्ल्यू.सी अध्यक्ष, सदस्य आदि जिला अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान पोस्टरों का विमोचन, हस्ताक्षर अभियान, सुरक्षा बंधन बैंड बांधने और सभी विभागों और विभिन्न साझेदारों द्वारा जिले को बाल हितैषी जिला सुनिश्चित करने की शपथ ली गई।

कर्नाटक सरकार तुमकुर के कानून एवं प्रवर्तन मंत्री श्री जे.सी. मधु स्वामी द्वारा तुमकुर में चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह का उद्घाटन

बाल भिक्षावृत्ति के खिलाफ जन जागरूकता

मौन जत्था– बागलकोट में बाल सुरक्षा और मैत्रीपूर्ण
जिले के लिए पद-यात्रा

चाइल्डलाइन कर्नाटक ने पूरे राज्य में बाल भिक्षावृत्ति की रोकथाम पर अभियान का आयोजन किया। टीम ने पर्चे व पोस्टर वितरित कर चाइल्डलाइन के बारे में जागरूकता को प्रसारित किया। मंगलुरु, बेलादेवी, धारवाड़, चामराजनगर, मैसूरू और दावणगेरे जिलों में बाल तस्करी और बाल सुरक्षा की रोकथाम को लेकर टीम द्वारा बाइक, साइकिल और ऑटो रैलियों का आयोजन किया गया। टीम ने जनता को निर्देश दिया कि बाल भिक्षावृत्ति को प्रोत्साहित न करें और यदि कभी भी उन्हें कोई बच्चा श्रम करते हुए या संकट में पाया जाता है उसकी जानकारी चाइल्डलाइन १०९८ के साथ जानकारी साझा करें। चाइल्डलाइन टीम ने छात्रों को दोस्ती बंधन बैंड बांधा और बाल अधिकारों के संबंध में बस स्टैंड, कॉलेज, रेलवे स्टेशन, बाजार, थिएटर, धार्मिक स्थल, ऑटो स्टैंड आदि जैसे विभिन्न सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाया।

केरल

एर्णाकुलम

चाइल्डलाइन एर्नाकुलम और छात्र प्रतिनिधियों ने उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों माननीय न्यायमूर्ति सी.के. अब्दुल रहीम, माननीय न्यायमूर्ति देवन रामचंद्रन, माननीय न्यायमूर्ति वी.जी. अरुण, माननीय न्यायमूर्ति अनु शिवरमन और केरल राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव के.टी. निसार अहमद के साथ चर्चा की ।

सुश्री अदीला अब्दल्ला, आई.ए.एस, जिलाधिकारी, वायनाड बच्चों के साथ चर्चा करती हुईं

तमिलनाडु

टीम ने स्कूल, कॉलेज, नशा मुक्ति केंद्र में चाइल्डलाइन हेल्पलाइन नंबर १०९८ पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया और रेडियो एफएम ९०.४, डिंडीगुल में १०९८ के बारे में बताया गया।

रेडियो एफएम ९०.४, डिंडीगुल पर बाल संरक्षा के बारे में जानकारी साझा करती हुई चाइल्डलाइन तमिलनाडु की टीम

चाइल्डलाइन तमिलनाडु की टीम ने "स्वच्छ भारत मिशन" स्वच्छ भारत अभियान अभियान के संदर्भ में विद्यालयों में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में स्कूल के छात्रों, एच.एम, शिक्षकों और चाइल्डलाइन तमिलनाडु की टीम ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम में बच्चों को विद्यालय परिसर में हरित (ग्रीन) वातावरण बनाने के लिए प्रेरित किया गया।

चाइल्डलाइन तमिलनाडु की टीम ने कांचीपुरम जिले में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। इसी क्रम में, जिले में बच्चों द्वारा विद्यालय, गांव और घरों में १८५० पेड़ पौधे लगाए गए।

कांचीपुरम जिले में वृक्षारोपण कार्यक्रम

तेलंगाना

जिला स्तर पर बाल दिवस समारोह के रूप में, चाइल्डलाइन से दोस्ती का उद्घाटन जिला स्तर पर जिला अधिकारियों और राज्य

स्तर पर राज्य अधिकारियों द्वारा सी.एस.डी के पोस्टर का विमोचन करके किया गया ।

बच्चों के साथ जिलाधिकारी, खम्मम द्वारा सी.एस.डी पोस्टर का विमोचन

विशेष जरूरतमंद बच्चों के लिए कार्यक्रम

चाइल्डलाइन से दोस्ती समारोह के भाग के रूप में, चाइल्डलाइन तेलंगाना की टीम ने विशेष जरूरतमंद बच्चों के लिए विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया। अपनी विशेषज्ञता और कौशल को साबित करने के लिए विशेष जरूरतमंद बच्चों के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए चित्रकला (ड्राइंग) प्रतियोगिता, निबंध लेखन, भाषण और उपयुक्त खेल गतिविधियों जैसी विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथियों व अधिकारी ने विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए।

महबूबनगर जिले में आयोजित प्रतियोगिता के दौरान
विशेष जरूरतमंद वाले बच्चे

भद्राद्री कोठागुडेम और खम्मम जिलों के जिलाधिकारी ने चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह के अवसर पर बच्चों को संबोधित करते हुए सभी सरकारी, सहायता प्राप्त और निजी विद्यायलयों को जिले में बच्चों के संरक्षण और विकास से संबंधित संदेश पत्र लिखा। पत्र में लिखे गए संदेश १४ नवंबर, २०१९ को प्रार्थना के दौरान बच्चों को समझाया गया था।

केजीबीवी, महबूबनगर जिले के बच्चों द्वारा स्वच्छ विद्यालय पर पेंटिंग

ऑनलाइन सुरक्षा पर जागरूकता

चाइल्डलाइन से दोस्ती सप्ताह के दौरान चाइल्डलाइन तेलंगाना द्वारा विद्यालयों में बच्चों को बाल अधिकार, बाल संरक्षण और स्वच्छ विद्यालय के विषयों पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। शिक्षा, महिला एवं बाल विकास और पुलिस जैसे संबद्ध विभागों के भागीदार भी शामिल थे ।

टीम ने चित्रकला (ड्राइंग), भाषण, निबंध लेखन आदि प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया। विद्यालयों में जागरूकता कार्यक्रमों के दौरान बच्चों और भागीदारों ने चाइल्डलाइन की शपथ भी ली।

हौसला २०१९

चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन, २४ घंटे की आपतकालीन आउटरीच सेवा, महिला और बाल विकास मंत्रालय के सहयोग से आयोजित बच्चों और उनके अधिकारों के लिए "हौसला २०१९' नामक बाल संरक्षण संस्था (चाइल्ड केयर इंस्टीट्यूशन) उत्सव का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बाल संरक्षा, सुरक्षा और अधिकारों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से देश की राजधानी में १८ से २१ दिसंबर, २०१९ तक आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का लक्ष्य पूरे देश में बाल अधिकार के साक्षी बच्चों को एक साथ आने के लिए प्रोत्साहित करना और चार दिन के इस उत्सव में होने वाली विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों को सीखना, साझा करना, प्रतिस्पर्धा करना है।

हौसला कार्यक्रम का उद्घाटन

केक–कटिंग समारोह

कार्यक्रम की शुरुआत १८ दिसंबर, २०१९ को बच्चों के आगमन के साथ शुरू हुआ। माननीय राज्य मंत्री ने १९ दिसंबर, २०१९ को कार्यक्रम को संबोधित किया, जहां बच्चों के लिए शतरंज, चित्रकला और स्क्रैबल जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं की व्यवस्था की गई थी। खेल के उद्घाटन और कई स्पोर्ट्स मीट जिसमें विभिन्न प्रतिस्पर्धी खेल जैसे उच्च कूद, १०० मीटर लंबी कूद जैसे कुछ खेल २० दिसंबर, २०१९ को व्यवस्थित किए गए। हौसला २०१९ उत्सव कार्यक्रम २१ दिसंबर, २०१९ को समापन समारोह और पुरस्कार वितरण के साथ समाप्त हुआ।

केंद्रीय मंत्री श्रीमती स्मृति ईरानी "बाल पंचायत" हौंसला कार्यक्रम को संबोधित करती हुईं।

हौसला उत्सव पर सुश्री हर्लीन वालिया, उप निदेशक, चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन

गतिविधियों पर चर्चा के दौरान, चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक डॉ अंजय्या पंडिरी ने कहा कि "भाग लेने वाले बच्चों की संख्या को देखते हुए हम हौसला सप्ताह को लेकर बेहद उत्साहित हैं। बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके विकास और सुरक्षा को प्रोत्साहित करने में हम उनके लिए सर्वोत्तम प्रयास कर सकते हैं। हौसला सप्ताह बच्चों की अधिकतम संख्या तक पहुंचने और जागरूकता प्रसारित करने और लोगों तक पहुंचने में मदद करने का हमारा एक उपायों में से एक है।"

बच्चों के लिए जादू नाटक

हौसला उत्सव में फेस पेंटिंग

हौसला उत्सव में मैजिक शो

हौसला उत्सव में चाइल्डलाइन टीम

चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन के कार्यकारी निदेशक डॉ अंजय्या पंडिरी, चाइल्डलाइन टीम के साथ

- चार दिवसीय कार्यक्रम के दौरान बाल सरंक्षण (चाइल्ड केयर इंस्टीटयूशन) संस्थानों द्वारा बच्चों के लिए शतरंज, चित्रकला, स्क्रैबल और ऐसी अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों/प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।
- बच्चों ने माननीय मंत्री से बातचीत की ।
- देश भर में बाल सरंक्षण संस्थानों के ६०० से अधिक बच्चों ने हौसला सप्ताह, २०१९ के दौरान सीखने, साझा करने और प्रतिस्पर्धा करने में हिस्सा लिया ।

स्वच्छ भारत अभियान

उत्तर

जम्मु एवं कश्मीर

शासकीय माध्यमिक विद्यालय चक्क सज्जन, कठुआ, सरपंच पंचायत चक सोना नुपा में स्वच्छ भारत अभियान पर पौधरोपण अभियान चला गया।

१० अक्टूबर, २०१९ को चक सज्जन से खरोट, कठुआ तक स्वच्छ भारत अभियान पर एक रैली का आयोजन किया गया, जिसमें शासकीय माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

दिल्ली में स्वच्छ भारत अभियान (एस.बी.ए)

चंडीगढ़

रेलवे स्टेशन पर आयोजित स्वच्छ भारत अभियान

दिल्ली में स्वच्छ भारत अभियान (एस.बी.ए)

दिल्ली

"स्वच्छ भारत अभियान" के तहत चाइल्डलाइन दिल्ली ने बच्चों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण देना एवं उनके समुचित स्वास्थ्य और स्वच्छता को सुनिश्चित करने के लिए जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया। इस जागरूकता अभियान के तहत गतिविधियाँ न केवल बाहरी गंदगी से उत्पन्न समस्याओं के लिए थी बल्कि वे आंतरिक (मन) को साफ करने और बच्चों के लिए एक सुरक्षित स्थान बनाने के बारे मं भी था। चाइल्डलाइन ने संदेश के प्रचार–प्रसार के लिए और जागरूकता सृजन करने के लिए विभिन्न संचार विधियों/तकनीकों जैसे स्वच्छता अभियान, व्यक्तिगत और साम ान्य स्वच्छता किटों का वितरण, चित्रकला (ड्राइंग) प्रतियोगिताएं, रैलियां, नुक्कड़ नाटक आदि का भी आयोजन किया। कुल मिलाकर, पूरे दिल्ली में, जनवरी २०२० से मार्च २०२० तक तीन महीने की अवधि में इस तरह की ३१ गतिविधियों का आयोजन किया गया।

हरियाणा

फरीदाबाद

फरीदाबाद रेलवे स्टेशन में हस्ताक्षर अभियान में भाग लेते हुए आर.पी.एफ

पंजाब

अमृतसर

अमृतसर की रेलवे चाइल्डलाइन ने रेलवे स्टेशन, गुमतला बाईपास की झुग्गी बस्ती, अटारी सीमा, बोदवाल गांव और मोहकमपुर झुग्गी बस्तियों के लिए विभिन्न श्रेणियों जैसे बच्चे, झुग्गी बस्तियों के बच्चे, स्कूली बच्चे, मजदूर, कुली, सफाई वाले, यात्री, अधिकारी, रिक्शा चालक, कमजोर परिस्थितियों के बच्चे आदि के लोगों के लिए स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसका उद्देश्य बच्चों और अन्य लोगों के बीच ग्रीन सिटी, क्लीन सिटी, माय ड्रीम सिटी पर जागरूकता का बढ़ाना था।

अमृतसर में ग्रामिणों और बच्चों के साथ स्वच्छ भारत अभियान कार्यक्रम

लुधियाना

लुधियाना रेलवे स्टेशन पर आयोजित स्वच्छ भारत अभियान

राजस्थान

अजमेर

"स्वच्छ सोच व स्वच्छ व्यवहार बनाए स्वच्छ भारत" अभियान – शासकीय बालिकागृह (गर्ल्स शेल्टर होम) और रेलवे स्टेशन में स्वच्छता और स्वच्छ आदतों को बढ़ाने, कोविड–१९ के प्रति जागरूकता प्रसारित करने संबंधी जरूरतों को समझते हुए, चाइल्डलाइन अजमेर ने "स्वच्छ सोच व स्वच्छ व्यवहार बनाए स्वच्छ भारत" अभियान घोषणा की।

चाइल्डलाइन अज़मेर द्वारा स्वच्छ भारत अभियान

उत्तर प्रदेश

गोरखपुर

स्वच्छ भारत पखवाड़ा के तहत स्वच्छता किट का वितरण

रेलवे चाइल्डलाइन, गोरखपुर द्वारा २ अक्टूबर, २०१४ को विभिन्न कार्यक्रमों जैसे कठपुतली नाटक, रैलियां, स्वच्छता अभियान और रेलवे स्टेशनों पर स्वच्छता किट वितरण, पोस्टकार्ड बनाने की प्रतियोगिता आदि का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम लोगों के साथ–साथ बच्चों को स्वच्छता के महत्व, कूड़ेदान के इस्तेमाल, प्लास्टिक या

पॉलिथीन थैलों की की बेकारता, वृक्षारोपण के महत्व के साथ–साथ व्यक्तिगत स्वच्छता के बारे में जागरूक करना था। बच्चों को कठपुतली नर्तन के माध्यम से स्वच्छता के महत्व से अवगत कराया गया। पोस्टकार्ड लेखन के दौरान बच्चों ने स्वच्छता के अपने अभ्यास को दर्शाया और अपने विचार लिखे कि वे कहां बदलाव चाहते हैं और कैसे। आम जनता के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए रेलवे स्टेशन पर एक रैली का आयोजन किया गया। एकत्रित हुए बच्चों ने तख्तियां थामे और स्वच्छ भारत अभियान के नारे लगाए। बच्चों को स्वच्छता किट विरतण किया गया और बच्चों की मदद करने के लिए सफाई कर्मचारियों को उनके महत्वपूर्ण समर्थन के लिए सम्मानित किया गया।

उड़िसा

स्वच्छ भारत अभियान (एस.बी.ए) कार्याक्रम:

स्वच्छ भारत अभियान, उड़िसा

भुवनेश्वर, पुरी, बालासोर, कोरापुट, राउरकेला, कंधमाल, कालाहांडी, क्योंझर, गंजाम, गजपति, झारसुगुड़ा, रायगढ़, बलांगीर, कटक, ढेंकानाल व मलकानगिरी नाम के जिलों ने एस.बी.ए कार्यक्रमों का सफल संचालन किया गया। टीम के द्वारा समाज के लोगों और बच्चों के लिए रैली, प्रश्नोत्तरी, चित्रकला प्रतियोगिता, रंगोली प्रतियोगिता, सस्वर पाठ और जागरूकता कार्यक्रमों की व्यवस्था की गई। इन कार्यक्रमों में विभिन्न जिलों से आए हितधारक/साझेदार और जिला संबद्ध प्रणालियां, डी.एम, एडी.एम, एस.पी, पुलिस, डी.सी.पी.ओ, सी.डब्ल्यू.सी अध्यक्ष और सदस्य, जे.जे.बी सदस्य, चाइल्ड केयर संस्था के पर्यवेक्षक, शिक्षक, ए.डब्ल्यू.डब्ल्यू, आशा, डी.ई.ओ, डी.ए.एल.एस.ए के सचिव और अन्य लोग उपस्थित थे जिन्होंने अपने बहुमूल्य संदेश साझा किए।

झारखंड

स्वच्छ भारत अभियान, झारखंड

स्वच्छ भारत अभियान, झारखंड

झारखंड के विभिन्न जिलों जैसे धनबाद, पूर्वी सिंहभूम, खूंटी, चाईबासा, देवघर, रांची, बोकारो, गिरिडीह, गुमला, हजारीबाग, सिमडेगा, पलामू, पाकुड़, गोड्डा, गढ़वाईं में डी.सी, एस.एस.पी, एस.पी, डी.एस.डब्ल्यू.ओ, सी.डब्ल्यू.सी, डी.सी.पी.ओ व अन्य जिला प्रशासन की मौजूदगी के बीच दिसंबर, जनवरी, फरवरी व मार्च माह में स्वच्छ भारत अभियान चलाया गया। अभियान आंतरिक स्वच्छता (क्लीनलीनेस इनसाइड आउट) – स्वच्छ सोच और स्वच्छ व्यवहार बनाए स्वच्छ समाज, सुरक्षित देश पर केंद्रित था। इसका मुख्य उद्देश्य जागरूक करना, जागरूकता पैदा करना, जिम्मेदारी की भावना पैदा करना और सभी प्राप्तकर्ताओं के व्यवहार में बदलाव लाना है, जिसके परिणामस्वरूप एक स्वच्छ और सुरक्षित देश का निर्माण हो।

अभियान को कई गतिविधियों के साथ अभिकल्पित किया गया जिसमें समाज के मुख्य प्रभावकारी व्यक्तियों के ओपन हाउस सेंसिटीजेशन के दौरान आंतरिक स्वच्छता के प्रमुख विचार के

महत्व पर जागरूकता पैदा करने और बच्चों को शिक्षित करने के साथ-साथ बाल भागीदारी पर ध्यान देते हुए नुक्कड़ नाटक, फिल्में, प्रतियोगिताओं, कठपुतली नर्तन जैसे आउटरीच कार्यक्रम शामिल थे। टीम ने बच्चे, शिक्षक, विद्यालय के प्रधानाचार्य, जिला प्रशासन, बाल देखभाल संस्थान, रेलवे स्टेशन प्रशासन, संबंधित सेवाएं तथा सार्वजनिक स्थानों की सफाई एवं स्वच्छता तथा वृक्षारोपण और पर्यावरण हितैषी हेतु कचरे का निपटान से संबंधित अनेक गतिविधियाँ शामिल थीं।

पश्चिम बंगाल

चाइल्डलाइन सियालदह रेलवे द्वारा
सियालदह रेलवे स्टेशन पर बैनर का प्रदर्शन।

स्वच्छ भारत अभियान के तहत चाइल्डलाइन दक्षिण २४ परगना द्वारा
सी.सी.आई (नव दिगंता) में स्वच्छ भारत अभियान

असम

असम के हैलाकांडी, गुवाहाटी, बारपेटा, जोरहाट जिलों और गुवाहाटी रेलवे स्टेशन में स्वच्छ भारत अभियान आयोजित किया गया । एस.बी.ए आर.सी.एल गुवाहाटी के समापन समारोह में समाज कल्याण मंत्रालय, श्रीमती प्रमिला रानी ब्रम्हा, आयुक्त और असम सरकार के समाज कल्याण विभाग के सचिव सह सदस्य सचिव एस.सी.पी.एस, श्री रूपक कुमार मजूमदार, एस.सी.पी.सी.आर की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता चांगककोटी, ने भाग लिया। चं, श्रीमती पूरबी मजूमदार, सूचना आर्थिक अपराध ब्यूरो के संयुक्त एसपी ब्यूरो ।

एसबीए कार्यक्रमों में बच्चों के साथ राज्य के एसडब्ल्यूडी मंत्री

श्रीमती सुनीता चांगककोटी, अध्यक्ष एससीपीसीआर, आई. जी.पी.सी.आई.डी असम पुलिस, श्री सुरेंद्र कुमार (आईपीएस), श्रीमती अजंता शर्मा (एसीएस), उप श्रमायुक्त, असम और महिला विशेष प्रकोष्ठ (स्पेशल सेल फॉर वुमन) की श्रीमती गुलश्मी रेखा बोरहा ने गुवाहाटी, डी.सी.एल में एसबीए कार्यक्रम का उद्घाटन किया।

अध्यक्ष, ए.एस.सी.पी.सी.आर दीप प्रज्वलित करते हुए

अरुणांचल प्रदेश

अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता, कविता पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जागरूकता जैसे आयोजित किए गए।

नागालैंड

नगालैंड के कोहिमा में स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता, कविता पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जागरूकता आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए।

एसएबी मीटिंग के बाद नागालैंड का चाइल्डलाइन परिवार

सिक्किम

पूर्वी सिक्किम में स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन किया गया, जिसमें चित्रकला प्रतियोगिता, कविता पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जागरूकता आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए।

सांस्कृतिक कार्यक्रम, सिक्किम

मेघालय

श्री मेटाब लिंगदोह– माननीय अध्यक्ष, मेघालय विधान सभा (मुख्य अतिथि), श्रीमती. एम. खारकोंगोर– अध्यक्ष, राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग (सम्मानित अतिथि) के रूप में तथा राज्य बाल संरक्षण समिति की परियोजना प्रबंधक– श्रीमती आई. रैपथाप को शिलांग में एस.बी.ए प्रोग्राम के लिए आमंत्रित किया गया था।

स्वच्छ भारत अभियान के दौरान मेघालय विधानसभा के अध्यक्ष

मिज़ोरम

एस.बी.ए कार्यक्रम में वृक्षारोपण

२५ जनवरी, २०२० को, श्री शशांक (एस.पी मामित) ने स्वच्छ भारत के बारे में भाषण दिया और बच्चों के लिए एक क्विज़ का आयोजन भी किया। उनके भाषण देने के बाद, प्रतिभागी वृक्षारोपण के लिए दिनथर गए थे जिसे चाइल्डलाइन ने आयोजित किया था।

त्रिपुरा

स्वच्छ भारत अभियान का आयोजन त्रिपुरा और पूर्वी सिक्किम के धलाई में किया गया था। उन्होंने चित्रकला प्रतियोगिता, कविता पाठ, सांस्कृतिक कार्यक्रम, जागरूकता जैसे कार्यक्रम आयोजित किए थे।

एसबीए कार्यक्रमों में चाइल्डलाइन बेलोनिया

पश्चिम

दमन

बच्चों की देखभाल और सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए रेलवे के लिए एस.ओ.पी (मानक संचालन प्रक्रिया)

चित्रकला (ड्राइंग) प्रतियोगिता सरकारी मराठी माध्यम विद्यालय में आयोजित की गई थी, साथ ही बच्चों को ड्राइंग शीट, पेंसिल, शार्पनर, इरेज़र, स्केल और कलर्स जैसी ड्राइंग सामग्री भी बच्चों को प्रदान की गई क्योंकि उन्होंने कार्यक्रम में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बाद में, कक्षावार उत्कृष्ट चित्रकला के लिए पुरस्कार भी वितरित किया गया, साथ ही भाग लेने वाले सभी बच्चों के लिए सांत्वना भी प्रकट की। १०९८ और उसकी सेवाओं के बारे में जागरूकता पैदा की गई, साथ ही आत्म–स्वच्छता और स्वच्छ परिवेश के महत्व पर बल दिया गया था।

मिनी बस स्टैंड, टोकरखाड़ा के पीछे चॉल में एक सफाई अभियान चलाया गया था, जहाँ चाइल्डलाइन टीम ने उन्हें स्वच्छता के महत्व के बारे में, साथ ही कचरें को कूड़ेदान में फेंककर अपने आसपास के परिवेश की सफाई रखनें और नियमित अंतराल पर हाथ धोनें के बारे में बताया। इस अभ्यास के लिए उन्हें प्रोत्साहित करने के लिए, बच्चों को स्नैक्स और जलपान के साथ बच्चों को हैंड वॉश वितरित किए गए। साथ ही, टीम के सदस्यों ने उन्हें आत्म–स्वच्छता और स्वच्छता के महत्व के बारे में समझाया जो विभिन्न बीमारियों की रोकथाम में उनकी मदद कर सकता है। चाइल्डलाइन टीम ने उन्हें १०९८ के बारे में और उसकी सेवाओं के बारे में पैम्फलेट के माध्यम से समझाया।

गोवा

दक्षिण गोवा चाइल्डलाइन टीम ने डिकारपाले की एक झुग्गी में लड़कों के आश्रय गृह में ड्राइंग प्रस्तुति का आयोजन किया था। बच्चों को स्वच्छ विचार, स्वच्छ वाणी, स्वच्छ व्यवहार, साफ रवैया और यह भी कि आसपास के परिवेश को कैसे साफ रखें इस बारे में संक्षिप्त जानकारी दी गई। उन्हें उदाहरणों के माध्यम से बताया गया था कि अपने नकारात्मक विचारों और आचरण को किस तरह विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से साफ किया जा सकता है जिन्हें वे करना पसंद करते है। फिर उन्हें चित्र निकालने के लिए ४५ मिनट का समय निर्धारित किया गया था और इसके लिए उन्हें स्टेशनरी भी दी गई थी। चित्रकला निकालने के बाद, बच्चों ने टीम के सदस्यों के साथ एक एक्शन गीत गाने के लिए भाग लिया।

उन्होंने कोंकण रेलवे के सहयोग से बच्चों और युवा वयस्कों के शारीरिक शोषण, तस्करी, बाल श्रम और भीख मांगना आदि पर थिविम और करमाली रेलवे स्टेशनों पर एक नुक्कड़ नाटक किया।

गोवा के स्कूलों में स्वछता की गतिविधियाँ

गुजरात

आनंद

स्वच्छ भारत अभियान के तहत, चाइल्डलाइन ने महावीर स्लम क्षेत्र में "स्वच्छता और सफाई" कार्यक्रमों का आयोजन किया। हमने इस विषय पर सत्र लेते हुए उन्हें स्वच्छता के महत्व को समझने में मदद की हैं। चाइल्डलाइन टीम ने उनके साथ सभी व्यावहारिक कार्यों के द्वारा उचित स्नान करना, नाखून काटना, बाल धोना और बालों को तेल लगाना की गतिविधियों का आयोजन किया था। कार्यक्रम में नगरपालिका के वार्ड काउंसलर भी उपस्थित थे और उन्होंने बच्चों को स्वच्छता का संदेश भी दिया।

यात्रियों और आनंद रेलवे अधिकारियों को
स्वच्छता का महत्व समझाने के लिए स्ट्रीट प्ले का आयोजन,
आनंद गुजरात

गुजरात

गांधीनगर में एस.बी.ए चित्रकला प्रतियोगिताएं।

मध्य प्रदेश

बड़वानी

स्वच्छ भारत अभियान पर जागरूकता अभियान,
खजुराहो के छतरपुर जिले के स्थानीय पर्यटक गाइड के स्कूली बच्चों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

स्वच्छ भारत अभियान संबंधी जागरूकता अभियान स्कूली बच्चों के साथ संवादात्मक कार्यक्रम के माध्यम से आयोजित किया गया था।

स्वच्छ भारत अभियान पर जागरूकता अभियान

चाइल्डलाइन बड़वानी टीम द्वारा २७ जनवरी, २०२० को एक उच्च माध्यमिक विद्यालय में संयुक्त रूप से चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था। उसमंत बच्चों को "स्वच्छ बोली, स्वच्छ व्यवहार और स्वच्छ सोच' इस विषय पर चित्र बनाने के लिए कहा गया था। १०वीं कक्षा की एक छात्रा को उसकी चित्रकला के लिए प्रथम पुरस्कार दिया गया, जिसमें उसने गीला और सूखा कचरा अलग-अलग किस तरह रखा जाता है यह चित्रित किया था। इसी तरह, अच्छे विचारों को ध्यान में रखना चाहिए, और बुरे विचारों को नष्ट करना चाहिए। दूसरा स्थान प्राप्त करने वाले छात्र ने बताया कि जिस तरह से हम अपने आस-पास के परिवेश को साफ-सुथरा रखते हैं, उसी तरह हमें अपने दिमाग को भी साफ रखना चाहिए। स्वच्छ उद्धरण के लिए साफ मन का होना आवश्यक है, स्वच्छ विचार हमारे मन में आने चाहिए, तभी हम स्वच्छ भाषण दे सकेंगे। ९वीं कक्षा की एक छात्रा इसिका को तीसरा स्थान दिया गया, जिसने पर्यावरण स्वच्छ रखने का संदेश दिया जो महिलाओं की सुरक्षा से संबंधी है। अंत में प्रिंसिपल ने पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने अपने भाषण में कार्यक्रम के आयोजन के लिए तथा इसमें विद्यार्थियों के भाग लेने के लिए चाइल्डलाइन की सराहना की। साथ ही चाइल्डलाइन टीम ने धन्यवाद प्रस्ताव के साथ इस सत्र का समापन किया।

दक्षिण

आंध्र प्रदेश

डॉक्टर. एम हरी जवाहरलाल डिस्ट्रिक्ट कलेक्टर एवं मजिस्ट्रेट, विजयनगरम के द्वारा स्वच्छ भारत अभियान पोस्टर का अनावरण

कर्नाटक

स्वच्छ भारत अभियान के तहत, चाइल्डलाइन, बेंगलुरु शहरी, कोडागु, यादगिरी और रायचूर ने हर महीने ३ कार्यक्रमों की योजना बनाई है। सी.सी.आई या स्कूल के परिवेश की सफाई करना, बच्चों के विचारों, व्यवहार और कार्यों में स्वच्छता से संबंधित शिक्षा देने के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करना। समुदाय को स्वच्छता के बारे में शिक्षित करने के लिए विशेष खुला सत्र का आयोजन करना जिसमें सुरक्षित संबंध, ऑनलाइन सुरक्षा, नशीली दवाओं के दुरुपयोग, स्वास्थ्य एवं स्वच्छता संबंधी विषयों पर चर्चा करना।

एसबीए कार्यक्रम के परिणाम:

- सुरक्षित और स्वच्छ परिवेश के प्रति बच्चों और प्रमुख हितधारकों के बीच स्वामित्व और जिम्मेदारी को बढ़ाया।
- बच्चों के स्कूलों, आश्रय स्थलों, सार्वजनिक स्थानों, रेलवे स्टेशनों और घरों में और आस-पास के परिवेश में सफाई हुई, स्वच्छता और सुरक्षा मानकों में सुधार हुआ है।
- चाइल्डलाइन १०९८ टीम और हितधारकों के बीच शानदार तालमेल बनाना।
- अधिकारियों से समर्थन और सहयोग प्राप्त करना।

कोडागु में स्वच्छ भारत अभियान

कोडागू में एस.बी.ए अभियान में वृक्षारोपण

तेलंगाना

दक्षिण मध्य रेलवे के महाप्रबंधक श्री गजानन माल्या, ने सिकंदराबाद का दौरा किया और निजामाबाद रेलवे स्टेशन पर स्वछता कार्यक्रमों में शामिल हुए, बच्चों के साथ बातचीत की और क्विज़ प्रतियोगिता में विजेताओं को स्वेटर वितरित किए।

ताम्बरम, सी.एच.डी में एसबीए का दृश्यात्मक प्रकाशन

उत्तर

कोविड–१९ सर्वव्यापी महामारी

जम्मू और कश्मीर

पुंछ

लॉकडाउन के दौरान, पुलिस विभाग की मदद से चाइल्डलाइन पुंछ टीम ने कोविड–१९ से सुरक्षा के लिए स्लम बस्ती में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। पहले चरण में, चाइल्डलाइन पुंछ नेशनल डेवलपमेंट यूथ क्लब ने कोविड–१९ के बारे में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया और लोगों से घर पर रहने और इकट्ठा जमा होने से बचने के लिए अनुरोध किया। टीम ने प्रवासी मजदूरों के बीच सूखा राशन और अन्य खाद्य सामग्री का भी वितरण किया और किसी भी आपात स्थिति के लिए हेल्पलाइन नंबर १०९८ साझा किया। पुलिस विभाग के समन्वय से कार्यक्रम आयोजित किए गए। टीम ने सामाजिक दूरी के महत्व पर जोर दिया और "जान है तो जहान है" के बारे में बताया।

कार्यक्रम आयोजित करने के बाद, टीम को सामने कई मामलें आए और उनकी सहायता भी की गई। इसके अलावा, टीम ने बच्चों को मास्क भी वितरित किए। चाइल्डलाइन पुंछ नेशनल डेवलपमेंट यूथ क्लब द्वारा स्लम बस्ती में कोविड–१९ के बारे में एक विस्तारित कार्यक्रम आयोजित किया गया था, जिसमें घातक वायरस के बारे में जागरूकता फैलाने का काम किया गया। चाइल्डलाइन पुंछ टीम ने लोगों से अनुरोध किया कि वे अपने घरों से अनावश्यक रूप से बाहर न निकलें क्योंकि वायरस को देखा नहीं जा सकता है लेकिन यह किसी को भी संक्रमित कर सकता है। साथ ही टीम ने बच्चों को आहार–पोषण संबंधी सुझाव दिए और किसी भी आपातकालीन स्थिति के लिए माता–पिता को यह हेल्पलाइन नंबर १०९८ साझा किया।

दिल्ली



अपलम चपलम पहल

बाल दुर्व्यवहार के खिलाफ चाइल्डलाइन की पहल

शहरी भारत में परिवार देश भर के लॉकडाउन के कारण कई मुद्दों से जूझ रहे हैं। जहां वयस्क अपने परिवार की तात्कालिक बुनियादी जरूरतों को पूरा करने पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं, तो हमने सोचा कि यह उपयोगी साबित होगा कि बच्चों को सकारात्मक रूप से अपलम–चपलम पहल के माध्यम से जोड़ कर रखने में मदद होगी – यह एक ऐसी पहल है जो बच्चों को जिज्ञासु/ खोजी, रचनात्मक/ कल्पनाशील और तनावमुक्त बनाने के लिए मज़ेदार कहानियाँ प्रस्तुत करती है।

पंजाब

होशियारपुर

कोविड–१९ संकट के दौरान, चाइल्डलाइन होशियारपुर टीम ने कार्मेलाइट चैरिटेबल सोसाइटी (एन.जी.ओ) की सहायता से तथा जिला प्रशासन के सहयोग से अलग–अलग स्लम इलाकों और गांवों में किराने की चीजें, दवाइयां, पका हुआ खाना, दूध और सैनिटाइज़र वितरित किए।

चाइल्डलाइन होशियारपुर जागरूकता अभियान

चाइल्डलाइन की अपलक चपलम के साथ गतिविधियाँ

चाइल्डलाइन होशियारपुर मास्क, सैनिटाइज़र का वितरण करते हुए

उत्तर प्रदेश

ललितपुर

चाइल्डलाइन द्वारा जागरूकता गतिविधियाँ

इस गतिविधि का प्रमुख उद्देश्य लोगों और बच्चों को महामारी के बारे में जागरूक करना है। कोविड–१९ के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए राजवन गाँव में इन गतिविधियों का आयोजन किया गया है। ग्रामवासियों को अच्छी तरह से हाथ धोने, सामाजिक दूरी बनाए

रखने और अपनी नाक और मुंह को ढक कर रखने की आवश्यकता के बारे में समझाया गया। साथ ही हेल्पलाइन नंबर १०९८ के संबंध में निर्देश भी दिए गए थे। यह भी देखा गया है कि कुछ बच्चे और उनके परिवार लॉकडाउन के कारण बहुत बुरी स्थिति में थे। उनके घरों में उनके पास बहुत कम खाने योग्य सामग्री बची थी। उनके घरों में उनके पास बहुत कम खाना था।

लॉकडाउन चरण के दौरान बच्चों और उनके परिवारों की सहायता करें। १० परिवारों के ३४ बच्चों को राशन किट दी गई है क्योंकि उनके परिवार को लॉकडाउन में काफी परेशानी को झेलना पड़ा। इन परिवारों की आर्थिक स्थिति ज्यादा खराब थी और उन्हें भुखमरी की मार तक सामना करना पड़ा था।

चाइल्डलाइन अपने गतिविधियों के माध्यम से कोविड–१९ के बारे में जागरूकता फैलाते हुए

चाइल्डलाइन द्वारा कोविड–१९ के बारे में जागरूकता गतिविधियाँ

पूर्व

पश्चिम बंगाल

कोविड–१९ के अचानक हुए प्रकोप के दौरान, हमारी चाइल्डलाइन टीमें विभिन्न तरीके से लोगों तक पहुँचने और जागरुकता फैलाने, पोषणयुक्त आहार उपलब्ध करने, बच्चों और परिवारों के लिए पी.पी.ई किट सहायता, केस हस्तक्षेप, बच्चों के लिए ई.एस.जी सहायता इत्यादि काम करने में व्यस्त थीं।

पश्चिम बंगाल में पीपीई किट उपलब्ध कराते हुए चाइल्डलाइन

पश्चिम बंगाल में पोषणयुक्त आहार उपलब्ध कराते हुए चाइल्डलाइन

ओडिशा

राउरकेला रेल्वे स्टेशन पर चाइल्डलाइन ने राशन का वितरण किया

चाइल्डलाइन कटक और चाइल्डलाइन राउरकेला उनके ज़िलों में बेहतरीन काम कर रहे थे। चाइल्डलाइन कटक ने फुटपाथ पर

रह रहे लोगों, कटक रेल्वे स्टेशन में परिसर के बच्चों और उनके परिवारों के लिए तैयार भोजन उपलब्ध कराया। चाइल्डलाइन राउरकेला ने गरीब गांववासियों और बुजुर्गों के लिए सूखा खाना और राशन उपलब्ध कराया। उन्होंने राउरकेला रेल्वे स्टेशन पर बच्चों और उनके परिवार के सदस्यों के लिए सूखे भोजन के पैकेट का वितरण किया।

चाइल्डलाइन ने राशन उपलब्ध करा कर गरीब गांववासियों को मदद की

इम्फाल

मेघालय में लॉकडाउन के दौरान राशन वितरण

पश्चिम

मध्य प्रदेश

लॉकडाउन के दौरान, बुरहानपुर और खंडवा के चाइल्ड्लाइन टीम ने बच्चों को रचनात्मक ढंग से व्यस्त रखने के लिए एक नया विचार प्रस्तुत किया, ताकि वे अपने खाली समय का सार्थक ढंग से उपयोग कर सकें। पड़ोस के बच्चों से शुरुआत की, जो ओपन हाउस कार्यक्रमों और चिल्ड्रेन्स पार्लियामेंट के हिस्सा थे, चाइल्डलाइन टीम ने बच्चों को एक छोटा वीडियो बनाने के लिए कहा कि वे महामारी के बारे में क्या समझते हैं। टीम ने उन्हें कोविड–१९ के कारणों और सावधानियाँ बरतने के बारे में बताया और जागरूक भी किया। इसलिए हर दिन, बच्चों ने नई बातें सीखी और वायरस और इसके निवारक उपायों के बारे में बात करने के लिए स्वंय के विभिन्न वीडियो बना कर अपना ज्ञान साझा करने के लिए कहा गया। चाइल्डलाइन टीम ने प्रतियोगिता भी आयोजित की थी जिसमें बच्चों से चित्रकला, कविताएं और गायन गतिविधियाँ आदि के माध्यम से अपनी भावनाओं को प्रकट करने के लिए कहा गया था। जहाँ ३ स्थान तक के लिए पुरस्कार आवंटित किए थे जहां नकद राशि के रूप में पुरस्कार दिए गए थे। इस गतिविधि में, १० से १६ वर्ष के आयु के बच्चों ने भाग लिया था।

चाइल्डलाइन द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता, बुरहानपुर और खंडवा

चाइल्डलाइन द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता, खंडवा

मध्य प्रदेश में चाइल्डलाइन टीम ने पका हुआ खाना, राशन, पानी, ब्रेड और स्नैक्स की व्यवस्था करके निकट सहयोग के साथ काम किया। अभी तक, चाइल्डलाइन ३९ जिलों के १३५७ परिवारों तक पहुंच चुकी है। बुरहानपुर चाइल्डलाइन ने कोविड–१९ के कारणों और सावधानियों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए बच्चों के छोटे वीडियो तैयार किए। इस तरह के मामलें में हस्तक्षेप के दौरान टीम ने मास्क और हैंड सेनिटाइज़र का उपयोग किया और कोविड–१९ के बारे में सही और स्पष्ट जानकारी प्रदान करते समय हमेशा सावधानी बरती है।

मध्य प्रदेश की चाइल्डलाइन टीम राशन की व्यवस्था करते हुए।

गुजरात

दमण और दीव

भारत में, महामारी के कारण, १०० लोगों की जान चली गई और हजारों लोग अभी भी इस घातक वायरस से संक्रमित हैं। लॉकडाउन के कारण, कई लोगों को अपनी नौकरी गंवानी पड़ी जिसके परिणाम स्वरूप खाने के लिए कोई भोजन नहीं होता था। ये प्रवासी श्रमिक और गाँव देहात के परिवार से आते हैं। सार्वजनिक परिवहन बंद होने के कारण ये परिवार विभिन्न स्थानों में फंस गए। इस अवधि के दौरान चाइल्डलाइन के कॉल में ५० प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। गुमशुदा प्रकोष्ठ, गांधीनगर के पुलिस उपाधीक्षक ने मार्च २०२० में गुजरात के पुलिस अधीक्षक (एस.पी) और पुलिस आयुक्तों (सी.पी) को एक परिपत्र जारी किया था, ताकि लॉकडाउन अवधि के दौरान अपने कर्तव्यों का प्रभावी ढंग से निर्वहन करने और बाल देखभाल संस्था (सी.सी.आई) या बाल कल्याण समिति (सी.डब्ल्यू.सी) में बच्चों को ले जाने में सहायता प्रदान करने के लिए चाइल्डलाइन १०९८ को आवश्यक सेवाएं प्रदान की जा सके। परिपत्र में यह भी कहा गया है कि इस अवधि के दौरान स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से पुलिस और चाइल्डलाइन को बच्चों को आपातकालीन चिकित्सा उपचार उपलब्ध कराने और फिर उन्हें सी.डब्ल्यू.सी के समक्ष पेश करने की जरूरत है। जिला स्तर पर की सभी इकाइयों को चाइल्डलाइन १०९८ को २४द७ सहायता प्रदान करने की व्यवस्था करने को कहा गया है। इस परिपत्र ने चाइल्डलाइन को लॉकडाउन के दौरान बच्चों और उनके परिवारों की जरूरतों का प्रभावी ढंग से जवाब देने में मदद की है।

केंद्र शासित प्रदेशों में चाइल्डलाइन को कर्फ्यू पास मिले हैं। टीमों ने कोविड–१९ के बारे में जानकारी देने, बच्चों सहित परिवारों की काउंसलिंग करने, समुदायों को सामुदायिक रसोईघर से जोड़ने, खाद्य सामग्री की आपूर्ति करने और बच्चों और परिवारों के लिए स्वास्थ्यकर वस्तुओं (मास्क, हैंड वाश और सैनिटाइज़र) उपलब्ध करना। बच्चों के साथ २११८ परिवारों को पका हुआ भोजन या राशन किट, हैंड सैनिटाइजर और मास्क दिए गए। दमन टीम ने कलेक्टर को अपने घर कस्बों में जाने वाले प्रवासी मजदूर परिवारों की सूची बनाने में सहायता की थी, ताकि वे सुरक्षित रह सकें।

दमण और दीव में चाइल्डलाइन की गतिविधियाँ

दमन में चाइल्डलाइन की जागरूकता गतिविधि

सोशल मीडिया

समाज की सफाई का मतलब बाहरी धूल से नहीं है, यह हमारा दिमाग और हमारे आसपास के लोगों का दिमाग साफ करने के बारे में है। कोटा, राजस्थान में चाइल्डलाइन के स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत सम्माननीय लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला द्वारा की गई।

लाइक-८६, कमेंट-३ कमेंट, शेयर-२०

कला का प्रत्येक नमूना 'खोए बचपन' को दर्शाता है। अपनी आंखों से इस कहानी को सुनने के लिए आज काला घोड़ा आर्ट्स फेस्टीवल में हमें भेंट दीजिए। नॉलेज पार्टनर चाइल्डलाइन इंडिया के साथ रिफॉर्म मुंबई द्वारा शुरु की गई पहल

लाइक-९१, कमेंट- शेयर-२४

अच्छाई में देरी हो सकती है लेकिन इसे लॉक डाउन नहीं किया जा सकता। कोरोनावायरस के कारण हुए लॉकडाउन के बावजूद हमें कॉल्स प्राप्त हो रहे हैं और हम ज़रुरतमंद बच्चों को बचा रहे हैं। यदि आपको कोई परेशानी में फंसा बच्चा दिखे तो हमें १०९८ पर कॉल करें या ऑनलाइन रिपोर्ट करें

लाइक-२०२, कमेंट-२०, शेयर -९४



किसी की मदद करना बाद् के जीवन में एक लहर जैसे प्रभाव का कारण बन सकता है। चाइल्डलाइन् में स्वयंसेवा के ज़रिए एक बच्चे के जीवन के बदलाव का एक हिस्सा बनें। स्वयंसेवक बनने के लिए इस लिंक पर जाए:
https://www.childlineindia.org.in/volunteer-for-CHILDLINE...

लाइक-१२५, कमेंट-४, शेयर -५६

य.एन.सी.आर.सी की ३० वीं वर्षगांठ
(संयुक्त राष्ट्र बाल अधिकार कन्वेंशन)
केरल में चाइल्डलाइन इकाइयों द्वारा एक राज्यव्यापी आयोजन
'रन फॉर सेफ चाइल्डहुड' के माध्यम से जागरूकता
फैलाने के लिए बहुत उत्साह के साथ मनाय

लाइक– ८१

WCD के वेबसाइट पर चाइल्डलाइन१०९८

प्रकाशन



चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन की वार्षिक रिपोर्ट, २०१८–१९

चाइल्डनेट २०१८–१९

रेल्वे स्टेशनों के साथ संपर्क में बच्चों के लिए कार्यक्रम (पी.सी.सी.आर.एस) रिपोर्ट, २०१७–१८



चाइल्डलाइन से दोस्ती रिपोर्ट, २०१८–१९



प्रभाव रिपोर्ट, २०१८–१९

प्रचार डिज़ाइन



स्वच्छता भारत अभियान एक्शन प्लान क्रिएटिव्ज़



स्वच्छता भारत अभियान पोस्टर

स्वच्छता भारत अभियान लीफलेट

चाइल्डलाइन बस साइड पैनल



चाइल्डलाइन बस बैक पैनल

अवॉर्ड्स / पुरस्कार

चाइल्डलाइन नोडल द्वारा चाइल्डलाइन तमिलनाडू के लिए प्रशंसा प्रमाणपत्र प्रदान

गणतंत्र दिवस के मौके पर चाइल्डलाइन टीम द्वारा उत्कृष्ट सेवा और प्रदर्शन के लिए सम्माननीय ज़िला कलेक्टर और सम्माननीय पुलिस अधीक्षक द्वारा चाइल्डलाइन रतलाम का सम्मान किया गया।

South Central Railways

Guntakal Division

Certifcate of Apprecation

This is to Certified that Appreciation to Mr.M.Balaji Naik in Recognisation of your active involment and participation in CHILD LINE at Tirupathi Railway Station, Guntkal Division for your out standing services in Railway Child Help Desk on 2018

Thanking you for joing hands with us to create child friendly railway station

Tirupati
Guntakal Division

Divitional Railway Manager
Guntakal Division

डी.आर.एम.की ओर से सी.एच.डी.के–तिरुपति को प्रशंसा प्रमाणपत्र

मदुरई रेल्वे, सीएचडीके–ई.के.टी.ए द्वारा प्राप्त प्रशंसा प्रमाणपत्र

बाल अतिसंवेदनशीलता नक्शा

चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन ने "बाल अतिसंवेदनशीलता नक्शा' तैयार किया – एक ज़िलेवार नक्शा जिसमें संपूर्ण देश में बच्चों द्वारा सामना की जा रही समस्याओं को चित्रित किया गया, जिसे २४ जनवरी, २०१९ को बच्चों के लिए राष्ट्रीय कृति योजना के एक भाग के तहत महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा प्रकाशित किया गया।

ङ्बाल अतिसंवेदनशीलता नक्शाङ्क देश के कुल ६७८ ज़िलों में से ४०९ ज़िलों को कवर करता है। यह बाल विवाह, बाल तस्करी, गुमशुदा और घर से भागे बच्चों, बाल मजदूरी, नागरिक अशांति से प्रभावित बच्चे, बाल दुर्व्यवहार, स्कूल छोड़ना और कम साक्षरता दर, कुपोषण, भ्रूण हत्या, और एच.आई.वी प्रभावित बच्चे जैसे अरिक्षतताओं को अधोरेखित करता है।

ओडिशा, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड और महाराष्ट्र को नक्शे में बाल तस्करी प्रवण राज्यों के तौर पर प्रमुखता से दिखाया गया है, जबकि महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश और छत्तीसगढ़ कुपोषण से सबसे ज़्यादा प्रभावित हैं। बाल कुपोषण से निपटने के मामले में अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, नागालैंड और मिज़ोरम सहित उत्तर–पूर्वी राज्यों का प्रदर्शन खराब रहा है



संसाधन एकत्रीकरण

संसाधन एकत्रीकरण टीम द्वारा वित्तीय वर्ष २०१९–२० में रुपए २ करोड़ से ज़्यादा निधि एकत्रित की गई, भारत सरकार के अनुदान के अतिरिक्त जो सी.आई.एफ को बाल संरक्षण सेवा योजना (पूर्व एकीकृत बाल संरक्षण योजना) के अंतर्गत प्राप्त होता है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के अलावा अन्य प्रमुख दानकर्ता/भागीदारों में शामिल हैं यूनिसेफ, अज़ीम प्रेमजी फिलांथ्रॉपिक इनिशिएटीव्स एवं सत्व।

संसाधन एकत्रीकरण भी बढ़कर ९–सदस्यीय टीम बन गई है। संस्थागत, कॉर्पोरेट, कार्यक्रम चैनल एवं अनुदान लेखक के लिए कर्मचारियों को भर्ती किया गया था। संचार प्रमुख एवं एक संचार विशेषज्ञ को भी भर्ती किया गया था। निधि उभारने के अंतर्गत भूमिकाएँ जिनके लिए भर्ती अब भी जारी है उनमें शामिल हैं डिजिटल एवं एच.एन.आई अनुदान संचयन ।

१). संस्थागत भागीदारियाँ

क) यूनिसेफ (UNICEF)

चाइल्डलाइन नॉलेज हब को मज़बूत करने के लिए रु. ७५.६९ लाख के अनुदान के साथ चाइल्डलाइन को सहायता प्रदान की। इस भागीदारी के ज़रिए सी.आए.फ ने बाल संरक्षण में जुड़े सी.आए.फ और चाइल्डलाइन के भागीदार कर्मचारियों के बीच ज्ञान और कौशल में कमी का पता लगाने के लिए प्रशिक्षण आवश्यकताओं का निर्धारण किया, और इसके बाद सी.आई.एफ के भीतर ही मास्टर ट्रेनर्स (एम. टी) की एक मूल टीम का निर्माण करने के लिए मास्टर ट्रेनर्स के प्रशिक्षण (टी.ओ.ओ.एम.टी) की व्यवस्था की। सी.आई.एफ संपर्क केंद्र ऑपरेटरों और चाइल्डलाइन भागीदारों के कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण योजना को अंतिम रुप देने की प्रक्रिया में है जिसे अगले वित्तीय वर्ष में शुरु किया जाना है, जिसके लिए सहायता करने हेतु सैद्धांतिक रुप से यूनिसेफ ने सहमति दर्शाई है।

ख). अज़ीम प्रेमजी फिलांथ्रॉपिक इनिशिएटीव्स (ए.पी.पी.आई)

जिन्होंने रेल्वे स्टेशनों के साथ संपर्क में बच्चों के लिए कार्यक्रम (पी.सी.सी.आर.एस) की सहायता के लिए ६ साल की अवधि के लिए (२०२३ तक) रु. ३० करोड़ संकल्पित किया था, इस वित्त वर्ष रु. ७८.१९ लाख रुपए का अनुदान जारी किया। इसके परिणाम स्वरुप सी.आई.एफ इस कार्यक्रम का विस्तार एक और रेल्वे स्टेशन तक यानि वाराणसी (उत्तर प्रदेश) तक कर सकी, जिसकी वजह से पी.सी.सी.आर.एस स्टेशनों की संख्या ७ तक पहुँच गई है। इसके अलावा ए.पी.पी.आई ने सी.आई.एफ को उसके संगठनात्मक विकास और संसाधन एकत्रीकरण टीम के विस्तार हेतु ५ वर्ष की अवधि के लिए रु. २०.८ करोड़ भी संकल्पित किए थे।

ग). सत्व ने दो वर्ष से ज़्यादा की भागीदारी, जो फरवरी २०२० में समाप्त हुई, में सी.आई.एफ को उसके संगठनात्मक विकास रणनीति को परिभाषित और शुरु करने में सहायता प्रदान की।

२). कॉर्पोरेट दानकर्ता

एस.बी.आई कैप्स ने बाल देखभाल संस्थानों के नवीनीकरण के लिए सी.आई.एफ को रु. २४.७१ लाख का विचाराधीन अनुदान जारी किया।

३) कार्यक्रम

सी.आई.एफ ने टाटा मुंबई मैरथॉन के दौरान रु. १४.०७ लाख निधि एकत्रित करने के लिए यूनायटेड वे के साथ भागीदारी की। इस निधि में से ५०% से ज़्यादा सनोफी इंडिया लिमिटेड द्वारा एकत्रित की गई थी जो एक कॉर्पोरेट भागीदार के तौर पर जुड़ी। ६ व्यक्तिगत चैम्पियंस (जिन्होंने कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया) ने सी.आई.एफ को कैम्पेन पेज तैयार कर सहायता प्रदान की जिसके ज़रिए रु. ५.४२ लाख एकत्रित किए गए।

४) डिजिटल

सी.आई.एफ ने कुल ५,४५९ व्यक्तिगत दानकर्ताओं से ऑनलाइन डोनेशन के ज़रिए रु. १४.१९ लाख की राशि एकत्रित की। वेबसाइट में भी कुछ बदलाव किए गए ताकि प्रस्तावित दानकर्ता वेबसाइट के ज़रिए सीधे दान कर सकें और इसके साथ ही साइट पर विशिष्ट अनुदान संचयन के लिए अभियान चलाए जा सकें। कुल ऑनलाइन डोनेशन में से रु. ४.८ लाख सी.आई.एफ वेबसाइट के ज़रिए प्राप्त हुए। इसके अलावा कोविड–१९ के मंडराते खतरे को ध्यान में रखते हुए मार्च के अंत में सी.आई.एफ ने कोविड–१९ की उसकी प्रतिक्रिया में सहायता के लिए धन एकत्रित करने हेतु वेबसाइट पर अनुदान संचयन अभियान तैयार किया।

५) स्कूल कार्यक्रम

सी.आई.एफ ने देश के ९ शहरों की १०४ स्कूलों में ३५,००० छात्रों के साथ जुड़ते हुए उन्हें बाल अधिकारों और चाइल्डलाइन १०९८ सेवाओं के बारे में परिचय कराया। इसके साथ ही सी.आई.एफ ने स्कूली कार्यक्रमों के ज़रिए दान के रुप में रु. २१.३९ लाख एकत्रित किए।

रेल्वे स्टेशनों के साथ संपर्क में बच्चों के लिए कार्यक्रम

अज़ीम प्रेमजी फिलांथ्रॉपिक इनिशिएटीव्स (ए.पी.पी.आई) द्वारा समर्थित

जनवरी २०१६ में, अज़ीम प्रेमजी फिलांथ्रॉपिक इनिशिएटीव्स (ए.पी.पी.आई) ने चाइल्डलाइन गतिविधियों को सशक्त करने के लिए चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन की गतिविधियों में सहायता करने की उनकी इच्छा व्यक्त की। सहायता की व्यापकता सबसे ज़्यादा असुरक्षित बच्चों के लिए रोकथाम से लेकर लंबी अवधि के पुनर्वसन सेवाओं तक और चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन को सशक्त करने के लिए थी।

संपूर्ण भारत में २० रेल्वे स्टेशनों पर गतिविधियों को सहायता करने के लिए ए.पी.पी.आई ने प्रतिबद्धता दर्शाई जिसमें से चरणबद्ध तरीके से ७ के लिए सहायता दी जा चुकी है।

२०१७ में पहले हावड़ा और चेन्नई स्टेशनों में और उसके बाद ५ स्टेशनों के लिए सहायता उपलब्ध कराई गई जिसमें शामिल हैं पुरानी दिल्ली, पटना, बेंगलुरु, वाराणसी और सी.एस.एम.टी। इस कार्यक्रम की शुरुआत से लेकर ३० अप्रैल, २०२० तक टीमों ने ऐसे १५,३७१ बच्चों तक पहुँच कर उन्हें बचाने का कार्य किया है जिन्हें देखभाल और संरक्षण की ज़रुरत थी। साल दर साल हमारी कार्यक्रम और रणनीतियों ने हमारी पहुँच में विस्तार किया है, उदाहरण के तौर पर २०१७–१८ =१६२१, २०१८–१९ = ६३२४, २०१९–२०२० = ७४२६ (मार्च ३१, २०२० तक संचयी रुप से =१५,३७१ बच्चों तक पहुँचा गया)

२०१९–२०२० में ७ स्टेशन स्तर के भागीदारों के साथ निम्नलिखित गतिविधियों ने हितधारकों के साथ बच्चों के बचाव कार्य में सहायता को सुगम बनाया:

- आर.पी.एफ/जी.आर.पी.एफ अधिकारियों को संवेदनशील करना और प्रशिक्षित करना
- रेल्वे कमर्शियल स्टाफ का प्रशिक्षण एवं उन्हें संवेदनशील करना
- वरिष्ठ रेल्वे अधिकारियों के साथ नियमित बाल सहायता समूह बैठकें आयोजित करना
- यात्रियों के साथ बाल सुरक्षा जाल के बारे में जागरुकता निर्माण करना इत्यादि
- बाल दिवस गतिविधियाँ और अन्य कार्यक्रम आयोजित करना

यह कार्यक्रम विशिष्ट रुप से उन बच्चों के लिए है जिन्हें रेल्वे स्टेशनों के पास स्थित आधुनिक – खुले आश्रय गृहों के ज़रिए अस्थायी आश्रय की ज़रुरत है। नशीले पदार्थ के सेवन और नशामुक्ति सेवाओं के ज़रुरतमंद बच्चों के लिए सहायता उपलब्ध कराना और समाज में बच्चों के सामाजिक समावेश हेतु प्रोत्साहन के लिए सहायता प्रदान कराना।

साल २०१९–२०२० के दौरान, पी.सी.सी.आर.एस टीम देखभाल और संरक्षण के ज़रुरतमंद ७४२६ बच्चों तक पहुँच सकी। निम्नलिखित ग्राफ २०१९–२०२० में पी.सी.सी.आर.एस की प्रगति का स्पष्ट चित्रण करता है।

वार्षिक २०१९–२०



वित्तीय संक्षिप्त विवरण

वित्तीय विहंगावलोकन

वित्तीय वर्ष २०१९–२० का ग्राफिकल अवलोकन

कुल सरकारी अनुदान: रु.११९४४ लाख



सीआईएफ आय का विश्लेषण

कुल प्राप्तियां : रु.३४७० लाख



सीआईएफ खर्चों का विश्लेषण

कुल खर्च: रु ३६४४ लाख



अकाउंट्स के संबंध में एक ऑडिटर की रिपोर्ट
द बॉम्बे पब्लिक ट्रस्ट्स एक्ट की धारा ३३ एवं ३४ की
उप–धारा (२) और नियम १९ के तहत ऑडिट की गयी.

पंजीकृत क्रमांक: एफ– २१७४३ (बॉम्बे)
पब्लिक ट्रस्ट का नाम: चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन
३१, मार्च, २०२० को समाप्त होने वाले वर्ष के लिए

a)	क्या नियमित रूप से खातों को अधिनियम एवं नियमों के प्रावधानों के अनुसार संशोधित किया जाता है;	हाँ
b)	क्या प्राप्त की गई राशि और वितरण सत्यता के साथ खातों में दर्शाए गए हैं;	हाँ
c)	क्या शेष नकद और वाउचर्स मैनेजर (प्रबंधक) या ट्रस्टी ऑडिट की तिथि पर अकाउंट्स के साथ अनुबंध में थे;	हाँ
d)	क्या ऑडिटर द्वारा मांगे गए सभी बुक्स, डीड्स, अकाउंट्स, वाउचर्स या अन्य दस्तावेज या रिकार्ड्स उनके सामने पेश किए गए थे;	हाँ
e)	क्या चल और अचल संपत्तियों का एक रजिस्टर ठीक से बनाए रखा जाता है, उसमें समय–समय पर क्षेत्रीय कार्यालय में होने वाले बदलावों और पिछली ऑडिट रिपोर्ट में उल्लिखित दोषों और अशुद्धियों का विधिवत अनुपालन किया गया है;	हाँ
f)	क्या मैनेजर या ट्रस्टी या किसी अन्य व्यक्ति को ऑडिटर के सामने पेश किया गया और उनके द्वारा माँगी गयी आवश्यक जानकारी को उनके सामने प्रस्तुत किया गया;	हाँ
g)	ट्रस्ट की किसी भी संपत्ति या धन को ट्रस्ट के प्रायोजन या उद्देश्य के अलावा किसी अन्य प्रायोजन या उद्देश्य के लिए लागू किया गया था;	नहीं
h)	एक वर्ष से अधिक समय के लिए बकाया राशि या लिखी गयी राशि, यदि कोई हो;	लागू नहीं
i)	क्या मरम्मत के लिए निविदाएं (टेंडर) आमंत्रित किए गए थे या निर्माण कार्य में रु. ५००० से अधिक का खर्च शामिल है;	हाँ
j)	क्या सार्वजनिक ट्रस्ट के किसी भी पैसे को धारा ३५ के प्रावधानों के विपरीत निवेश किया गया है;	नहीं
k)	अलगाव, यदि कोई है, तो धारा ३६ के प्रावधानों के विपरीत अचल संपत्ति जो ऑडिटर के ध्यान में आई है;	लागू नहीं
l)	अनियमित, अवैध या अनुचित व्यय के सभी मामले, या धनराशि को पुनर्प्राप्त करने में विफलता या चूक सार्वजनिक ट्रस्ट से संबंधित या अन्य संपत्ति या धन या अन्य संपत्ति की हानि या बर्बादी, और क्या इस तरह के खर्च, विफलता, चूक, नुकसान या बर्बादी, विश्वास के उल्लंघन या गलत व्यवहार या ट्रस्टियों की ओर से किसी अन्य कदाचार या ट्रस्ट के प्रबंधन में रहते हुए किसी अन्य व्यक्ति के परिणामस्वरूप हुई थी;	कोई नहीं
m)	नियम १६ए द्वारा प्रदान किए गए फॉर्म में बजट भरा गया था;	नहीं
n)	क्या ट्रस्टियों की अधिकतम और न्यूनतम संख्या को बनाए रखा गया है;	हाँ
o)	क्या बैठके (मीटिंग) प्रदान किए गए पत्र के अनुसार आयोजित की जाती है;	हाँ
p)	क्या बैठक (मीटिंग) की कार्यवाही की मिनट बुक्स को अद्यतन किया जाता है;	हाँ
q)	क्या ट्रस्ट के किसी भे निवेश में ट्रस्टी को कोई रूचि है;	नहीं
r)	ट्रस्टियों में से कोई भी ट्रस्ट का कर्जदार या लेनदार है;	नहीं
s)	क्या पिछले वर्ष के अकाउंट्स में ऑडिटर्स द्वारा की गयी अनियमितताओं का ऑडिट के दौरान ट्रस्टियों द्वारा विधिवत रूप से अनुपालन किया गया है;	लागू नहीं
t)	कोई ख़ास विषय जिस पर ऑडिटर को लगा कि डिप्टी या असिस्टेंट चैरिटी कमिश्नर के ध्यान में लाना आवश्यक है;	अ) फाउंडेशन की लेखा–परीक्षा कोविड–१९ महामारी के कारण जारी लॉकडाउन प्रतिबंधों के चलते असामान्य परिस्थितियों में दूर से संचालित की गई। टेलीफ़ोन/ ईमेल के ज़रिए चर्चा के साथ दस्तावेज़ीकरण तथा अन्य आवश्यकताएँ पूरी की गईं एवं उन गोपनीय आंकड़ों पर कुछ प्रतिबंध लगाए गए जिन्हें दूर से प्रदान करना असंभव था। हमने इन मामलों के संबंध में हमारी लेखा–परीक्षा राय जारी करने के लिए प्रासंगिक वैकल्पिक प्रक्रियाएं अपना ली थीं। इन मामलों के संबंध में हमारी राय में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। ल) हमारी टिप्पणियां, यदि वित्तीय विवरणों में कोई कथित है, हमारी रिपोर्ट का एक अभिन्न अंग है।

सामान तिथि की सलंग्न रिपोर्ट के अनुसार
चंदभोय और जसूभोय के लिए
चार्टेड अकाउंटेंट
फर्म पंजीकरण संख्या १०१६४७डब्ल्यू

अम्बेश दवे
भागीदार
सदस्यता संख्या ०४९२८९
यू डी आई एन: २१०४९२८९AAAAAF९३७६

स्थान: मुंबई
दिनांक : १५ जनवरी, २०२१

बॉम्बे पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, १९५०
अनुसूची खद उ
(नियम ३२)

वर्ष समाप्ति के लिए देने वाली आय के योगदान का विवरण: ३१ मार्च, २०२०
पब्लिक ट्रस्ट (लोक न्यास) का नाम: चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन
पंजीकृत क्रमांक: एफ– २१७४३ (बॉम्बे)

		रु	रु	रु
I.	आय और व्यय खाते में दर्शाई गई आय			
	(अनुसूची खद) में दान शामिल हैं (अनुसूची ए') और सकल राशि पर लिया गया फंड रेसिंग इवेंट (अनुसूची ऋ)			**३४,७०,३८,२१८**
II.	धारा ५८ और नियम ३२ के तहत दान की चीजें प्रभार्य नहीं है		–	
(i)	अन्य पब्लिक ट्रस्ट और धर्मादास से प्राप्त दान		**२,१८,४३०**	
(ii)	सरकार और स्थानीय अधिकारियों से प्राप्त अनुदान			
	भारत सरकार से प्राप्त अनुदान – स्वच्छ भारत के तहत	१,११,८०,५४५		
	भारत सरकार से प्राप्त अनुदान – आईसीपीएस के तहत	२४,२४,६६,५१६	**२५,३६,४७,०६१**	
(iii)	निक्षेप और मूल्यह्रास (डेप्रिसिएशन) फंड पर ब्याज :		–	
(iv)	धर्मनिरपेक्ष शिक्षा के उद्देश्य से खर्च की गई राशि :		–	
(v)	चिकित्सा राहत के उद्देश्य से खर्च की गई राशि		**१,००,०००**	
(vi)	पशुओं के पशु चिकित्सा के उद्देश्य से खर्च की गई राशि		–	
(vii)	संकट, सूखा, बाढ़, आग या अन्य प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाली परेशानी से राहत के लिए दान से किया गया खर्च		–	
(viii)	कृषि कार्यों के लिए उपयोग की जाने वाली भूमि से होने वाली आय में से कटौती:			
	(२) भूमि राजस्व (लैंड रीवेन्यू) और स्थानीय निधी उपकर (लोकल फंड सेस) :		–	
	(ल) वरिष्ठ मकान मालिक को देय किराया :		–	
	(ल) उत्पादन की लागत, अगर ट्रस्ट द्वारा भूमि की खेती की जाती है :		–	
(ix)	गैर–कृषि उद्देश्यों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली भूमि की आय से कटौती:			
	(२) मूल्यांकन, उपकर और अन्य सरकारी या नगर निगम कर		–	
	(ल) वरिष्ठ मालिक को डे जमीन का किराया		–	
	(ल) बीमा प्रीमियम		–	
	(व) बिल्डिंग के समुच्चय किराए के १० प्रतिशत पर मरम्मत		–	
	(श) किराए पर दी गयी बिल्डिंग के सकल किराए का ४ प्रतिशत संग्रह की लागत		–	
(x)	इस तरह की आय का १ प्रतिशत प्रतिभूतियों, स्टॉक आदि से आय या प्राप्तियों के संग्रह की लागत		–	
(xi)	अनुमानित सकल किराए के १० प्रतिशत किराए पर और बिना आय अर्जित करने वाले भवनों के संबंध में मरम्मत के कारण कटौती		–	
				२५,३९,६५,४९१
	सकल वार्षिक आय योगदान के लिए प्रभार्य रु.			**९,३०,७२,७२७**

यह प्रमाणित किया जाता है कि उपरोक्त अनुसूची के तहत स्वीकार्य कटौती का दावा करते हुए, अनुसूची में उल्लिखित किसी भी वस्तु के खिलाफ, जिसमें दोहरे कटौती का प्रभाव है, पर ट्रस्ट ने दो बार संपूर्ण रूप से या आंशिक रूप से किसी भी राशि का दावा नहीं किया है.

चंदभोय और जसूभोय के लिए
चार्टेड अकाउंटेंट
फर्म पंजीकरण संख्या १०१६४७डब्ल्यू

अम्बेश दवे
भागीदार
सदस्यता संख्या . ०४९२८९

दिनांक: 15 JAN 2021

ट्रस्ट का पता:
चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन
११०१, रतन सेंट्रल, ११वीं मंजिल,
डॉ. बी. अम्बेडकर रोड, परेल,
मुंबई– ४०० ०१२

संचालक मंडल के लिए और की ओर से
दिनांक: 15 JAN 2021

बॉम्बे पब्लिक ट्रस्ट अधिनियम, १९५०
अनुसूची – **VIII**
(नियम १७(१))

पब्लिक ट्रस्ट (लोक न्यास) का नाम: चाइल्डलाइन इंडिया फाउंडेशन
बैलेंस शीट ३१ मार्च, २०२० के अनुसार

(रुपयों में)
पंजीकृत क्रमांक: एफ– २१७४३ (बॉम्बे)

फंड्स और दायित्व	३१ मार्च, २०२० तक	३१ मार्च, २०१९ तक	संपत्तियां और परिसंपत्तियां	३१ मार्च, २०२० तक	३१ मार्च, २०१८ तक
ट्रस्ट फंड या कॉर्पस			**अचल संपत्तियां**		
पिछली बैलेंस शीट के अनुसार बैलेंस	७१,६९,६१३	७१,५५,११३	पिछली बैलेंस शीट के अनुसार बैलेंस	–	–
वर्ष के दौरान समायोजन	–	–	वर्ष के दौरान परिवर्धन (एडिशन)	–	–
जोड़ें– वर्ष के दौरान प्राप्त हुआ कॉर्पस दान	१४,०००	१४,५००	घटाएं– वर्ष के दौरान सेल्स	–	–
	७१,८३,६१३	**७१,६९,६१३**	वर्ष के लिए मूल्यह्रास (डेप्रिसिएशन)	–	–
				–	–
आवंटित किया गया धन					
मूल्यह्रास (डेप्रिसिएशन) फंड	–	–			
निक्षेप (सिंकिंग) फंड	–	–	**निवेश**		
आरक्षित फंड	–	–	जीओआई ८% सेविंग्स (कर योग्य) बांड्स २००३	–	–
अन्य आवंटित फंड्स					
सरकार (अनुसूची ए')	१३,२०,६२,३८८	२२,२७,०९,०७५			
अन्य (अनुसूची बी')	९,२४,६८,४४८	७,९९,१२,८२१			
	२२,४५,३०,८३६	**३०,२६,२१,८९६**	**अचल परिसंपत्तियां**		
			(अनुसूची सी')		
सीआईएफ़ कर्मचारी कल्याण कोष			पिछली बैलेंस शीट के अनुसार बैलेंस	३६,५०,४४५	३३,६७,९३५
पिछली बैलेंस शीट के अनुसार बैलेंस	३९,५७,०७४	३८,२७,१८८	वर्ष के दौरान परिवर्धन (एडिशन)	९,००,६५४	१२,२८,२७५
जोड़ें: वर्ष के दौरान	–	–	घटाएं: वर्ष के दौरान निपटान/समायोजन	–	–
जोड़ें: एफडी पर ब्याज	१,३४,९७९	१,२९,८८६	घटाएं: वर्ष के लिए मूल्यह्रास	१०,१४,७०६	९,४५,७६७
घटाएं: वर्ष के दौरान उपयोग किया गया	–	–		**३५,३६,३९३**	**३६,५०,४४३**
	४०,९२,०५३	**३९,५७,०७४**			
दायित्व			**लोन (ऋण) (सुरक्षित या असुरक्षित)**		
व्यय के लिए (#)	५,३४,१३,६३६	१,९६,४३,२०३	लोन विद्वत्ता	–	–
ऋणदाताओं के लिए	१,४७,७०,७००	–	अन्य लोन	–	–
वर्कशॉप के लिए अग्रिम राशि	४,४२,०९९	४,४२,०९९			
देय टीडीएस / पेशेवर कर के लिए	२५,७२,५४२	२०,९५,६१४	**अग्रिम**		
ब्लॉक अनुदान के लिए	३,६४,८७,४११	२४,२२,२८,४००	ट्रस्टियों को	–	–
पुराने चेक दायित्व के लिए	४,११,१२५	३३७,८२८	कर्मचारियों को (*)	३,६७,७०८	१,१२,२२७
	१०,८०,९७,५१३	**२६,४७,४७,१४४**	ठेकेदारों को	–	–
			वकीलों को	–	–

आय व व्यय खाता			अन्य/जमा राशि को/अग्रिम ( )	३,१६,६६,०६५	१०,५८२,८८१
पिछली बैलेंस शीट के अनुसार बैलेंस	८,३९,७१,५११	८,६६,१२,४३८	प्राप्त टीडीएस को	–	–
घटाएं: सीआईएफ़ स्टाफ वेलफेयर फंड का हस्तान्तरण	–	–	अन्य प्राप्तियां (ऽ)	२,४२,७८,७०१	८,९४,६८९
जोड़ें: वर्ष के लिए अधिशेष	(१,७३,८६,६३८)	(२६,४०,९२७)	**वसूल किया गया आयकर**	३०,८२,३३६	२८,३९,२६३
	६,६५,८४,८७२	**८,३९,७१,५११**		**५,९३,९४,८१०**	**१४,४२९,०६०**
			बकाया आय		
			अर्जित ब्याज	२९,७१,४३५	२१,१७,१९५
			पूर्वादात (प्रीपेड) खर्चे	११,१८,५५०	११,६५,८१०
				४०,८९,९८५	**३२,८३,००५**
			नकद और बैंक बैलेंस		
			अ) चालू खाते में (अनुसूची डी')	१४,४४,९२,६०१	४४,३८,००,९०७
			इ) बचत खाते में (अनुसूची डी')	७,२२,५२,४४६	६,०८,७३,७००
			उ) सावधि जमा खाते में (अनुसूची डी')	१२,६६,९१,५१०	१३,६३,४५,१९६
			ऊ) कैश इन हैंड (अनुसूची डी')	३१,१४३	८४,९२७
